सुप्रभात

रांची, शनिवार

04.02.2023

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

* नगर संस्करण । पेज : 12

epaper.khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 202



12 मोदी फिर बने दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता

## न्यूज डायरी

### लातेहार में महिला की गला रेत कर हत्या

**लातेहार।** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत मासीयातू गांव में बदमाशों ने सुनीता देवी की गला रेत कर हत्या कर दी। महिला का शव उसके घर में स्थित दुकान में मिला है। बदमाशों ने लूट के इरादे से वारदात को अंजाम दिया है। बताया जाता है कि सुनीता देवी के पति प्रमोद कुमार गुप्ता की दुकान घर के पास ही है। पति के घर से बाहर जाने पर महिला ही दुकान का संचालन करती थी। महिला के परिजन सुरेश प्रसाद ने बताया कि गुरुवार को प्रमोद गुप्ता बाजार करने गांव से बाहर गये थे। देर रात वापस लौटे और पत्नी को आवाज दी तो कोई जवाब नहीं मिला। जब वह घर के अंदर गए तो पाया कि उनकी पत्नी लहूलुहान हालत में जमीन पर गिरी हुई है।

### कोडरमा में मारपीट कर तीन लाख लूटे

**मरकच्चो।** नवलशाही थाना के कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित कानीकेंद चंचाल गेट के समीप गिरिडीह के धनवार बाजार के व्यवसाय के साथ अज्ञात सड़क लुटेरों ने मारपीट कर करीब तीन लाख रुपये लूट लिये। व्यवसाई बासुदेव साव के पुत्र सतीश कुमार डोमचांच से बकाये की वसूली कर लौट रहे थे। कानीकेंद जंगल के पास छह अपराधियों ने उन्हें बीच सड़क पर रोक लिया। हथियार से वार कर जख्मी कर दिया तथा डिक्की एवं बैग में रखे हुए लगभग तीन लाख रुपए छीन कर भाग गये।

### मोमबत्ती से लगी आग नशे में महिला जिंदा जली

**मेदिनीनगर।** एक महिला को शराब का नशा महंगा पड़ गया, इसकी कीमत उसे अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। वह नशे में इतनी धुत थी कि घर में आग लगने पर भी वो खुद को बचा नहीं पायी। मोमबत्ती से घर में आग लग गयी और वो नशे में अपने जीवन की आखिरी सांस ली। यह पूरी घटना पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के अकड़ाही की है। मोमबत्ती से घर में लगी आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया लेकिन महिला इतने नशे में थी कि उसे कुछ होश नहीं रहा। आग में महिला जिंदा जल गयी।

### झारखंड की दो बेटियों ने यूथ गेम्स में जमाया रंग

**ग्वालियर।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स खेलने ग्वालियर पहुंची झारखंड महिला हॉकी टीम के पास दो केरकेटा हैं। दोनों का नाम रजनी है। दोनों के पिता किसान हैं। दोनों भारत के लिए खेलना चाहते हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि एक खेलो इंडिया में पहली बार भाग ले रहा है और दूसरा पांचवीं बार। रजनी केरकेटा (जूनियर) बरियातू, रांची की रहने वाली हैं। वहीं रजनी केरकेटा (सीनियर) सिमडेगा की हैं। वह 2018 से 2021 तक चार बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स में खेल चुकी हैं। सीनियर रजनी का पांचवां खेलो इंडिया है।

### झारखंड में सर्द हवाओं ने बढ़ायी ठंड

**रांची।** झारखंड में सर्द हवाओं ने जाती ठंड को रोक लिया है। दिसंबर जैसी ठंड का एहसास फरवरी में हो रहा है। सर्द हवा चलने से राजधानी समेत राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे आ गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान तीन से छह डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गयी है। आलम यह है कि सुबह की कनकनी ने लोगों का बिस्तर से उठना मुश्किल कर दिया है। ठंड का सबसे ज्यादा असर खूंटी में रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

**गहना आभूषण**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 54,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 73,000 रु./प्रति किलो |

## झामुमो स्थापना दिवस समारोह में छाया रहा 1932 खतियान का मुद्दा, हेमंत बोले

# भाजपा नहीं चाहती झारखंड में आदिवासी सीएम रहे

**बोले मुख्यमंत्री**

- अधिकार के लिए करते रहेंगे संघर्ष
- हम किसी से डरनेवाले नहीं
- विकसित राज्य बनाना है संकल्प

**खबर मन्त्र संवाददातदाता**

**दुमका।** यहां संपन्न झामुमो के स्थापना दिवस समारोह में 1932 खतियान का मुद्दा छाया रहा। इस मुद्दे को पार्टी के नेताओं ने केद्र सरकार पर निशाना साथ। एक सुर में सभी नेताओं ने मंच से घोषणा की कि जो 1932 की बात करेगा वही झारखंड पर राज करेगा। पार्टी ने संकल्प लिया कि इसे पाने के लिए संघर्ष हम करते रहेंगे जरूरत पड़ी तो दिल्ली भी जायेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, हमारा संकल्प अगले 10 सालों में राज्य को गुजरात जैसा विकसित बनाने का है। भाजपा को प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य को बीस साल मे गर्त मे डाल दिया। जब हम कुछ बेहतर करने की कोशिश करते है तो हमारे पीछे इडी और अन्य संस्थाएं पीछे लगा देती है। इन सबसे हम डरने वाले नहीं है क्योंकि हमारे लोगों के जेबें पहले से फटी है तो हम उसको कैसे लूटगे। समारोह में हुंकार भरते हुए कहा कि भाजपा नहीं चाहती है कि यहां के स्थानीय लोग सीएम बनें। यह कारण है कि राज्य पहले सीएम बाबूलाल को कुछ ही साल मे हटा दिया। फिर अर्जुन मुंडा बने तो उनको भी कार्यकाल पूरा करने नहीं दिया। गुजरात के ये व्यापारियों की पार्टी छत्तीसगढ़ से आये रघुवर दास को सीएम बनाकर पांच साल पूरा कराया। (शेष 11 पर)



## विकसित झारखंड बनाने का संकल्प

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारा संकल्प अगले 10 सालों में राज्य को गुजरात जैसा विकसित बनाने का है। इसे हर हाल में पूरा करेंगे। राज्य के प्रत्येक लोगों की चेहरे पर खुशी हो, लेकिन भाजपा का संकल्प मुझे जेल भेजना है। इसके लिए लगातार ईडी और सीबीआई जैसे सांप को काटने के लिए भेज दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, पर पराजित नहीं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल, इडी और सीबीआई के माध्यम से हमें तंग किया जा रहा है, लेकिन हमारे घर में है ही क्या। हमलोग गरीबों का प्रतिनिधित्व करते हैं। व्यापारियों से हमारी सांठगांठ नहीं है।

## केंद्र पर बरसे हेमंत सोरेन

सीएम ने कहा कि कोयले में राज्य का बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ है। मांगने पर केंद्र देना नहीं चाहता है और भय दिखातं है। सीएम ने राज्यपाल पर भी तंज कस्ते हुए कहा कि हम कानून बनाये तो असंवैधानिक है और खुद कर्नाटक मे बनाया सो सही है। भाजपा के नेता चाहते है कि वर्तमान सीएम को कैसे गिराकर खुद सीएम बने। दो फरवरी को दुमका के गांधी मैदान मे झामुमो का 44 वां झारखण्ड दिवस समारोह देर रात तक चला। समारोह में पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन, सीएम हेमंत सोरेन समेत तमाम नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे। देर रात गुरुजी शिबू सोरेन के भाषण के बाद समारोह समाप्त हुआ।

**हमीन कर बजट** विशेषज्ञों ने सरकार को दिये कई सुझाव

# विकास पर बजट का हो फोकस

- अच्छे सुझावकर्ता को सीएम ने किया सम्मानित
- सुझावों पर अमल करने के प्रयास का दिया भरोसा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य के आदिवासी, दलित, शोषित, जरूरतमंद समुदाय सहित सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास को मद्देनजर रखते हुए एक बेहतर और समावेशी बजट बनाया जा सके। इसी सोच के साथ हमीन कर बजट अंतर्गत राज्य की आम जनता एवं विशेषज्ञों के सुझाव राज्य सरकार ने बजट से पूर्व लेने का काम किया है। आप सभी के सुझाव के अनुरूप लोक कल्याणकारी बजट बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। राज्य सरकार चाहती है कि झारखंड के लोगों को क्या सपोर्ट दें कि यहां के लोग विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें। श्री सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में वित्त विभाग द्वारा आयोजित बजट पूर्व गोष्टी को संबोधित करते हुए कही। (शेष 11 पर)



## सभी को मिल सके लाभ

वर्ष 2023-24 का बजट ऐसा बने, जिससे एसटी, एससी, ओबीसी, माइनॉरिटी सहित सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल सके। राज्य में स्वरोजगार सृजित करने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर राज्य सरकार विशेष बल दे रही है। सड़क, बिजली, पानी की उपलब्धता हर व्यक्ति की जरूरत है। वर्तमान समय में झारखंड राज्य में सड़क मार्गए हवाई मार्ग तथा जल मार्ग की स्थिति संतोषजनक है। इन क्षेत्रों में काफी विकासात्मक काम हुए हैं। झारखंड के 24 में से 23 जिले किसी न किसी दूसरे राज्यों से जुड़े हैं। आने वाले समय में इन कनेक्टिविटी का उपयोग रोजगार सृजन के साथ-साथ रेवेन्यू जेनरेट का जरिया बने ऐसी कार्य योजना बनाकर आगे बढ़ने की जरूरत है। ( पेज 3 भी देखें)

# अमित शाह आज देवघर में नैनो खाद फैक्टरी का करेंगे उद्घाटन

## पहले करेंगे बाबा के दर्शन, फिर विजय संकल्प रैली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक माह में दूसरी बार झारखंड पधार रहे हैं। वह संताल परगना को बड़ी सौगात देंगे। शनिवार को श्री शाह जसीडीह इंडस्ट्रियल एरिया में इफको के नैनो खाद कारखाना की आधारशिला रखेंगे। इससे पहले श्री शाह शनिवार की सुबह विशेष विमान से रांची पहुंचेंगे। यहां से सवा 11 बजे चोपर से देवघर रवाना होंगे। वहां वहां बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना कर जसीडीह में नैनो यूरिया खाद कारखाना का शिलान्यास करेंगे। फिर विजय संकल्प रैली को संबोधित करेंगे। विजय संकल्प रैली के माध्यम से संथाल में भाजपा की जीत के लिए कार्यकताओं को संकल्प दिलायेंगे। अपराह्न 3:15 से शाम 4:45 बजे तक आरके मिशन विद्यापीठ के शताब्दी समारोह कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उनकी देवघर यात्रा को ले कर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। इसे ले कर बाबा मंदिर में सुबह आमलोगों का प्रवेश रोक दिया गया है। (शेष 11 पर)



### सुबह आमजनों का मंदिर प्रवेश वर्जित



श्री शाह के देवघर आगमन के मद्देनजर चार फरवरी को देवघर बाबा मंदिर में सुबह आठ बजे से श्रद्धालुओं का प्रवेश वर्जित रहेगा। डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री की पूजा-अर्चना कार्यक्रम के पश्चात आम श्रद्धालुओं के लिए पुनः सामान्य रूप से मंदिर प्रवेश आरंभ हो जाएगा।

### क्या है नैनो प्लांट की खासियत

इफको के एमडी यूएस अवस्थी ने बताया कि शिलान्यास के 24 माह के अंदर नैनो फर्टिलाइजर प्लांट बनकर तैयार हो जायेगा। इससे क्षेत्र के 150-200 बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा। प्लांट के लिए इफको को 20 एकड़ जमीन मिल गयी है। यह कारखाना किसानों के लिए बड़ी सौगात है। यहां बंद बोरे में मिलने वाला खाद अब आने वाले दिनों में यूरिया दाना के रुप में ना मिलकर बोतल में तरल रुप में किसानों के लिए उपलब्ध होगा। 28 एकड़ में लगभग 500 करोड़ की लागत से ये प्लांट बनेगा। इस प्लांट में हर रोज 1.5 लाख बोतल नैनो यूरिया के उत्पादन की क्षमता होगी। 45 किलोग्राम वाली यूरिया के बोरे की क्षमता महज आधा लीटर नैनो यूरिया पूरा कर सकती है। जहां 45 किलो बोरा की सरकारी कीमत 266 रुपये होती है, वहीं आधा लीटर की बोतल महज 225 रुपये में उपलब्ध होगी। इस प्लांट से नैनो के बाद दूसरे खाद का भी स्वरुप बदलेगा। आने वाले समय में नैनो यूरिया का उत्पादन निजी कंपनियों को भी दिया जायेगा। फिलहाल यह आधा लीटर में ही उपलब्ध होगा।

### सुनीता चौधरी राजग प्रत्याशी बनीं, आज करेंगी नामांकन

**रांची।** रामगढ़ उपचुनाव के लिए राजग ने अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। आजसू की सुनीता चौधरी रामगढ़ उपचुनाव के लिए अपना प्रत्याशी बनाया है।



सुनीता आजसू के वरिष्ठ नेता और गिरिडीह सांसद चंद्रपकाश चौधरी की पत्नी हैं। सुनीता के नाम पर सहमति के बाद इसकी घोषणा आजसू कार्यालय में की गयी। पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत और संसदीय बोर्ड के सदस्य डोमन सिंह मुंडा ने पार्टी प्रेस वार्ता में उनके नाम की घोषणा की। सुनीता चौधरी 4 फरवरी को अपना नामांकन दाखिल करेंगी। नामांकन के समय पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो, सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी सहित कई भाजपा नेता भी मौजूद रहेंग। (शेष 11 पर)

## सीबीआइ ने एचसीएल के पूर्व सीएमडी पर एफआइआर किया

**सुरदा माइंस लीज मामला**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सुरदा माइंस लीज मामले में सीबीआई ने बड़ी करवाई की है। हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) के पूर्व सीएमडी केडी दीवान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इन पर बिना टेंडर काम करवाने का आरोप है। इससे भारत सरकार और एचसीएल को 36.19 कोरोड़ का नुकसान हुआ है। वहीं, माइंस आवंटन के मामले में गड़बड़ी के मामले में इंडियन रिसोर्स लिमिटेड समेत अन्य के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गयी है।

**क्या है मामला:** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम के घाटशिला में सुरदा माइंस के लीज आवंटन से जुड़ा हुआ है। सीबीआई के एफआईआर में जिक्र है कि सुरदा माइंस के ऑपरेशन के लिए आईआरएल को कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था। साल 2007 से साल 2014 तक के लिए यह कॉन्ट्रैक्ट आवंटित किया गया था, लेकिन बाद में एचसीएल के अफसरों ने बगैर टेंडर निकाले ही कंपनी का काम जारी रखने दिया। जिसकी वजह से भारत सरकार और एचसीएल को तकरीबन 36.19 करोड़ के नुकसान हुआ। इस दौरान आइआरएल को अलग अलग समय एचसीएल के द्वारा गलत भुगतान किये जाने की बात भी सामने आयी है। पूरा मामला तब पकड़ में आया जब कोलकाता मुख्यालय को इसकी जानकारी मिली। एचसीएल के चीफ विजिलेंस अफसर नवीन कुमार सिंह ने पूरे मामले में जांच कर अपनी रिपोर्ट सीबीआई मुख्यालय को दी थी।

## हाइकोर्ट ने सरकार और अनूप सिंह से जवाब मांगे

**विधायक कैश कांड**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरकार गिराने साजिश के तहत कैश कांड आरोपी कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने पूछा कि जीरो एफआइआर से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध करायी जाये। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार और विधायक अनूप सिंह उर्फ जयमंगल सिंह को इस मामले में काउंटर एफि डेविट दायर करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने झारखंड सरकार और विधायक अनूप सिंह को लिखित जवाब देने को कहा है। (शेष 11 पर)

### सुनवाई 24 को

अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए 24 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। राज्य सरकार को मामले बिंदुवार विस्तृत जवाब शपथ पत्र के माध्यम से पेश करने को कहा है। वहीं प्रतिवादी विधायक अनूप सिंह उर्फ जय मंगल सिंह को भी लिखित जवाब पेश करने को कहा है।

### बस की चपेट में आ कर रिम्स के डॉक्टर की मौत

**रांची।** राजधानी रांची के करमटोली एरिया में स्कूली बस की चपेट में आ कर रिम्स के डॉक्टर सौरभ कुमार शर्मा की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। डॉ शर्मा रिम्स में प्लास्टिक सर्जरी डिपार्टमेंट में पदस्थापित थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक डॉ शर्मा शुक्रवार की दोपहर घर से खाना खाकर रिम्स की ओर स्कूटी पर सवार होकर जा रहे थे। करमटोली के पास राहुल ऑटोमोबाइल्स के समीप एक स्कूली बस ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों ने उन्हें एंबुलेंस के माध्यम से रिम्स भेजा, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह सर्जरी डिपार्टमेंट में सहायक प्रोफेसर के तौर पर पढ़ाया भी करते थे। उनके असमय मौत से रिम्स में मातम का माहौल है।

# राशन की कालाबाजारी के खेल में राज्य की गरीब जनता फेल

## तीन माह से बंद है पीएमजेकेवाई कोटे का अनाज, नये साल में भी फांके पड़े

**ग्रीन कार्डधारियों को भी लाले**

**सुधीर**

**रांची।** सरकारी अनाज की लगातार जारी कालाबाजारी के इस खेल में राज्य की गरीब जनता पिस रही है। उन्हें पिछले तीन महीने से अनाज नहीं मिल रहा है। जनवरी से पीएमजेकेवाई कोटे का अनाज बंद कर दिया गया, परंतु राजधानी के गरीबों को पिछले तीन से पीएमजी कोटे के आनाज नहीं मिला। नये साल के पहले माह भी फांके रह गये। अनाज के अभाव में राजधानी के गरीब पेट पर पत्थर बांधकर सो रहे हैं। उनका कहना है कि पीडीएस दुकानों तक अनाज आता ही नहीं है। अनाज की कालाबाजारी गोदाम के स्तर पर ही कर दी जाती है। इसमें अधिकारियों की भी मिलीभगत होती है। नतीजा डोर स्टेर डिलिवरी करनेवाले से लेकर एफसीआई के ट्रांसपोर्टर तक कालाबाजार के इस खेल में शामिल हैं।

## क्या कहता है विभागीय आंकड़ा

करीब 17 लाख हरा राशन कार्डधारी ऐसे हैं। खाद्य आपूर्ति विभाग, झारखंड के मुताबिक (आहार पोर्टल) दिसंबर 2022 में एक भी हरा राशन कार्डधारक को अनाज नहीं मिल सका है। इसके पिछले महीने नवंबर में 14.16 फीसदी कार्डधारकों को ही लाभ (प्रति व्यक्ति 5 किलो चावल) मिल सका। कोडरमा जिले में तो 1.59 फीसदी, देवघर में 2.65 फीसदी, गोड्डा में 3.22 फीसदी कार्डधारकों को ही अनाज मिल सका। इसके अलावा लोहरदगा में 31.43 फीसदी, धनबाद में 29.67 फीसदी और लातेहार जैसे जिलों में 27.61 फीसदी कार्डधारकों को लाभ मिल पाया। अक्टूबर माह में 22.45 कार्डधारी लाभान्वित हो पाए थे। सितंबर में 35.82 जबकि अगस्त में



62.54 फीसदी और जुलाई में 79.96 फीसदी (राज्यभर में) कार्डधारकों को लाभ मिल पाया था। इस आधार पर कहें तो जुलाई से नवंबर के बीच हरे राशन कार्डधारियों के बीच अनाज वितरण के काम में विभाग लगातार कमजोर पड़ता गया है। 80 फीसदी कार्डधारकों को लाभ मुहैया कराने वाला विभाग कई कारणों से 15 फीसदी कार्डधारकों के पास नहीं पहुंच पाया।

### 5 माह से ग्रीन कार्डधारकों को नहीं मिला अनाज

पिछले 5 माह से ग्रीन कार्डधारकों को राशन नसीब नहीं हो रहा है। ऐसे में जरूरतमंद परिवारों के सामने भुखमरी की स्थिति खड़ी होने को है। हालांकि राज्य सरकार के मुताबिक संकट केवल दिसंबर माह (2022) से है। जनवरी का अनाज भी नहीं बंटा है। भोजन का अधिकार अभियान से जुड़े सदस्य सरकारी दावों पर सवाल उठाते कह रहे हैं कि समस्या अगस्त, सितंबर माह 2022 से ही बनी हुई है। सरकार के स्तर से अगर कहीं अनाज वितरण हुआ भी हो तो वास्तविक रूप से हर कार्डधारक के पास राशन नहीं पहुंचा है। वैसे सरकार ने फरवरी माह (2023) में हरा राशन कार्डधारकों को राशन मुहैया कराने का भरोसा दिलाया है।

**कोट :** अनाज वितरण संबंधी निविदा कार्य करीब-करीब पूरा होने को है। दिसंबर से अनाज वितरण का काम प्रभावित है। टेंडर कार्यों का निष्पादन होते ही फरवरी से बकाये राशन के साथ अनाज वितरण का काम शुरू हो जायेगा।

दिलीप तिर्की, निदेशक, राज्य खाद्य निगम।

## राज्यपाल ने दो विधेयक को दी मंजूरी, 27 से बजट सत्र

- अब आकस्मिकता निधि से 1200 करोड़ निकाल सकती है सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने दो विधेयकों आकस्मिकता निधि व राज्य कृषि उपज एवं पशुधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। अब आकस्मिकता निधि से 1200 करोड़ रुपये की निकासी सरकार कर सकती है। कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक पर उन्होंने सरकार को कई सुझाव भी दिये हैं। वहीं राज्यपाल ने 27 फरवरी से बजट सत्र आहूत करने की भी मंजूरी दे दी है। सत्र के दौरान हेमंत सोरेन सरकार अपना चौथा बजट 3 मार्च को पेश करेगी। झारखंड आकस्मिकता निधि (संशोधन) विधेयक 2022 और झारखंड राज्य कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक 2022 को विधानसभा से पारित कर 23 दिसंबर 2022 को पारित कर राजभवन भेजा गया था। विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद अब राज्य की आकस्मिकता निधि से सरकार 500 करोड़ के बदले 1200 करोड़ रुपये की निकासी कर सकती है। अब राज्य का बजटीय आकार एक लाख करोड़ से अधिक हो गया है। राज्य गठन से अब तक मुद्रा प्रसार में वृद्धि को देखते हुये नयी कल्याणकारी एवं रोजगारन्मुखी योजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन तथा अप्रत्याशित घटनाओं से निबटने के लिए आकस्मिकता निधि की राशि स्थायी रूप से बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। (शेष 11 पर)

# हाइकोर्ट में ढुल्लू महतो की ओर से हुई गवाही
# गवाह ने कहा- वे पोलिंग नहीं, बूथ एजेंट थे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के निर्वाचन को चुनौती देनेवाली जलेश्वर महतो की चुनाव याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में ढुल्लू महतो की ओर से तीसरे गवाह कमल महतो की गवाही कराई गई। कमल महतो की ओर से शपथ पूर्वक लिखित गवाही कोर्ट में प्रस्तुत की गई। जिसमें उनकी ओर से कहा गया कि वे बूथ संख्या 181 में वे पोलिंग एजेंट थे। जलेश्वर महतो की ओर से अधिवक्ता अरविंद कुमार लाल ने उनका प्रति परीक्षण किया। जिसमें गवाह कमल महतो की ओर से कहा गया कि वह बूथ एजेंट थे पोलिंग एजेंट नहीं थे। जिस पर अधिवक्ता ने उनसे पूछा की उनको बूथ एजेंट या पोलिंग एजेंट बनने के लिए उन्हें किसने अधिकृत किया था या किनके हस्ताक्षर से वे पोलिंग एजेंट या बूथ एजेंट बने थे।

जिस पर गवाह की ओर से कहा गया की उन्हें बूथ एजेंट बनाने के लिए किसी ने अधिकृत नहीं किया था। गवाह ने यह भी कहा गया ढुल्लू महतो के जीतने के बाद जलेश्वर महतो ने बूथ संख्या 181 के बारे में झूठी बात फैलाई थी जिस पर प्रति परीक्षण के दौरान अधिवक्ता द्वारा पूछे जाने पर गवाह ने कहा कि क्या झूठ फैलाया गया इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। मामले की अगली गवाही 17 फरवरी को होगी।

बता दें कि जलेश्वर महतो की ओर से गवाही बंद हो चुकी है। जलेश्वर महतो ने ढुल्लू महतो के निर्वाचन को रद्द करने का आग्रह किया है। याचिका में कहा गया है कि जिस समय ढुल्लू महतो ने अपना नामांकन जमा किया था उस समय वे डिसक्वालिफाइड थे, क्योंकि उनको अलग-अलग धाराओं में सजा हुई है। वह कुल मिलाकर 2 साल से ज्यादा का समय हो जाता है। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले को आधार बनाते हुए कहा गया है कि ढुल्लू महतो का नामांकन रद्द होना चाहिए। रिटर्निंग ऑफिसर को उसी समय ढुल्लू महतो का नामांकन कर रद्द कर देना चाहिए था, लेकिन उन्होंने नहीं किया।


**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 14/2022-23 दिनांक 28.12.2022, जिसका PR No. 286261 Drinking Water and Sanitation (22-23)#D है जो Retrofitting of Tokisud RWSS & Mnua Bumri Rural Water Supply Scheme for the year 2022-23 से संबंधित है, को निम्नलिखित रूप से संशोधित किया जाता है।

| क्र0 | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | Date:- 05.01.2023 at 05.00 PM | Date:- 06.02.2023 at 05.00 PM |
| 2 | बीड प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | Date:- 12.01.2023 up to 05.00 PM | Date:- 13.02.2023 up to 05.00 PM |
| 3 | परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि | Date:- 16.01.2023 up to 03.00 PM in the office of the Executive Engineer, D. W. & S. Division, Ramgarh | Date:- 14.02.2023 up to 03.00 PM in the office of the Executive Engineer, D. W. & S. Division, Ramgarh |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | Date:- 16.01.2023 at 05.00 PM | Date:- 14.02.2023 at 05.00 PM |

नोटः–शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ

PR 289177 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D



**कार्यालय :–असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,खूँटी**

**नगर पंचायत, खूँटी के अधीन पॉली क्लीनिक/U-HWC**
**अन्तर्गत संसूचित रिक्त पदों नियुक्ति संबंधित आवश्यक सूचना**

नगर पंचायत, खूँटी के अधीन पॉली क्लीनिक/U-HWC अन्तर्गत संसूचित रिक्त पदों पर अनुबंध आधारित नियुक्ति हेतु कार्यालय के विज्ञापन सं0–03/2023 PR.NO.286697 (Health Med Edu and Family Welfare) 22-23*D प्रकाशित किया गया था, प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में विभिन्न पदों पर आवेदित आवेदकों की स्वीकृत एवं अस्वीकृत आवेदनों की सूची जिले के अधिकृत वेबसाईट http://khunti.nic.in पर प्रकाशित कर दिया गया है।

आवेदित आवेदकों को प्रकाशित सूची में किसी भी प्रकार की आपत्ति है, तो दिनांक–07.02.2023 के संध्या 05:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में हाथों हाथ अपनी आपत्ति दर्ज करेंगे एवं आपत्ति की प्राप्ति रसीद प्राप्त करेंगे, समय समाप्ति के पश्चात किसी भी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,खूँटी

PR 289122 Health Med Edu and Family Welfare(22-23)#D



**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA**
**Email : eedwsd.chatra01@gmail.com**

Letter No :170 | **Corrigendum-1st** | Date :03.02.2023

The following changes have been done due to some unavoidable circumstances in Tender Reference No. DWSD/UNTD/DT/CTR/43/2022-23(1st Call)Construction of 125/115 mm dia 60.00 Mtrs Depth Drilled Tube, 125/115 mm dia 90.00 Mtrs Depth Deep Drilled Tube Well and 200 mm X 165 mm dia 180 Mtrs Depth High Yield Drilled Tube Well with Installation of I.M-II (IS:15500 Part-2/2004) Hand Pump 930/90) with 32 mm dia Medium Class G.I Riser Pipe by DTH Rig Machine with 125 mm & 200 mm dia Blue UPVC Casing Pipe on "TurnKey Basis" Under D.W.&S. Division, Chatra for the Year 2022-23 (By Untied Fund)on published vide P.R. No. – 288119 (DWSD) 2022-23

| | Previously Published | | Amended as follow |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Tender Uploading in Website | 28.01.2023 at 5:00 PM | 03.02.2023 at 5:00 PM |
| 2 | Last Date / Time for Submission of Tender Documents | 03.02.2023 upto 5:00 PM | 09.02.2023 upto 5:00 PM |
| 3 | Last Date & Time of Receiving EMD/Cost of BOQ (Hard Copy) | 04.02.2023 upto 3:00 PM In the Office of - Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra and Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh. | 10.02.2023 upto 3:00 PM In the Office of - Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra and Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh. |
| 4 | Date of Opening Tender | 04.02.2023 at 5:00 PM | 10.02.2023 at 5:00 PM |

Other condition will be same as mentioned in NIT & B.O.Q

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR 289134 Drinking Water and Sanitation(22-23).D



**झारखण्ड सरकार**
**कृषि ,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग)**
**कार्यालय – जिला उद्यान पदाधिकारी, हजारीबाग**
**(उद्यानिक योजनाओं के लिए आम –सूचना)**

राज्यादेश सं0 –40 दिनांक 11.11.2022 वित्तीय वर्ष 2022–23 केन्द्र प्रायोजित मिशन फॉर इन्टीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हार्टिकल्चर (MIDH) योजनान्तर्गत राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के कार्यान्वयन हेतु **जिला–हजारीबाग** के इच्छुक कृषकों से नीचे
अंकित विभिन्न अवयवों का अनुदानित दर पर लाभ प्राप्त करने हेतु दिनांक – 15.02.2023 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

**आवेदन आमंत्रण हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 में जिला – हजारीबाग के लिए MIDH (NHM) योजनाएँ निम्नवत्त है:–**

| Sl No. | Components | Unit | Hazaribagh Physical Target |
|---|---|---|---|
| 1 | Dragon Fruit | ha. | 01 |
| 2 | Strawberry | ha. | 01 |
| 3 | Banana (TC) | ha. | 01 |
| 4 | Pineapple (Sucker) | ha. | 01 |
| 5 | Papaya ( Package with drip Irrigatrion) | ha. | 00 |
| 6 | Mango | ha. | 12 |
| 7 | Citrus | ha. | 02 |
| 8 | Aonla | ha. | 02 |
| 9 | Guava | ha. | 10 |
| 10 | Vegetable Hybrid | ha. | 06 |
| 11 | Flower(Cut Flower small & Marginal Farmers) | ha. | 04 |
| 12 | Flower (Bulbous Flower small & Marginal Farmers) | ha. | 04 |
| 13 | Flower (Losse Flower small & Marginal Farmers) | ha. | 04 |
| 14 | Seed Spice & Rhizomatic Spices | ha. | 10 |
| 15 | Rejuvenation | ha. | 01 |
| 16 | Creation of Water Resource | unit. | 0.07 |
| 17 | Water Harvsting System | unit | 03 |
| 18 | Plastic Mulching | ha. | 02 |
| 19 | Anti Bird / Anti Hail Nets | ha. | 02 |
| 20 | Organic Farming Vermi Compost Unit / Organic Input Production HDPE VERMI BED | nos. | 06 |
| 21 | HRD farmer Training (Inside State) | nos. | 25 |
| 22 | HRD farmer Training (Outside State) | nos. | 05 |
| 23 | HRD Exposure Visit (Outside State) | nos. | 05 |
| 24 | Pack house | unit | 01 |
| 25 | Eveporative / Low energy Cool Chamber (8MT) | nos. | 06 |
| 26 | preservation Unit | nos. | 06 |
| 27 | Low Cost Onion Storage Structure (25 MT) | nos. | 02 |
| 28 | Static Mobile Vending Cart | nos. | 01 |

नोटः–
01. कमांक 01 से 14 में अंकित कार्य अवयव का कार्य कलस्टर आधारित होगा।
02. क्रमांक 24 से 28 में अंकित कार्य अवयव से संबंधित आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र नोटरी पब्लिक से सत्यापित कराकर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
03. क्रम सं0 01 से 15 तथा 17 एवं 18 के आलोक में आवेदन के साथ जमीन का मालगुजारी रसिद एवं वंशावली जन–प्रतिनिधि से सत्यापित कर आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
04. आवेदन पत्र के साथ आधार की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
05. कमांक 21 से 23 में अंकित कार्य अवयव के साथ शैक्षणिक योग्यता की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
06. पिछले तीन वर्षों में जिन कृषकों या उसके परिवार का चयन नहीं किया गया हो, केवल उनका चयन किया जायेगा।
07. पिछले तीन वर्षों में जिन ग्रामों का चयन नहीं किया गया है उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जायगी।
08. अनु0 जाति / जन जाति / अल्पसंख्यक / महिला / दिव्यांग / लघु एवं सिमांत कृषक को प्राथमिकता के आधार पर योजना से लाभान्वित किया जायेगा।
09. अंकित अवयवों के लाभ हेतु आवेदन पर संबंधित जनसेवक/ATM/BTM /वैज्ञानिक तथा पंचायतीराज के तहत ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य/मुखिया द्वारा अनुमोदन अनिवार्य होगा।
10. कार्यालय अवधि में आवेदन निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
11. योजनाओं से संबंधित विशेष जानकारी हेतु कार्यालय अवधी में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 289156 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 22-23 (D)


## प्रदेश प्रभारी ने तैयारी को लेकर झारखंड राजद के नेताओं के साथ की समीक्षा

# 12 को रांची आयेंगे तेजस्वी यादव कार्यकर्ताओं के साथ करेंगे बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राजद 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए तैयारियों में जुट गया है। इसी के तहत 12 फरवरी को बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव रांची आ रहे हैं। उनके दौरे को लेकर झारखंड राजद तैयारी में जुट गया है। तेजस्वी यादव के कार्यक्रम को देखते हुए पूर्व मंत्री और झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव शुक्रवार को रांची पहुंचे। उन्होंने राजद के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में तेजस्वी के आगमन और उनके कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।



**बैठक में ये रहे मौजूद :** झारखंड राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, संजय प्रसाद यादव, रंजन यादव, राधाकृष्ण किशोर, सुभाष यादव, अभय सिंह, डॉ मनोज कुमार, अनिता यादव, रानी कुमारी, कमलेश यादव व अन्य नेता।

### सौहार्द्र बिगाड़ने वालों को राजद नहीं करेगा बर्दाश्त

जयप्रकाश ने कहा कि सभी लोग एकजुटता के साथ संगठन के कार्य में लग जाएं। पंचायत से प्रखंड स्तर तक सभी को मिलकर संगठन को मजबूत करना है। पूर्व में जिस तरह से यहां राजद के विधायक, एमपी हुआ करते थे, उसी तरह आने वाले चुनाव में भी हमारे उम्मीदवार एमपी, एमएलए बनकर जनता की आवाज को बुलंद करने का काम करेंगे। सामाजिक सौहार्द और भाईचारे के खिलाफ कोई भी शक्ति काम करेगी, तो राजद कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रमंडलीय स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक प्रभारी बनाये जायेंगे। सभी को जवाबदेही दी जाएगी।

### संगठन की मजबूती और सदस्यता अभियान की करेंगे समीक्षा

प्रदेश मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि 12 फरवरी बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव रांची पहुंचेंगे। झारखंड राजद संगठन के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। साथ ही 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकताओं के साथ चर्चा करेंगे। संगठन की मजबूती को लेकर चलाए रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा भी करेंगे।

### झारखंड सरकार ने हाइकोर्ट को दी जानकारी

# चानन डैम के कैनाल सिस्टम की रिपेयरिंग मई तक ठीक होगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गोड्डा जिले में चानन डैम से सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में झारखंड सरकार की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल किया गया। झारखंड सरकार की ओर से बताया गया झारखंड के हिस्से में आने वाले चानन डैम के चार कैनाल सिस्टम के रिपेयर का काम मई 2023 तक कर दिया जाएगा। वही बिहार सरकार की ओर से मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 3 सप्ताह बाद निर्धारित की।

पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था की गोड्डा जिले में चानन डैम में 6 कैनाल सिस्टम है, जिनमें 4 कैनाल सिस्टम झारखंड में आते हैं तथा दो बिहार में आते हैं। यह स्ट्रक्चर डैमेज हो चुका है जिसे रिपेयर करना जरूरी है ताकि गोड्डा में पानी उपलब्ध हो सके। प्रार्थी निशिकांत दुबे ने रिपेयर कराने के लिए 2016 में जनहित याचिका दाखिल की थी।

### चर्चित कारोबारी प्रेम प्रकाश मामला

# जवाब दाखिल करने के लिए इडी ने मांगा समय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** जेल में बंद चर्चित कारोबारी प्रेम प्रकाश की ओर से निचली अदालत द्वारा लिए गए संज्ञान आदेश को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। यहां उल्लेखनीय है कि प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट और झारखंड हाई कोर्ट से भी खारिज हो चुकी है। अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने 10 जनवरी को प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उल्लेखनीय है कि प्रेम प्रकाश सहित तीन के खिलाफ ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप पत्र पूर्व में ही दाखिल कर दिया है।

### मनरेगा आयुक्त ने की वर्चुअल बैठक

# मनरेगा की योजनाओं को समय पर पूरा करायें पदाधिकारी : राजेश्वरी बी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने सभी डीडीसी को योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर जोर दिया है। उन्होंने कहा है कि सभी लंबित योजनाओं को ससमय पूरा करें। ताकि ग्रामीणों को सीधा लाभ पहुंचे। मनरेगा आयुक्त शुक्रवार को सभी जिलों के डीडीसी के साथ वर्चुअल बैठक कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने संचालित योजनाओं की जिलावार जानकारी ली। मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन में आवश्यक प्रगति लाने का भी निर्देश दिया। मनरेगा आयुक्त ने जिन प्रमुख योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया। उनमें बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो विकास योजनाए आंगनबाड़ी योजना शामिल हैं।


**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

पत्रांक........................खूँटी, दिनांक..................

**E-Tender Notice**

**(Through E-Procurement mode only http://jharkhandtenders.gov.in)**

**E-Tender Reference No. KNP/13/2022-23**

| Sr.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Rejuvenation of Kamanata Jalashay Under Nagar Panchayat, Khunti. |
| 2. | Estimated Cost (INR) | Rs. 3,48,89,087/- (Rupees Three Crore Forty Eight Lakhs Eighty Nine Thousand Eighty Seven Only) |
| 3. | Bid Security (INR) | 3,48,891/-. (Rupees Three Lakhs Forty Eight Thousand Eight Hundred Ninety One Only) |
| 4. | Cost of Bid Document (INR) | 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only) non-refundable |
| 5. | Time of Completion | 18 Months |
| 6. | Date of e-publication of tender | 13.02.2023 at 5.00 pm |
| 7. | Document downloading start Date | 13.02.2023 at 5.00 pm |
| 8. | Pre bid meeting date, Time & Venue | 17.02.2023 at 3.00 pm, Office Nagar Panchayat, Khunti |
| 9. | Bid submission end date | 27.02.2023 at 3.00 pm |
| 10. | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 28.02.2023 up to 2.00 pm |
| 11. | Bid opening date (online) | 28.02.2023 at 3.00 pm |
| 12. | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 13. | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Panchayat, Khunti |
| 14. | Helpline Number | 7461059733 |

Note: Only e-Tender will be accepted
Complete bid document is available on website http://jharkhandtenders.gov.in)

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, खूँटी।

PR 289148 Urban Development(22-23)D



**Government of Jharkhand**
**Department of Rural Development**
**FFP Building, Dhurwa, Ranchi –834004**

**Notice for Inviting Tender**
**Invitation of Bid for setup of Call Centre for Rural Development Department Government of Jharkhand.**

Tender Ref.No.:- 01-stha (Comp)- 09/2022/.........., Dated ...........

| Sl. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Subject of Tender | To setup Call center for Rural Development Department Government of Jharkhand |
| 2 | Tender Fee | No Tender Fee |
| 3 | EMD | Rs. 50,000/- (Rupees Fifty Thousand Only) |
| 4 | Bid Validity Period | 180 Days |
| 5 | Date of publication of tender | 07.02.2023 |
| 6 | Last date of submission of tender | 22.02.2023 |
| 7 | Date and Time for Pre- Bid Conference | 28.02.2023 |
| 8 | Place for Pre Bid Conference | Meeting Hall, First Floor, FFP Building, Dhurwa, Ranchi |
| 9 | Date & Time for Technical bid opening | 06.03.2023 |
| 10 | Date & Time for Financial bid opening | **To be decided after finalization of Technical bid** |
| 11 | Contact Person for queries | Arun Kumar Singh, Joint Secretary Cum CIO,RDD |
| 12 | Contact Number | 9931548318 |
| 13 | Contact Email Address | rddjharkhand2013@gmail.com |
| 14 | Place of bid submission in hard copy | Room No.-118, First Floor, FFP Building, Dhurwa, Ranchi-834004 |

**Note: The above dates may change due to abrupt declaration of holidays.**

Detailed tender document can be seen on website rdd.jharkhand.gov.in.

**(Arun Kumar Sinha),**
**Under Secretary to the Government,**
**Department of Rural Development,**
**Government of Jharkhand.**

**PR 289169 Rural Development(22-23)#D**


# राहुल गांधी को हाइकोर्ट से बड़ी राहत सिविल कोर्ट से जारी नोटिस पर रोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राहुल गांधी को रांची सिविल कोर्ट द्वारा जारी नोटिस पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर भी रोक लगा दी है। राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और अधिवक्ता दीपांकर राय ने पक्ष रखा।

बता दें कि 4 फरवरी को रांची सिविल कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ दायर शिकायतवाद पर सुनवाई की तिथि निर्धारित थी। इससे पहले नोटिस पर रोक लगने से राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। रांची सिविल कोर्ट की न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कु की कोर्ट ने उन्हें वर्ष 2018 से जुड़े एक मामले में नोटिस जारी किया है। दरअसल नवीन झा ने राहुल गांधी के खिलाफ एक शिकायतवाद दर्ज करवायी है। जिसमें उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी ने अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने का आरोप लगाया है। नोटिस जारी होने के बाद राहुल गांधी की ओर से याचिका दाखिल की गई है।

## रामगढ़ उपचुनाव में केला और हाथ में होगी भिड़ंत

# भाजपा से दिल मिलेगा तभी आजसू रामगढ़ फतह करेगा!

**उदय चौहान**





**रांची।** रामगढ़ उपचुनाव को लेकर राजनीतिक हवा गर्म हो गयी है। फिलहाल, महागठबंधन की ओर से प्रत्याशी का चयन नहीं किया गया है। जबकि, राजग की ओर से सुनीता चौधरी को उम्मीदवार बनाया गया है। हालांकि, सिर्फ आजसू संसदीय बोर्ड ने सुनीता चौधरी को रामगढ़ का प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया है। आजसू की बैठक में राजग का एक धड़ा भाजपा नदारद थी। इसलिये, पिछले चुनाव की भांति आजसू को भाजपा का साथ नहीं मिला तो कांग्रेस को फायदा पहुंचना तय है। कहने का तात्पर्य है कि भाजपा से दिल मिलेगा तभी आजसू रामगढ़ का किला जीत सकेगी।

सूत्रों के अनुसार कुर्मी बहुल रामगढ़ विधानसभा सीट को लेकर राजनीतिक दलों ने धूल उड़ाना शुरू कर दिया है। सभी दल अपने-अपने दावे भी कर रहे हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुर्मी मतदाताओं की संख्या 90 हजार के करीब है। इसके बाद वैश्य मतदाता जिनकी संख्या तकरीबन 40 हजार है। मुस्लिम मतदाता की संख्या 35 हजार के करीब है। वहीं, 20 हजार के करीब आदिवासी, 15 हजार अनुसूचित जाति और लगभग 20 हजार के करीब सवर्ण मतदाता हैं। इस उपचुनाव में मुख्य मुकाबला आजसू का केला व कांग्रेस का पंजा के बीच तय है। इसके अलावा अन्य झारखंड नामधारी दल व वाम दलों की ओर से उम्मीदवार उतारा जा सकता है।

राजनीतिक प्रेक्षकों का दावा है कि पिछले 22 सालों से इस सीट पर महतो प्रत्याशी का दबदबा रहा है। इस बार भी इस सीट पर मुख्य मुकाबला महतो प्रत्याशी के बीच ही हो सकता है। आजसू की सुनीता चौधरी का कांग्रेस के संभावित उम्मीदवार बजरंग महतो से होगा। रामगढ़ से 3 टर्म विधायक रहे चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी को आजसू ने मैदान में उतारा है। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रजरप्पा दौरे पर यह घोषणा कर दी थी कि रामगढ़ उपचुनाव में महागठबंधन से कांग्रेस का प्रत्याशी होगा। माना जा रहा है कि कांग्रेस की निवर्त्तमान विधायक ममता देवी के पति बजरंग महतो को उम्मीदवार बनाया जा सकता है। जो हो, रामगढ़ का मुकाबला दिलचस्प होने जा रहा है। पिछले चुनाव मे आजसू के गढ़ को भेदते हुए कांग्रेस ने परचम लहराया था। कांग्रेस की ममता देवी कोर्ट ने सजा सुनायी थी, जिसके बाद उनकी विधायकी चली गयी।

इधर, जानकारों का मानना है कि भाजपा उपर-उपर आजसू का समर्थन कर रही है। यदि भाजपा का दिल आजसू से नहीं मिला तो उसके लिये संकट बढ़ सकती है। भाजपा ने खुलकर कुछ नहीं कहा है। इससे राजग के दोनों घटक दलों भाजपा व आजसू के बीच संशय की स्थिति बन गयी है। साल 2019 में यूपीए गठबंधन की उम्मीदवार ममता देवी ने 99,944 वोट लेकर सीट जीती थी। दूसरे स्थान पर आजसू पार्टी की उम्मीदवार सुनीता चौधरी 71,226 मत प्राप्त की थी। तीसरे स्थान पर भाजपा प्रत्याशी रणंजय कुमार ने 31,874 मत प्राप्त किया था। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में आजसू और भाजपा का गठबंधन नहीं था।

# खूंटी में आदिवासी महिला के साथ गैंगरेप, तीनों आरोपी गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/खूंटी।** खूंटी जिले में एक विवाहित आदिवासी महिला के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। घटना सोयको थाना क्षेत्र में 31 जनवरी की है, इस मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

इधर, पुलिस ने सोयको थाना में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराने के बाद पीड़िता का मेडिकल कराया। जिसके बाद कोर्ट में 164 के तहत बयान दर्ज कराया गया। बताया गया कि पीड़िता के घर में कुछ मेहमान आए थे। मेहमानों के लिए महिला हड़िया लेने के लिए घर से निकली थी। घर से कुछ दूरी पर एक पूर्व परिचित शख्स मिला। वह महिला को अपने साथ ले गया। फिर बाद में उसने एक सुनसान जगह पर अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर महिला के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया।

खूंटी एसपी अमन कुमार ने बताया कि महिला के साथ गैंगरेप के तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# रंगदारी मांगने के आरोप में दो अपराधी गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नगड़ी थाना पुलिस ने एक व्यवसायी से पांच लाख रंगदारी मांगने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में ललित उरांव (लोहरदगा) और हासिम अंसारी शामिल है। इन आरोपियों ने नगड़ी थाना एरिया के डॉ संजय पंडित से पांच लाख रूपए रंगदारी के रूप में मांगा था। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि डॉ संजय पंडित ने उनलोगों को 95 हजार रूपए पहुंचाने के लिए लोहरदगा शंख नदी के पास से पकड़ा गया। पुलिस ने इनलोगों के पास से रंगदारी की रकम, कांड में उपयोग गए चार मोबाइल और जाली नोट का बंडल बरामद किया गया।

## पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा के दौरान लापरवाही का आरोप

# 9 पीडीएस दुकानदारों को शोकॉज चौबीस घंटे में जवाब देने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा के दौरान लापरवाही बरतने वाले 9 पीडीएस दुकानदारों पर कार्रवाई की गई है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग ने पीडीएस दुकानदारों को शो कॉज जारी किया है। 3 फरवरी 2022 को औचक निरीक्षण के दौरान इन सभी 09 पीडीएस दुकानदारों की दुकान बंद पायी गयी थी। दिन के करीब 12.30 भी सभी पीडीएस दुकान बंद मिली। इन दुकानदारों को 24 घंटे के अंदर कोताही एवं लापरवाही के संबंध में अपना स्पष्टीकरण समर्पित करने का आदेश दिया गया है। साथ ही अपने दुकान से संबंधित शत-प्रतिशत राशनकार्ड धारियों का डेटा स्वच्छ करना सुनिश्चित करने को कहा गया है।

**इन पीडीएस दुकानदारों को किया गया शोकॉज**

- अनिता देवी-1, जन वितरण प्रणाली दुकानदार, अनुज्ञप्ति सं.-100/92, वार्ड सं0-10, अनुभाजन क्षेत्र, राँची।
- दीपक सरकार, जन वितरण प्रणाली दुकानदार, अनुज्ञप्ति सं.- 07/95, वार्ड सं0-11, अनुभाजन क्षेत्र, राँची।
- गीता देवी, जन वितरण प्रणाली दुकानदार, अनुज्ञप्ति सं.- 01/01, वार्ड सं0-19, अनुभाजन क्षेत्र, राँची।
- जोसेफ मिंज, जन वितरण प्रणाली दुकानदार, अनुज्ञप्ति सं.-14/91, वार्ड सं0-13, अनुभाजन क्षेत्र, राँची।
- मंजू माला सिन्हा, जन वितरण प्रणाली दुकानदार, अनुज्ञप्ति सं.-01/21, वार्ड सं0-12, अनुभाजन क्षेत्र, राँची।
- ओम प्रकाश झा, जन वितरण प्रणाली दुकानदार, अनुज्ञप्ति सं.-26/90, वार्ड सं0-20, अनुभाजन क्षेत्र, राँची।
- पीके नागपाल, जन वितरण प्रणाली दुकानदार, अनुज्ञप्ति सं.-04/96, वार्ड सं0-20, अनुभाजन क्षेत्र, राँची।
- सोमरा मुण्डा, जन वितरण प्रणाली दुकानदार, अनुज्ञप्ति सं.-25/91, वार्ड सं0-19, अनुभाजन क्षेत्र, राँची।
- मदन मुरारी प्रसाद सिन्हा, जन वितरण प्रणाली दुकानदार, अनुज्ञप्ति सं.-05/88, वार्ड सं0-19, अनुभाजन क्षेत्र, राँची।

प्रत्येक दिन प्रत्येक डीलर के क्रियाकलाप पर डैश बोर्ड के माध्यम से नजर रखी जा रही है, जिसमें यह पाया गया है कि लापरवाही बरतने वाले सभी पीडीएस दुकानदारों की कार्य प्रगति अभी तक शून्य है। बता दें कि 1 फरवरी से 14 फरवरी तक पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। इस दौरान राशन कार्डधारियों के शत प्रतिशत यूआइडी सुधार, यूआइडी सीडिंग, अपवाद पंजी के माध्यम से वितरण खाद्यान्न के लाभुकों का सत्यापन, एक नाम से अनेक राशन कार्डधारी सदस्य का नाम बहुप्रविष्टियाँ का सत्यापन किया जा रहा है।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
**सूचना**
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल,www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

# युवती के अपहरण के आरोप में जमशेदपुर से युवक गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हिंदपीढ़ी थाना पुलिस ने युवती के अपहरण के आरोप में एक युवक को जमशेदपुर से गिरफ्तार किया है। साथ ही साथ अपहृत युवती को भी बरामद किया है। आरोपी युवक का नाम रोहित रजक है। हिंदपीढ़ी थाना पुलिस के मुताबिक, युवक को एक मुस्लिम युवती से प्यार हो गया। प्रेम का परवान इस कदर चढ़ा कि युवक युवती को लेकर फरार हो गया और उससे शादी रचा ली। युवती के लापता होने की सूचना पर युवती के पिता ने अपहरण का केस दर्ज कराया। दर्ज केस के मुताबिक, जब पूरे मामले की छानबीन की गई तो पाया कि आरोपी जमशेदपुर में है। इधर, युवक ने पुलिस को बताया कि नवंबर माह में युवती के साथ घर से निकला हुआ था। 15 दिन के बाद दोनों वापस रांची लौटे। जब युवक को पता चला कि युवती के पिता ने प्राथमिकी दर्ज कराई है तो वह जमशेदपुर फरार हो गया। उसने बताया कि उसने युवती के साथ पहाड़ी मंदिर में 13 दिसंबर को शादी रचाई थी। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए पुलिस को मिली ट्रेनिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य के जिन-जिन जिलों में एयरपोर्ट है, उन एयरपोर्ट में अब झारखंड पुलिस भी अपनी सेवा देगी। इस बाबत झारखंड पुलिस में पदस्थापित 42 पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। पुलिस अपर महानिदेशक संजय राव लाटकर ने इन पुलिसकर्मियों को बेहतर सेवा देने के लिए के लिए प्रोत्साहित भी किया।



**रांची समेत चार एयरपोर्ट की करेंगे निगरानी :** होटवार में चले इस विशेष प्रशिक्षण सत्र में रांची समेत चार एयरपोर्ट क्रमशः देवघर, जमशेदपुर, बोकारो, दुमका में गठित एविएशन सेक्यूरिटी प्रशिक्षण संस्थान का गठन किया गया है।

**क्या रहेगी भूमिका :** इन प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों की भूमिका विमानन सुरक्षा का प्राथमिक उददेश्य नागरिक उड्डयन के साथ गैरकानूनी हस्तक्षेप कार्य के खिलाफ सुरक्षा से संबंधित मामलों जैसे यात्रियों, चालक दल, जमीनी कर्मियों और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

गौरतलब हो कि राज्य में एविएशन सेक्यूरिटी से संबंधित दिया जानेवाला यह पहला विशेष प्रशिक्षण है।

# नामकुम पुलिस ने फर्जी परीक्षार्थी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र में दूसरे परीक्षार्थी की जगह परीक्षा देने के आरोप में आलोक नंदन को गिरफ्तार किया गया है। आलोक नंदन बिहार के जहानाबाद जिले के मकदुमपुर का रहनेवाला है। आरोपी के विरूद्व नामकुम थाना में झारखंड कंडक्ट ऑफ एक्जामिनेशन एक्ट 2001 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। ग्रामीण एसपी मो नौशाद ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मामले का सत्यापन किया गया तो पाया कि आलोक नंदन दूसरे के स्थान पर एग्जाम दे रहा था। आलोक नंदन असरफी कुमार के नाम पर परीक्षा दे रहा था। वह असरफी कुमार के एडमिट कार्ड पर अपनी तस्वीर चस्पा कर लिया था। पुलिस ने एक जाली एडमिट कार्ड, जाली आधार, मूल एडमिट कार्ड व अन्य कागजात बरामद किया है।

## 22 फरवरी से मोरहाबादी मैदान में पर्यावरण मेला

### युगांतर भारती करेगा आयोजन, मेला 3 मार्च तक चलेगा

**रांची।** युगांतर भारती तथा नेचर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण मेला 22 फरवरी से 3 मार्च तक मोराबादी मैदान में लगाया जायेगा। उक्त मेले में देश के जाने-माने तथा प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, पर्यावरणविद् कानूनविद् आदि लोकहित व्याख्यानों द्वारा पर्यावरण के विभिन्न आयामों पर अपने अनुभव एवं विचार रखेंगे। यह जानकारी मेले के संयोजक डॉ एमके जमुआर ने दी। डॉ जमुआर ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस में पर्यावरण के प्रति रूचि बढ़ाना है। इसके लिए राज्य के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों के छात्रों के लिए पर्यावरण विषय पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सभी शैक्षणिक संस्थानों से चुने गये उत्कृष्ट प्रतिभागियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 23 फरवरी को मेला परिसर में किया जायेगा। विशेषज्ञ पैनल द्वारा घोषित किये गये विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र, पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

## एलआइसी और एसबीआइ ऑफिस के सामने 6 फरवरी को धरना

# अडानी ग्रुप के खिलाफ कांग्रेस चलायेगी देशव्यापी आंदोलन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अडानी ग्रुप ओर केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने सड़क पर आंदोलन करने का फैसला किया है। पार्टी ने निर्णय लिया है कि आगामी 6 फरवरी यानी सोमवार को देशभर के जिलों में जीवन बीमा निगम और भारतीय स्टेट बैंक के कार्यालयों के सामने राष्ट्रव्यापी जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सभी प्रदेश कांग्रेस कमेटी को निर्देश दिया है। बता दें कि हिंडेनबर्ग रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस अडानी प्रकरण की जांच एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) या सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की देखरेख में कराने की भी मांग कर रही है।





**मोदी सरकार की नीतियों से पूरा देश चिंतित :** केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि आम आदमी की गाढ़ी कमाई की कीमत पर अपने करीबी दोस्तों और चुनिंदा अरबपतियों को लाभ पहुंचाने की मोदी सरकार की नीतियों से पूरा देश, खासकर मध्यम वर्ग चिंतित है। मोदी सरकार द्वारा अडानी समूह में एलआईसी और एसबीआई जैसे सरकारी संस्थानों के बेहद जोखिम भरे लेनदेन और निवेश ने भारत के निवेशकों-एलआईसी के 29 करोड़ पॉलिसी धारकों और एसबीआई के 45 करोड़ खाताधारकों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। मोदी सरकार ने जबरदस्ती एलआईसी, एसबीआई और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को अडानी समूह में निवेश किया है। उन्होंने कहा कि एलआईसी ने अडानी समूह में भारी निवेश किया है और पिछले कुछ दिनों में एलआईसी के 39 करोड़ पॉलिसीधारकों और निवेशकों को 33,060 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। भारतीय स्टेट बैंक और अन्य बैंकों ने अडानी समूह को भारी मात्रा में ऋण दिया है। अडानी ग्रुप पर भारतीय बैंकों का करीब 80,000 करोड़ रुपये बकाया है।

**कांग्रेस क्रोनी कैपिटलिज्म के खिलाफ हैं :** केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी कभी भी किसी खास भारतीय कॉरपोरेट घराने के खिलाफ नहीं रही, हम क्रोनी कैपिटलिज्म के खिलाफ हैं। हम चुनिंदा अरबपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए नियम बदलने के विचार के खिलाफ हैं। पार्टी हमेशा गरीबों और आम आदमी के साथ खड़ी थी और रहेगी।

## कोयंबटूर-धनबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन कल से रांची के रास्ते

**रांची।** यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इसी के तहत धनबाद-कोयंबटूर-धनबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन वाया रांची का परिचालन होगा। यह ट्रेन 5 फरवरी से धनबाद से और कोयंबटूर से 8 फरवरी से 8 ट्रिप चलेगी। ट्रेन संख्या 03357 धनबाद-कोयंबटूर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन (वाया रांची) 05/02/2023 से 26/03/2023 तक प्रत्येक रविवार को धनबाद से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का धनबाद प्रस्थान रविवार 06:00 बजे, बोकारो स्टील सिटी, मूरी होते हुए रांची आगमन 10:55 बजे होगा। वहीं रांची से प्रस्थान 11:05 बजे होगा। राउरकेला आगमन 14:05 बजे और विशाखपटनम आगमन 03:00 बजे होगा। इसके साथ ही यह ट्रेन काटपाडी जंक्शन 21:30 बजे पहुंचेगी और यहां से प्रस्थान 21:50 बजे, सेलम आगमन 00:30 बजे प्रस्थान 00:35 बजे एवं कोयंबत्तूर आगमन मंगलवार 04:00 बजे होगा।

# दो दर्जन लोग कांग्रेस पार्टी में शामिल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** महानगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष कुमार राजा की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में लगभग दो दर्जन लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की मौजूद थे। समारोह में कुमार राजा ने पार्टी में शामिल होनेवाले नेताओं से कहा कि आप अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी के साथ लोगों को जोड़कर संगठन को मजबूत करने का काम करें। इस अवसर पर जितेंद्र त्रिवेदी, विकास यादव, विक्की, दिनेश उरांव, सोमा तिर्की, सुनील तिर्की, राजकुमार नागवंशी, जोयो चक्रवर्ती एवं अन्य कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED
(Jharkhand Govt. Undertaking)
Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712
(CIN: U45200JH2002SGC012154)

**e-Procurement Notice No. 23 / 2022-23**

Letter No.- CE/3296/106 Date: 03.02.2023

JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below:

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Period of Completion | For | Type of Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | JPHCL/ GR01/ NIT23/ 2022-23 | Construction of 225 Bedded Barrack at Police Line, Ranchi in the district of Ranchi | 54554889.00 | 10000.00 | 546000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 2 | JPHCL/ GR02/ NIT23/ 2022-23 | Construction of 225 Bedded Male Barrack (Block 1) at JAP 6, Jamshedpur in the district of East Singhbhum | 53204045.00 | 10000.00 | 533000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 3 | JPHCL/ GR03/ NIT23/ 2022-23 | Construction of Police Station Building at Meherma in the district of Godda | 29284163.00 | 10000.00 | 293000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 4 | JPHCL/ GR04/ NIT23/ 2022-23 | Construction of Police Station Building at Ranga in the district of Sahebganj | 27206926.00 | 10000.00 | 273000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 5 | JPHCL/ GR05/ NIT23/ 2022-23 | Construction of Fortified Police Station Building at Maheshpur in the district of Pakur | 25630487.00 | 10000.00 | 257000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 6 | JPHCL/ GR06/ NIT23/ 2022-23 | Construction of Police Station Building at Muffasil Thana in the district of Simdega | 27079967.00 | 10000.00 | 271000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 7 | JPHCL/ GR07/ NIT23/ 2022-23 | Construction of Police Station Building at Chandil P.S. in the district of Saraikela Kharsawan | 27716556.00 | 10000.00 | 278000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 8 | JPHCL/ GR08/ NIT23/ 2022-23 | Construction of Police Station Building at R.I.T. P.S. in the district of Saraikela Kharsawan | 26579161.00 | 10000.00 | 266000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 9 | JPHCL/ GR08/ NIT23/ 2022-23 | Construction of Police Station Building at Bhandaria in the district of Garhwa | 26049508.00 | 10000.00 | 261000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal http://jharkhandtenders.gov.in from 10.02.2023 at 11:00 AM to 23.02.2023 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal http://jharkhandtenders.gov.in on or before 5:00 PM on 23.02.2023. Hard copy of Earnest Money, Cost of BOQ and Affidavit must be submitted in the office of undersigned on or before 4:00 PM on 24.02.2023. Technical Bids received online will be opened at 11:00 AM on 27.02.2023.
3. Estimated Cost may vary.
4. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi

## झारखंड अन्य राज्यों से बिल्कुल अलग, दूसरे राज्यों के बजट की कॉपी संभव नहीं

# बजट के प्रति लोगों को जागरूक करना जरूरी : सीएम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हमीन कर बजट के तहत शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में वित्त विभाग द्वारा आयोजित बजट पूर्व गोष्ठी को संबोधित करते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में बजट के प्रति लोगों को जारूक करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि विकसित राज्यों तथा बड़े-बड़े शहरों में बजट के प्रति आम लोगों की उत्सुकता देखने को मिलती है परंतु हमारे राज्य में बजट के प्रति लोगों में उत्सुकता कम नजर आती है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों वे एक ऐसे क्षेत्र में गये जहां 40 वर्षों के बाद वहां के लोगों ने शहर के लोगों को देखा। हमारे राज्य में इसी तरह के कई और क्षेत्र हैं जहां विकास की योजनाएं न के बराबर पहुंच पायी हैं।

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार की सोच है कि राज्य की भौगोलिक बनावट को ध्यान में रखकर ऐसा बजट बनाया जाए जिसका लाभ प्रत्येक परिवार तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि झारखंड देश के अन्य राज्यों के मुकाबले बिल्कुल अलग है। हमारे राज्य में दूसरे राज्यों के बजट मॉडल की कॉपी नहीं की जा सकती है।



**रोजगार सृजन पर फोकस :** उन्होंने कहा कि बजट में रोजगार सृजन पर फोकस रखने की जरूरत है। राज्य सरकार ने एक बेहतर इंडस्ट्री पॉलिसी बनाने का काम किया है। रोजगार सृजन के लिये कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं। कई योजनाओं को रफ्तार देकर यहां के आदिवासी, दलित, शोषित, गरीब तथा जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई दशक पहले ही राज्य में बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने अपने संस्थान स्थापित किए हैं। बोकारो स्टील प्लांट, टाटा, बिरला, एचईसी, सेल, उषा मार्टिन सहित बड़े-बड़े संस्थानों ने यहां कारोबार को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बेहतर इंडस्ट्री पॉलिसी के तहत निवेशकों को एक बेहतर माहौल देने का काम कर रही है। कई निवेशकों ने झारखंड में निवेश करने की इच्छा भी जाहिर की है। राज्य में अधिक से अधिक रोजगार सृजन हो इस निमित्त हमारी सरकार निरंतर प्रयासरत है।
उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपनी गारंटी पर यहां के लोगों को निजी व्यवसाय के लिये कम ब्याज दर पर बैंकों से ऋण उपलब्ध करा रही है। लेकिन जानकारी की कमी रहने के कारण यहां के अधिकांश जरूरतमंद लोग बैंकों से ऋण प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं।

## नीति निर्धारण पर हुआ है कार्य

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार नीति निर्धारण पर कार्य कर रही है। राज्य में कई बेहतर पॉलिसी बनाई गई है, जिसमें खेल नीतिए टूरिज्म नीति सहित कई नीतियां शामिल है। खेल नीति के तहत युवाओं को नौकरियां भी मिल रही हैं। खेल के क्षेत्र में झारखंड हमेशा से आगे रहा है। यहां के खिलाड़ियों ने देश और दुनिया में राज्य का नाम रोशन किया है। वर्तमान में भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड के 5 से 6 बच्चियां देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। पंचायत स्तर पर खेल स्टेडियम बनाने का कार्य राज्य सरकार कर रही है। आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र को भी मजबूत करने का काम किया जाएगा। स्कूल तथा कॉलेजों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर लगाया जा रहा है। स्कूलों तथा कॉलेजों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। इस निमित्त प्रोफेसर तथा शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द प्रारंभ की जायेगी। राज्य सरकार टूरिज्म पॉलिसी के तहत रोजगार सृजन के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। हमारे राज्य में पहले नक्सल गतिविधियों के कारण टूरिज्म को अनदेखा किया गया था लेकिन अब स्थिति वैसी नहीं है। अब, राज्य सरकार टूरिज्म सेक्टर पर आगे बढ़ रही है। बजट गोष्ठी में महानुभावों द्वारा दिए गये सुझावों के अनुरूप राज्य सरकार सभी जिलों में हॉस्टलए महिला हॉस्टल का निर्माण तथा पीपीपी मोड पर शहरों का विकास इत्यादि क्षेत्रों पर कार्य करेगी। राज्य के नर्सिंग कॉलेजों में नर्स का ट्रेनिंग सिर्फ लड़कियों को ही नहीं बल्कि लड़कों को भी मिले इस पर कार्य किया जाएगा ताकि आने वाले समय में रोजगार सृजन बड़ी संख्या में हो सके। शहरों में कामकाजी महिलाओं के लिए अलग हॉस्टल बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कॉलेजों की संख्या बढ़ाने पर भी कार्य करने की आवश्यकता है। इस पर हमारी सरकार अवश्य संज्ञान लेगी।

# नियमितीकरण की मांग को लेकर पारा मेडिकलकर्मियों की हड़ताल 18वें दिन भी जारी

**अनशन का 11 वां दिन रहा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** पारा मेडिकल कर्मियों की हड़ताल के 18वें दिन और अनशन के 11वें दिन शुक्रवार को नियमितीकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन जारी रहा। अब तक कोई सफल वार्ता नहीं होने से कर्मियों में इस बात को लेकर रोष है कि विभाग और मुख्यमंत्री ने अब तक अनशनकारियों की सुधि लेना भी उचित नहीं समझा। राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से ठप होती हुई नजर आ रही है। एक ओर जहां वैक्सीनेशन अधूरा पड़ता जा रहा है, वहीं इसका असर आंगनबाड़ी, वैक्सिनेशन आदि में भी देखने को मिल रहा है।

संघ के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मिलकर अपनी उचित मांगों को रखा। जिसपर राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार को जरूरत है तभी तो आप सेवा दे रहे हैं इस परिस्थिति में सरकार को आपके नियमितीकरण पर विचार करना चाहिए। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को बुलाकर हड़तालीकर्मियों के बिंदुओं से अवगत कराने की बात कही। प्रदेश सचिव नवीन कुमार गुप्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 2 से ढाई हजार की संख्या में लोग धरना स्थल पर डटे रहे और अनशन कारियों का हौसला बढ़ाते रहें। आज भी दो कर्मियों को सदर अस्पताल ले जाया गया। अनशन कारियों की संख्या अस्पताल में बढ़ते जा रही है और अनशन स्थल पर कम होते जा रही है फिर भी सरकार गहरी निद्रा में सो रही है अनशनकारियों एवम जनता की सुध नहीं लिया जा रहा है,इसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा।

## बच्चों ने समझीं गैस सेफ्टी की बारीकियां

निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में गैस सेफ्टी और उसके उपयोग पर कार्यशाला

खबर मंत्र संवाददाता



**रांची।** निर्मला कन्वेंट हाई स्कूल में शुक्रवार को गैस सेफ्टी तथा उसके उपयोग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों ने भी गैस सेफ्टी तथा उसके उपयोग से संबंधित बारीकियों को समझा। कुमार रुपेश तथा आदित्य तिग्गा ने बच्चों को गैस सेफ्टी तथा उसके उपयोग से संबंधित बातों की जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को बताया कि गैस जितना हमारे लिए उपयोगी है। उतना ही खतरनाक भी है। अगर इसको सावधानीपूर्वक उपयोग नहीं किया जाए तो यह जानलेवा भी हो सकता है। कार्यशाला में छात्र छात्राओं ने गैस उपयोग से संबंधित काफी प्रश्न पूछे और उसका उपाय भी समझा।

शर्मा ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यशाला आवश्यक है। इससे न सिर्फ विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि मुश्किल परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता का भी विकास होता है।

वहीं, प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि इस कार्यशाला से जहां गैस सेफ्टी के बारे में पता चलेगा। वहीं मुश्किल वक्त में एक टीम बनकर कार्य करने की भावना भी पैदा होगी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका गोपाल चंद्र दास, शिवानी कुमारी,किरण कुमारी, आशुतोष कुमार विभा तिग्गा के साथ सभी विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

## डालसा ने राष्ट्रीय लोक अदालत की दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के द्वारा मांडर प्रखंड के बंझिला व बुढ़ा खुखरा में डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, ईंद्राणी कुजूर, पीएलवी सुमन ठाकुर, आफताब अंसारी, तारामनी देवी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। डालसा टीम के अधिवक्ता व पीएलवी ने उपस्थित लोगों जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलने वाली सुविधाओं को विस्तार से बताया।

अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि विचाराधीन बंदियों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को डालसा के द्वारा मुकदमा लड़ने तथा अपना बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। मोटर दुर्घटना में मुआवाजा कैसे प्राप्त किया जा सकता है? इस संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गयी।

अधिवक्ता ईंद्राणी कुजूर ने प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, के बारे में जानकारी दी। डालसा के पीएलवी ने आगामी 11 फरवरी 2023 को आयोजित होनेवाली लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी। लोक अदालत में आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं विवाह से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। इसकी जानकारी दी गयी। अंत में डालसा के पीएलवी ने माण्डर आसपास क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम कर राहगीरों के बीच पम्पलेट, लिफलेट तथा कानूनी पुस्तिका का वितरण किया।

## इक्फाई विश्वविद्यालय में भारतीय जातीय दिवस 2023 का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय में शुक्रवार को भारतीय जातीय दिवस 2023 मनाया गया। इस कार्यक्रम में डॉ जीएल दत्ता, प्रतिष्ठित पूर्व चांसलर, केएल विश्वविद्यालय और पूजा लकड़ा, विजेता ग्लोबल ट्राइबल क्वीन कॉन्टेस्ट 2022 कार्यक्रम के दौरान सम्मानित अतिथि थे। कार्यक्रम का विषय था एक स्मार्ट भारतीय की तरह पोशाक और एक पुरस्कार जीतें।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने युवाओं के बीच भारतीय संस्कृति को आत्मसात करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों से भारतीय इतिहास, संस्कृति, रीति-रिवाजों और भाषा पर गर्व करने का आह्वान किया, क्योंकि वे हमें विशेष और अद्वितीय बनाते हैं। प्रो. राव ने कहा भारत विविधता का देश है, लेकिन सबसे समावेशी तरीकों से एकता का प्रतीक भी है। प्रत्येक राज्य और उसके क्षेत्रों की अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और रीति-रिवाज हैं।

डॉ जीएल दत्ता ने ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की, जो मानवीय मूल्यों के साथ गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा को सक्षम बनाता है। पूजा लाकड़ा ने ग्लोबल ट्राइबल क्वीन 2022 प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिए विश्वविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

छात्रों द्वारा अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एथनिक वियर राउंड, शो योर टैलेंट और जैमिंग एंड सिंगिंग जैसे कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की। एथनिक वियर राउंड में प्रतिभागियों द्वारा पंजाब, यूपी, बिहार, बंगाल, झारखंड, उड़ीसा आदि के पारंपरिक परिधानों का प्रदर्शन किया गया। एथनिक राउंड में, शीर्ष तीन पुरस्कार क्रमशः नेहा प्रिया (एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर), सत्येंद्र पांडे (एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर) और अभिमन्यु (बीबीए-एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर) को मिले। शो योर टैलेंट प्रतियोगिता में ऋतिका (बीसीए द्वितीय सेमेस्टर), स्नेहा कौर (बीसीए द्वितीय सेमेस्टर) और आयुष जायसवाल (बी.टेक चतुर्थ सेमेस्टर) ने शीर्ष 3 पुरस्कार जीते। पास के सिमलिया गांव के ग्रामीण छात्रों को भी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अरविंद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व फैकल्टी मेंबर्स शामिल हुए।

## सीसीएल ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया



**रांची।** राजधानी रांची के हाथीगोंडा में सीसीएल द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 150 ग्रामीणों के हाइपरटेंशन तथा मधुमेह की निःशुल्क जांच की गई। ज्ञातव्य हो कि सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद के कुशल निर्देशन में अपने हितधारकों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निदान हेतु समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन करती रहती है। शिविर में डॉ.सुमन सिंह, डॉ.अरूणा हेंब्रोम, डॉ.अनिता होरो, डॉ.रजनी दीपा कुजूर तथा डॉ.नीलू कुमारी व अन्य मौजूद थे।

## श्री शिव बारात आयोजन समिति की हुई अहम बैठक



**रांची।** शुक्रवार को रातू रोड वाली दुर्गा मंदिर के प्रांगण में श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें आरआर स्पोर्टिंग क्लब के संरक्षक विक्की यादव व अध्यक्ष रोहित यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में यह तय हो गया कि शिव बारात की शोभा यात्रा इंद्रपुरी शिव मंदिर के मुख्य द्वार से निकलकर पहाड़ी मंदिर बानो मंजिल रोड, जेजे रोड, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक से अपर बाजार महावीर चौक होते हुए आरआर स्पोर्टिंग क्लब स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी, जहां पूरे विधि विधान के साथ देवाधिदेव महादेव का जयमाला संपन्न होगा।

## दो दिवसीय मसीही गीतों की संध्या का शुभारंभ आज



**रांची।** गोस्सनर मिडिल स्कूल ग्राउंड में आज शाम 6:00 बजे से शेल्डन बंगेरा, येशुआ मिनिस्ट्रीज एंड जेसीबी का लाइव इन कंसर्ट शुरू होगा। यह जानकारी आयोजन समिति के मिहिर तोपनो व सुनिता समद ने दी। उन्होंने बताया कि 4 व 5 फरवरी को आयोजित होने वाली लाइव इन कंसर्ट का यह कार्यक्रम संध्या छह बजे से आरंभ होगा। लाइव इन कंसर्ट के इस कार्यक्रम में गीतों के माध्यम से लोगों को प्रभु के वचन निःस्वार्थ प्रेम, सेवा, करुणा, दया व क्षमाशीलता में बढ़ते हुए खुशहाल व समृद्ध समाज तथा देश निर्माण का संदेश देंगे। मिहिर व सुनिता ने संयुक्त रुप से प्रेस को बताया कि येशुआ मिनिस्ट्रीज, शेल्डन बंगेरा एवं जेबीसी देश वे ख्यातिप्राप्त बैंड हैं जो अपने देश भारत के विभिन्न शहरों (हैदराबाद, बेंगलुरु ,दिल्ली, लखनऊ तथा अन्य राज्य) आदि में आध्यात्मिक गीतों की प्रस्तुति से मसीहियों तथा प्रभु के भक्तों का आत्मिक पोषण करने के साथ लोगों के बीच कारगर रुप से प्रभु के वचनों का प्रचार प्रसार करते रहे हैं। मौके पर तेज मुंडू मोनिका, मुंडू शरद पिल्लई और संजय मिंज ने बताया कि लाइन इन कंसर्ट की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

## रामगढ़ उपचुनाव के लिए बेरोजगार युवाओं ने खरीदा नामांकन फार्म, नेताओं को सबक सिखायेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** छात्र नेता व खतियान आंदोलनकारी इमाम सफी के साथ 5 छात्रों ने शुक्रवार को रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में नामांकन के लिए फार्म खरीदा। इमाम सफी के साथ सहदेव महतो, मनोज बेदिया, फारुख अंसारी व कृष्ण किशोर ने नामांकन फॉर्म 10 हजार रुपये में खरीदा। बेरोजगार छात्र सहदेव महतो ने कहा कि झारखंड के बेरोजगार एक हों और नॉमिनेशन के लिए आगे आएं। जिस तरीके से नेता हमें चुनाव में झूठे वायदे करते हैं, अब हम नेताओं को दिखाएंगे कि हम युवाओं में कितना दम है। हम सब एक साथ 5 फरवरी को नामांकन करेंगे। उन्होंने चुनाव में युवाओं को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील करते हुए आर्थिक सहायता की भी मांग की है।

**यह बेरोजगार युवाओं का हल्लाबोल : इमाम सफी**

छात्रों से अपील करते हुए इमाम सफी ने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव में रामगढ़ की जनता व बेरोजगार छात्र मिलकर राजनीतिक परिवारवाद का अंत करेंगे। यह बेईमान नेताओं और परिवारवाद के खिलाफ यह बेरोजगार युवाओं का हल्लाबोल है। रामगढ़ उपचुनाव में हम युवाओं का चुनाव लड़ने का मकसद यही है कि सत्ताधारी दलों को सबक सिखाया जाये। वहीं ओरमांझी के प्रदीप बेदिया ने कहा कि सत्ताधारी दल ने चुनाव में 5 लाख सलाना रोजगार और 5000 सालाना बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन हम युवाओं को कुछ नहीं मिला।

**खबर एक नजर में**

## डीपीएस में विदाई समारोह का आयोजन



**रांची।** डीपीएस में शुक्रवार को सत्र 2022-23 के बारहवीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया जो सदैव उनके मार्गदर्शन के लिए उपलब्ध रहे एवं उनके विद्यार्थी जीवन की समस्याओं का निवारण सफलतापूर्वक किया। बारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने जूनियर्स को तहे दिल से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सक्षम शिवाशीष को मिस्टर डीपीएस एवं नशिता इमाम को मिस डीपीएस के टाइटल से नवाजा गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने विद्यार्थियों को उनकी आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, कठिन परिश्रम एवं अनुशासन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा मे धैर्य, लगन एवं मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## अनुसूचित जाति तथा जनजाति के लिए सरकारी नौकरी की तैयारी में विशेष छूट

**रांची।** सरकारी नौकरी बैंकिंग, एसएससी, रेलवे,जेपीएससी की तैयारी करवाने वाली संस्थान एनआईबीएम के द्वारा कंबाइन कोर्स में अनुसूचित जाति तथा जनजाति के लिए 50% तक की विशेष छूट छूट दी जा रही है, इसके लिए विद्यार्थी को जाति, आय प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड की फोटो कॉपी के साथ कार्यालय में संपर्क करना होगा। संस्थान के निदेशक ने बताया कि यहां के शिक्षकगण पिछले 25 वर्षों से अधिक के अनुभवी हैं तथा निदेशक खुद मैथ तथा रीजनिंग की क्लास लेते हैं। यहां बेहतर तथा हजारों पुस्तकों तथा मैगजीन से सुसज्जित बहुत बड़ी लाइब्रेरी है जहां विद्यार्थी ग्रुप बनाकर पड़ते हैं। संस्थान में नई पैटर्न पर ऑनलाइन टेस्ट के लिए कंप्यूटर लैब है जहां ट्रेनर विद्यार्थी को अच्छी तरह से गाइड करते हैं। प्रत्येक दिन क्लास में टोटल डॉट क्लियर कराया जाता है। मैट्रिक पास तथा स्नातक पढ़ रहे स्नातक बी-टेक पास विद्यार्थी के लिए बैंकिंग के लिए सेपरेट तथा बैंकिंग एसएससी, रेलवे की सेपरेट कंबाइन बैच तथा आईबीपीएस की मुख्य परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों के लिए विशेष बैंक 6 तथा 10 फरवरी से विधिवत व्यवस्था के तहत जारी है।

## फ्रेंड्स ऑफ वीकर सोसाइटी ने स्कॉलरशिप का किया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** फ्रेंड्स विकर सोसायटी रांची ने शुक्रवार को एडॉप्शन /स्कॉलरशिप वितरण कार्यक्रम के प्रथम चरण के तहत शिक्षा को सम्मान और तालीम को ताकत की कड़ी में एचएमके पब्लिक हाई स्कूल और पारामाउंट पब्लिक हाई स्कूल मुजाहिद नगर हिंदपीढ़ी रांची के क्रमशः 16 और 20 छात्र एवं छात्राओ को चयनित कर उनके बीच स्कॉलरशिप वितरण किया। स्कॉलरशिप वितरण के इस कार्यक्रम में शिक्षा को सम्मान करते हुए ऐसे छात्रों का चयन किया गया जो खासकर आर्थिक रूप से कमजोर होने के साथ साथ थे पढ़ाई में होनहार और रोजाना स्कूल आने वाले थे। आज स्कॉलरशिप के पहले चरण के तहद सभी चयनित छात्रों को एक एक हजार रुपये दिए गए। कुल 36 हजार रुपये का चेक स्कूल के प्रिंसिपल को स्कूल के नाम पर दिया गया। सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य इम्तियाज अहमद ने बच्चों के अभिभावकों को मोटिवेट करते हुए कहा कि आप लोग जिस तरह अपने बच्चों को स्कूल भेजने में लापरवाही करते हैं यह उनके कैरियर के लिए नुकसानदेह है। जब आप का बच्चा स्कूल में गैरहाजिर रहेगा तो उसका पढ़ाई से मन उठता चला जायेगा। बच्चों की पूरी तरबियत करें । स्कूल से घर आने के बाद देखे वह कहां जाता है, किस से मिलता है, क्या करता है। आप अपने बच्चों को हर हाल में स्कूल भेजें। उसे जरूर पढ़ाएं पैसा कभी पढ़ाई में बाधा नहीं बनेगी यह हमारी संस्था आप को वचन देती है। इस मौके पर फ्रेंड्स ऑफ वीकर सोसाइटी के अध्यक्ष तनवीर अहमद और सचिव मो. खलील ने भी बच्चे के गार्डियन को मोटिवेट किया।

## महावीर मंडल ने रामनवमी मनाने का लिया निर्णय

**रांची।** शुक्रवार को श्री महावीर मण्डल की महत्वपूर्ण बैठक अशोक पुरोहित की अध्यक्षता में बैठक में मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा एवं गोपाल पारीक उपस्थित थे। बैठक में सर्व सहमति से श्री रामनवमी मोहत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में श्री महावीर मंडल के संविधान के अनुसार मंडल की आम सभा होली पर्व से पूर्व की राखी जायेगी। श्री महावीर मंडल प्रत्येक वर्ष एक मंदिर का जीर्णोद्धार करेगी। श्री महावीर मंडल के द्वारा प्रत्येक वर्ष बंद हो चुके एक अखाड़ा की पुनः नई शुरूआत करेगी। बैठक में श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, श्री महावीर मंडल के मंत्री कैलाश केसरी, राज किशोर, राहुल सिन्हा चंकी, सुनील रंजन सहाय, डॉ जीवाधन प्रसाद,अमित सोनी, बृंद कुमार साहू, प्रकाश चंद्र सिन्हा,अभिषेक चौधरी,अमरदीप साहू,ज्योति शंकर साहू, शशांक शर्मा, पुरुषोत्तम मालाकार सहित दर्जनों सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल थे।

## अभाविप रांची महानगर के प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा



**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) राँची महानगर का एक प्रतिनिधि मंडल छात्र-छात्राओ के साथ राँची विश्वविद्यालय के कुलपति से मिलकर ज्ञापन सौंपा। साथ ही विगत दिनों मांडर कॉलेज की प्राचार्या ने वहाँ के बर्सर पे जातिसूचक शब्द का प्रयोग कर उनको अपमानित किया था, उनके असम्मानजनक व्यवहार, अनुचित भाषा के प्रयोग एवं जाति सूचक टिप्पणी से आहत होकर नाथू गाड़ी जी को विवशतावश बर्सर पद से इस्तीफा देना पड़ा। वर्तमान महानगर मंत्री रोहित शेखर ने कहा कि प्राचार्या न केवल एक संवेदनहीन एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने वाली महिला हैं बल्कि उक्त पद के लिए सर्वथा अयोग्य हैं।छात्र छात्राओं को उनके असहयोगात्मक रवैया से लगातार परेशानी का सामना करना पड़ता है। शिक्षकों एवं कर्मचारियों के प्रति असम्मानजनक व्यवहार से पूरा कॉलेज परिवार आहत है। ऐसे व्यक्ति का विरोध कोई सामान्य बात नहीं है। विद्यार्थी परिषद राँची महानगर का आग्रह है कि प्रभारी प्राचार्या को अविलंब हटाया जाए और उनका तबादला किसी अन्य ग्रामीण कॉलेज में किया जाए ताकि कॉलेज का वातावरण पठन-पाठन के योग्य हो सके। अभाविप झारखंड के प्रदेश सह कार्यालय मंत्री शशिकांत सुमन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मौके पर उपस्थित लोगो में प्रणव गुप्ता,रिपुणजय दुबे,आरव सिंह,सत्यम, आनंद ,पवन,साक्षी,खुशबू हेम्ब्रॉम एव अन्य छात्र शामिल थे।

# सरला विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया फूड बाजार का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सरला विश्वविद्यालय के मार्केटिंग क्लब द्वारा विवि के एमपी थिएटर प्रांगण में विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा फूड बाजार का आयोजन किया गया, जिसका विधिवत शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक के द्वारा की गई।

जिसमें विश्वविद्यालय के छात्रों ने 25 विभिन्न प्रकार के फूड स्टॉल लगाए थे। 25 विभिन्न स्टालों में छात्रों ने एक से बढ़कर एक व्यंजन एवं खाद्य सामग्रियां सुव्यवस्थित बाजार की तरह समायोजित किए थे। बड़े पैमाने पर छात्रों ने काफी सराहना करते हुए खरीदारी की एवं फूड बाजार प्रतियोगिता को सफल बनाया। फूड बाजार में छात्रों ने काफी उत्साह एवं रुचि के साथ सहभागिता करते हुए बाजार संचालन के विभिन्न महत्वपूर्ण गुर को प्रायोगिक रूप से सीखने में कामयाब रहे। कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने कहा कि आज केवल किताबी ज्ञान ही नहीं अपितु व्यवहारिक ज्ञान का होना अति आवश्यक है जिसमें ईमानदारी और नैतिकता का समुचित समावेश हो।

मार्केटिंग क्लब के विश्वविद्यालय संयोजक डॉ पूजा मिश्रा ने बताया कि छात्रों में बाजार संचालन एवं मार्केटिंग के व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना इस कार्यक्रम का उद्देश्य था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह, डॉ संदीप कुमार, डॉ राधा माधव झा, प्रो एसबी दंडीन, श्री हरी बाबू शुक्ला, श्री अजय कुमार, श्री प्रवीण कुमार, डॉ पूजा मिश्रा, डॉ नीतू सिंघी, डॉ रिया मुखर्जी, प्रो अमित गुप्ता, प्रो आदित्य विक्रम वर्मा, डॉ भारद्वाज शुक्ल, डॉ विद्या झा, डॉ अरविंद भंडारी, डॉ गौतम तांती, डॉ मुकेश सिंह, डॉ मेघा सिन्हा, डॉ प्रियंका पाण्डे, श्री अनुभव अंकित, श्री आदित्य रंजन, श्री दिलीप कुमार, ओम प्रकाश , आशीष सहित सभी पदाधिकारी, प्राध्यापक एवम छात्र छात्राएं उपस्थित थे। ओवरऑल कार्यक्रम का संचालन आद्यया चौहान एवं शुभांकी दास ने किया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता आशुतोष जायसवाल के द्वारा पूरी की गयी।

स्पीड न्यूज

## टैंकर पलटा, पेट्रोल की लूट के लिए मची होड़, पुलिस ने खदेड़ा

**ओरमांझी।** पालू के पास एक टैंकर पलट गया। टैंकर पलटने से उसमें भरा पेट्रेल बहने लगा। सूचना मिलते ही आसपास के लोग बाल्टी व डब्बे लेकर पहुंचे और पेट्रोल भर-भर ले जाने लगे। सूचना मिलते ही पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस ने पेट्रोल लूट रहे लोगों को खदेड़ी। शुक्रवार को सुबह नौ बजे के करीब हुई घटना के संबंध में बताया गया कि रामगढ़ से रांची की ओर पेट्रोल लेकर जा रहा टैंकर जेएच17ई-6590 पिस्का के आगे भेड़ा पुल के पहले जैसे ही पहुंचा। सड़क पर एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में असंतुलित हो गया और सड़क की बाईं ओर झाड़ी में जाकर पलट गया। पुलिस के पहुंचने पर कई लोग अपना डब्बा व बोतल फेंक कर फरार हो गए। पुलिस द्वारा दुर्घटना ग्रस्त टैंकर का जब्त कर लिया गया है।

## जैलेंद्र ने श्राद्धकर्म के लिए किया सहयोग



**अनगड़ा ।** प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य जैलेन्द्र कुमार के सौजन्य से प्रखंड के बेनिया जारा निवासी के बुधु महतो के श्राद्ध कर्म के लिए पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि धनीराम महतो के हाथों खाद्य सामग्री चावल और आटा उपलब्ध करा कर सहयोग प्रदान किया। मौके पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष जगेश्वर महतो, वार्ड सदस्य सोनालाल भोगता आदि उपस्थित थे।

## स्टेडियम के बीच से बिजली तार हटाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अनगड़ा।** प्रखंड के लूपूग पंचायत में निर्मित स्टेडियम के बीचो बीच ग्यारह हजार वोल्ट का तार गुजरने के कारण स्टेडियम का उपयोग ना के बराबर हो रहा है । इस विद्युत तार को हटाने के लिए शुक्रवार को प्रखंड ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष उमेश कुमार बड़ाईक ने ऊर्जा सचिव को ज्ञापन सौंप कर मैदान के बीचोबीच क्रॉस किये बिजली तार को तत्काल प्रभाव से अन्यत्र हटाने की मांग की है।

## प्रतिभा दर्शन महोत्सव में मैराथन दौड़ आज

**सिल्ली।** प्रतिभा दर्शन महोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। मैराथन दौड़ बंता हाई स्कूल से सिल्ली स्टेडियम तक 10 किलोमीटर की होगी। इसके अलावे तीरंदाजी एवं वुशु प्रतियोगिता, ऊंची कूद, लंबी कूद, मुर्गा लड़ाई समेत कई प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं प्रतिभा दर्शन के अंतिम दिन रविवार को क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल एवं कैरम प्रतियोगिता के फाइनल के अलावे चैड़ल एवं टुसू गीत प्रतियोगिता, सुई धागा दौड़, गोली चम्मच दौड़, घड़ा दौड़, स्कूली छात्र छात्राओं के लिए 100 मी एवं 200 मी दौड़, थाना स्टाफ के लिए रस्साकस्सी प्रतियोगिता तथा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया है।

## उषा देवी बनीं नगड़ी प्रखंड महिला मोर्चा की अध्यक्ष

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष शाहबीर लोहरा की अध्यक्षता में जाजपूर कोलंबी फुटबॉल मैदान में शुक्रवार को आयोजित किया गया बैठक में प्रखंड के दर्जनों गांव के कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। मौके पर सर्व समिति से लाबेद निवासी उषा देवी को नगड़ी प्रखंड महिला मोर्चा के अध्यक्ष रूप में चयन किया गया। वहीं अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष के रूप में टुडूंल निवासी समीर अंसारी का चयन किया गया। मौके पर फिरोज आलम, संजय, सरिया तरुण तिर्की, शहीद मास्टर सईद अहमद, सईद अंसारी, रवि राम, अख्तर अंसारी, कृर्बान जामली, गुलशन टोप्पो, पीटर होरो, अफरोज अंसारी, फिरोज अंसारी, शकील अंसारी, चमरू उरांव, मुकेश गोप मौजूद थे।

# हाथी ने महिला को कुचला बाल-बाल बचा मासूम बेटा

खबर मन्त्र संवाददाता



**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के बारेंदा पंचायत अंतर्गत कल्याणटांड गांव में गुरुवार की रात हाथी ने एक महिला को घर से निकाल कर कुचल कर मार डाला। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार की रात 7 की संख्या में हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश कर उत्पात शुरू किया। इस दौरान हाथी ने गांव के बुधेश्वर महतो के घर में धावा बोल दिया । हाथी ने घर का दीवार तोड़कर बेड में सो रही 23 वर्षीय वैशाखी देवी ओर उसके एक वर्षीय बेटा दामोदर महतो को बाहर निकाला। महिला को आंगन में कुचल कर मार डाला । मासूम अपनी आंखों से मां का मौत देखता रहा। हाथियों ने मासूम बच्चे को कुछ नही किया। पति दूसरे कमरे से चिल्लाते रहा, लेकिन अपनी पत्नी को नहीं बचा पाया। इधर शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने काफी हंगामा किया। ग्रामीण काफी आक्रोशित थे। वन विभाग के अधिकारी दिलीप मुंडा, करमा होरो, राहुल महतो, सुनीत टोप्पनो की टीम गांव पहुंच कर मृतक के परिजनों को 50 हजार की अग्रिम मुआवजा की राशि दिया। बाकी राशि कागजी करवाई के बाद देने को कहा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चितरंजन महतो, पूर्व विधायक अमित महतो, अशोक महतो, मुखिया सुभद्रा देवी, निशिकांत गोंझु, विश्वनाथ महतो, निर्मल महतो, हाथी मित्र तापस कर्मकार आदि मौजूद थे।

### जाको राखे साइयां मार सके ना कोई...

रात के एक बजे कल्याणटांड गांव के विशेश्वर महतो का घर को चारों तरफ से हाथियों ने घेर रखा था। एक हाथी दीवार तोड़ कर घर के भीतर सो रहे 23 वर्षीय महिला ओर से वर्षीय बेटा को सूंड से पकड़ कर बाहर निकलता है। आंगन में हाथियों के बीच एक साल का मासूम अपमी माँ के साथ खड़ा है। हाथी माँ को कुचल कर मार देता है, लेकिन मासूम का कुछ नही होता। आधे घंटे बाद पिता आकर मासूम को उठा कर घर लाता है। बालक का कुछ नही होता लेकिन रोते हुए मां को खोज रहा है।



# डीडीसी ने मुड़मा और ब्रांबे में निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने शुक्रवार दोपहर रूर्बन मिशन योजना के तहत प्रखंड के मुड़मा एवं ब्राम्बे में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों ही पंचायतों में इस योजना के तहत बनाए गए विभिन्न विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया तथा आवश्यकतानुसार कई दिशा-निर्देश भी पदाधिकारियों को दिया। ब्राम्बे में बनाए गए स्टेडियम की गुणवत्ता को देखकर उन्होंने विभाग के जेई को भी कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि अभी पूरी तरह से निर्माण कार्य पूरा भी नहीं हुआ है और अभी से घटिया निर्माण कार्य दिखाई पड़ रहा है। लगभग एक करोड़ 26 लाख की लागत से स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है और इस स्टेडियम में अभी से ही पानी भी जमने लगा। इसे तत्काल सही कराने का निर्देश उन्होंने दिया। वहीं दूसरी ओर जेएसएलपीएस की ओर से महिला समूहों को दिए जाने वाले विभिन्न चीजों का भी उन्होंने जायजा लिया। जिन महिला समूह द्वारा सही तरीके से कार्य किया जा रहा है उसकी उन्होंने सराहना की और जिन का कार्य सही नहीं पाया गया उन्हें सही ढंग से कार्य करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के समुचित विकास के लिए महिला समूह को हर प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। इसका समुचित लाभ लें और अपने तथा अपने परिवार के जीवन स्तर को ऊंचा उठाएं। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी, विधायक प्रतिनिधि आबिद अंसारी मौजूद थे।



निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते डीडीसी।

# गणित और सांख्यिकी का बढ़ा महत्व

### देशभर के गणितज्ञ शोध पत्र लेकर ओरमांझी पहुंचे

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** देशभर के गणितज्ञ शुक्रवार को आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आनंदी ओरमांझी पहुंचे। यहां दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में देषभर के गणितज्ञ गणित व सांखिकी की मोडलिंग इन इनोवेटिव एरियाज शोध विषय पर अपने शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। पहले दिन मुख्य अतिथि सरला बिड़ला विश्वविद्यालय के कुलपति डा गोपाल पाठक व मुख्य संरक्षक राजधनवार कॉलेज गिरिडीह के प्राचार्य डा बिमल कुमार मिश्रा, संस्थान के अध्यक्ष पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, निदेशक प्रो एपी सिंह, प्रबंध निदेशक सुमित राज, प्राचार्य डॉ टीके दास व अन्य अतिथियों द्वारा सम्मेलन के सेमिनीयर का विमोचन संयुक्त रूप से किए। वहीं देश-भर से पहुंचे कई शोधकताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, साइबर अटैक, ऑपरेशन रिसर्च, डिजास्टर मैनेजमेंट सहित अपनी विभिन्न शोध पत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बिट्स पिलानी राजस्थान के प्राध्यापक डॉ सीबी गुप्ता ने कहा कि नये-नये क्षेत्र में आज गणित व सांखिकी का महत्व बढ़ा है। वर्तमान परिपेक्ष में नई तकनीकी विकास के क्षेत्र में गणितीय मोडलिंग का उपयोग अनिवार्य हो गए हैं। कार्यक्रम का संचालन गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अजय कुमार वर्मा, डॉ विवेक सिंह व धन्यवाद ज्ञापन डा मंपी साहा ने दी।

# चान्हो : ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर महिला से 26 हजार की ठगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के चोरेया गांव की एक महिला से कल्याण विभाग से ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर छब्बीस हजार रुपये की ठगी का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। ठगी का शिकार हुई महिला ने मामले में कार्रवाई को लेकर चान्हो थाना में आवेदन दिया है। महिला ने बताया कि एक फरवरी को अलग अलग मोबाईल नंबर 8252249609, 9572147289 से एक व्यक्ति ने फोन किया और पूछा कि क्या आप ने कृषि बीमा के लिए आवेदन किया था। हां कहने पर उक्त व्यक्ति ने बताया कि कल्याण विभाग से आपका अनुदान पर ट्रैक्टर सेंक्शन हुआ हैए जिसकी कागजी प्रक्रिया पूरी करने के लिए आपको हमारे मोबाईल पर बारह हजार रुपया भेजना होगा। महिला ने उसके मोबाईल पर 12 हजार रुपये भेज दियाए इसके थोड़ी देर बाद ही महिला से और 14 हजार रुपये की मांग की गयी। महिला ने ट्रैक्टर मिलने की लालच में फोन करने वाले को फिर से 14 हजार रुपये भेज दिया। मामले का खुलासा तब हुआ जब महिला के घर तक ट्रैक्टर पहुंचाने के नाम पर उक्त व्यक्ति ने उससे पुनः 18 हजार रुपये की मांग की। जब उसने पड़ोसियों को इस बात की जानकारी दी उन्होंने बताया कि वह ठगी का शिकार हो गई है।

## एक नजर में

### हल्हू गांव के जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



**पिठोरिया।** हल्हू गांव में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता हर्ष ने कहा कि जन समस्याओं से लेकर अपने धर्म संस्कृति के प्रति लोगों को जागरूक होना होगा अपनी आदि भारतीय सभ्यता को बचाने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय आदिवासी मंच के कार्यकारी अध्यक्ष सन्नी टोप्पो ने कहा की धर्मांतरण कराकर हमारे समाज को कमजोर करने की साजिश हर समय किया जा रहा है, जिससे अब हमें बचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोग लालच में ना आए। कार्यक्रम का अध्यक्षता बिगू पहान तथा संचालन हिन्दूवा उरांव ने किया। मौके पर युवा समाजसेवी राहूल अवस्थी, महादेव उरांव एबुधराम मांझी एलखना उरांव सहित बड़ी संख्या ग्रामीण मौजूद थे।

### सिल्ली : एक एकड़ में लगी अफीम की खेती नष्ट



**सिल्ली।** सिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को दूसरे दिन भी थाना क्षेत्र के धनबसार के पुरना पानी के जंगलों में करीब एक एकड़ जमीन पर लगाए गये अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी आकाशदीप ने बताया कि सिल्ली के कई जंगली इलाके में आबादी से दूर हटकर अफीम की खेती की जा रही है। इससे पहले भी अजयगढ़ इलाके में अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। पुलिस ने बताया है कि खेती किसने लगायी है इसका पता नहीं चल पाया है। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि सिल्ली के कुछ अन्य इलाके में भी अफीम की खेती किये जाने की सूचना है। इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

### विधायक ने किया सड़क निर्माण का शिलान्यास



**तमाड़।** विधायक विकास कुमार मुंडा ने अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बुढ़ाडीह से मुकुरूमडीह तक बनने वाली सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना करीब ढ़ाई करोड़ रुपया लागत से सड़क का निर्माण कराया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद विधायक ने ग्रामीणों के साथ एक बैठक कर स्थानीय समस्या पर विचार विमर्श किया। ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष पेयजल समस्याए पेंशनएखेल मैदान एवं एक चबूतरा निर्माण सहित अन्य संस्यों की बात रखा। इससे पूर्व ग्रामीणों ने विधायक का जोरदार पारंपरिक रीति रिवाज के साथ विधायक का स्वागत किया। इस अवसर पर जिप सदस्या भवानी मुंडा, प्रमुख अजय कुमार मुंडा, विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो, मलिन महतो, मुखिया सालुक मनी सरदार, अनिल मुंडा, संतोष ओडिया, विषम सिंह मुंडा, राजेन सिंह मुंडा, प्रताप सिंह मुंडा, तपन सिंह मुंडा, समीर महतो, गंगाधर सिंह मुंडा, रंजीत सेठ, धीरज कुमार, अरुण गुप्ता, रंजीत स्वांसी, कुमुदेश्वर सिंह मुंडा, सुखदेव महतो, उमेश महतो, लखीराम सिंह मुंडा, अमजद अंसारी, मकसूद, संबत, विष्णु, प्रकाश आदि शामिल थे।

### चंदन गुफा में पांच को लगेगा मेला

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र अपने पारंपरिक धरोहर और अपने आदिवासि जनजातीये संस्कृति हर वक्त जुड़ा रहता है। हर साल की तरह बहेरा पंचायत के अंतर्गत ग्राम ठेढांगी में माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 5 फरवरी को चंदन गुफा कोहबर धाम मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसको सफल बनाने के लिए गुरुवार को बैठक रखी गई। जिसकी अध्यक्षता सुफू टाना भगत एवं संचालन संजय टाना भगत ने किया।

# रातू : पिठोरिया में 12 को मुंडा महाधिवेशन : मनीष

### सुतियांबे में होगा 12वां महाधिवेशन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** खूंटकटी मुंडा धर्म सभा के कार्यकारी अध्यक्ष मनीष मुंडा ने कहा कि पिठोरिया में मुंडाओं का गौरवशाली इतिहास है। ऐतिहासिक सुतियांबे गढ़ परिसर में 12 फरवरी को सभा का एक दिनी 12वां महाधिवेधन होगा। इसमें एक लाख से अधिक लोग हिस्सा लेंगे। इस दौरान महाराजा मदरा मुंडा और उनके वंशज को स्मरण किया जायेगा। वहीं समाज के धरोहर का संरक्षण, संवर्द्धन, सामाजिक, आर्थिक तथा शैक्षणिक विकास पर चर्चा की जायेगी। पिठोरिया को मुंडाओं का पहला साम्राज्य केंद्र बताते हुए उन्होंने इसकी पूजा-पाठ पर जोर दिया। श्री मुंडा कार्यक्रम को लेकर तैयारी समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। सचिव देवेंद्र पाहन ने भाषाए धर्म व संस्कृति की रक्षा किये जाने की बात कही। संचालन पुतुल देवी ने किया। मौके पर बिपिन मुंडा, शीला देवी, दीपक मुंडा, बसंत पाहन, शैलेद्र पाहन, हेमंत मुंडा, बसंत मुंडा, फुलकुमार मुंडा, सुनिल पाहन व अरविंद मुंडा आदि मौजूद थे।

# प्रतिभा दर्शन : कई टीमों ने दिखाये हुनर

### सिल्ली के लगाम खेल गांव मैदान में हुईं प्रतियोगिताएं

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिल्ली।** सिल्ली के लगाम स्थित खेल गांव मैदान में आयोजित चार दिवसीय प्रतिभा दर्शन महोत्सव के दुसरे दिन शुक्रवार को वॉलीबॉल प्रतियोगिता में एडवांस क्लब बोकारो और भीटीसी टाटीसिलवे फाइल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में एडवांस क्लब बोकारो ने राइजिंग क्लब दंगल को 25-17, 25-20 से हराया तथा भीटीसी टाटीसिलवे ने झीरकी क्लब को 25-23, 29-27से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं क्रिकेट प्रतियोगिता में झालदा बिनापनी क्लब एवं सिल्ली के गोड़ाडीह क्रिकेट टीम अपने-अपने प्रतिद्वंदी को हराकर अगले चक्र में पहुंचा। फुटबॉल प्रतियोगिता में दीपक ब्रदर्स एवं भूमि स्पोर्ट्स अगले चक्र में प्रवेश किया। विभिन्न खेलों के आयोजन में आयोजन समिति के सदस्य व्यवस्था बनाने में तत्पर दिखे वहीं आयोजन समिति के ऑफिशियल अजय महतो, झालो महतो, धनेश्वर महतो, शिशुपाल महतो एवं लंबोदर महतो प्रतिभागियों के रजिस्ट्रेशन एवं प्रतियोगिता के परिनामों के अपटुडेट डाटा संग्रहित करने में व्यस्त रहे।

# पशुधन और मछली अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**नामकुम।** भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान गढ़खटांगा में षुक्रवार को हॉस्टल, मेस,फसल अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र,पशुधन अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र और मछली अनुसंधान प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। डेयरी सचिव डॉ हिमांशु पाठक,डॉ एसके दत्ता महानिदेषक आईसीएआर, पूर्व उपमहानिदेशक डॉ सुजय रक्षित आदि ने इन केन्द्रो का उदघाटन किया। मौके पर अपने संबोधन में डा हिमांषु पाठक ने आईसीएआर औा आईआईएबी की सराहना करते हुए कहा कि आईसीएआर और आईआईएबी न केवल अनुसंधान में बल्कि प्रशिक्षित मानव शक्ति के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान द रहे है। उन्होंने आश्वस्त किया कि शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में यह संथान पूर्वोत्तर क्षेत्रों को लाइट हाउस बनेगा। साथ ही उन्होंने संस्थान के शिक्षा के गुणवत्ता को उच्चतम रखने की सलाह देते हुए कहा कि शिक्षा एवं कृषि के क्षेत्र में यह संस्थान एक हब बनेगा। डॉ सुजय रक्षित, निदेशक, भाकृअनुप-आईआईएबी ने संस्थान द्वारा की गई पहलों के बारे में बताया डा रक्षित ने कहा कि आम जनता में जैव प्रौद्योगिकी पर गलत धारणाओं को समाप्त करने की आवश्यकता है।

# मांडर : बंझिला व बूढ़ाखुखरा पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम

**मांडर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा शुक्रवार को मांडर प्रखंड के बंझिला व बूढ़ाखुखरा पंचायत में डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हाए ईंद्राणी कुजूर, पीएलवी सुमन ठाकुर, आफताब अंसारी और तारामनी देवी शामिल हुए। डालसा टीम के अधिवक्ता और पीएलवी ने विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं को विस्तार से बताया। अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि विचाराधीन बंदियों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को डालसा द्वारा मुकदमा लड़ने तथा अपना बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। अधिवक्ता ईंद्राणी कुजूर ने प्री लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड आदि के बारे में जानकारी दी। डालसा के पीएलवी ने आगामी 11 फरवरी 2023 को आयोजित होनेवाली लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी। बताया कि लोक अदालत में आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले की जानकारी दी गई।

# अपनी संस्कृति अपनाने में शर्म नहीं होनी चाहिए

### कलश विसर्जन के साथ मंदिर वार्षिक महोत्सव संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता





कलश विसर्जन यात्रा में शामिल महिलाएं।

**ओरमांझी।** पूजा समिति ओरमांझी द्वारा आयोजित दुर्गा महादेव मंदिर की पांच दिवसीय नवचंडी महायज्ञ वार्षिक महोत्सव शुक्रवार को कलश विसर्जन के साथ संपन्न हो गया। मंदिर परिसर से कलश लेकर निकली महिलाएं बाजे-गाजे के साथ डोमा नही पहुंचे। कलश विसर्जन करने के बाद बाजे के धुन पर झुमते हुए लौटे। इससे पूर्व गुरुवार रात को अयोध्या के कथावाचक आचार्य पंडित रमोजजी वत्स ने कहा झूठे प्रलोभन देकर काफी संख्या में गरीब व भोल-भाले लोगों का मनतातरण किया गया है। अपने संस्कार को बलिदान कर विकास अच्छी नहीं है। आज हांथो में झूठे कलावा बांधने वालों से सावधान रहने व बहन-बेटियों पर कुदृष्टि डालने वाले का प्रतिकार करना जरूरी है। उन्होंने कहा झारखंड की स्थिति ठीक नहीं है और पूछा कि सनातनी लोग हालात सुधार लेंगे या झारखंड में भी बुलडोजर बाबा भेजना पड़ेगा। उन्होंने देश की बेटियों से सावधान रहने का अह्वान किया और कहा बेटी के लिए पिता व भाई से ज्यादा विश्वनीय को कोई नहीं, अपनी संस्कृति अपनाने में किसी को शर्म नही होना चाहिए। पंडित रमोजजी वत्स ने कथा के मंच से उपस्थित लोगों को वंदेमातरम का नारा भी लगवाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हिन्दू नेता भैरो सिंह, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, पंस सदस्य शशि मिश्रा, सत्यनाराण तिवारी, श्यामकिशोर महतो, दुर्गाशंकर साहू, अजय सिंह, उमाषंकर साहू, सीताराम लाल गुप्ता, नरेश महतो, हरिशचंद्र महतो, शंकर गुप्ता, सत्यमराज कुशवाहा, विनय दुबे, सुनील महतो, रणजीत बैठा, सुंदर नायक, राजकुमार लहेरी, राजु चैरसिया, सूरज बरई, कृतिकांत साहू, सुनील नायक व काफी संख्या में महिलाएं व युवा शामिल थे।

### बेहतर सेवा देने वाले हुए सम्मानित

मंदिर वार्षिक महोत्सव में आयोजित पांच दिवसी कार्यक्रम में विषेष सेवा देने व परिसर को साफ-सफाई रखने वाले मालो देवी, राथो देवी समिति द्वारा वर्ष देकर सम्मानित किया गया। आचार्य पंडित रमोजजी वत्स ने सभी को वस्त्र व चुनरी ओढा कर सम्मानित किए और कहा किसी भी आयोजन में ऐसे लोगों का काफी महत्व होता है। जिसे लोगों को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। वहीं भंडारे का प्रसाद बनाने वाले शंकर गुप्ता, मनोज साहू, राजु बरई, अर्जुन कुमार सहित कई लोगों का लाईट, टेंट, बाजा व शानदार फुल के लिए सम्मानित किया गया।

# सार्थक प्रयास

**मो**दी सरकार के सामने महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्याएं खड़ी हैं। दूसरा इस वित्तीय वर्ष में बजट घाटा 6.4 रहने की बात कही गई है, उसे कम करने का दबाव सरकार पर रहेगा। सवाल यह भी है कि एक साल से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध से उपजे हालात तथा पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में उतार-चढ़ाव के बीच क्या हम विकास दर के लक्ष्य सहजता से हासिल कर पायेंगे? वैसे अच्छी बात है कि सरकार ने मूलभूत सुविधाओं के निर्माण पर होने वाले खर्च में तैंतीस फीसदी की वृद्धि करके इसे साढ़े दस लाख करोड़ कर दिया है। निस्संदेह इससे जहां रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी,वहीं बाजार में निर्माण कार्य में लगने वाली सामग्री की मांग बढ़ने से बाजार को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना में 66 फीसदी की वृद्धि को रोजगार व अर्थव्यवस्था को गति देने वाला कदम कहा जा रहा है। वहीं मध्यम वर्ग को आयकर में राहत देकर सरकार ने बड़ा कदम बढ़ाया है। दूसरी ओर खेती के लिये कर्ज, डेयरी, पशुपालन तथा मछली पालन को प्रोत्साहित करने वाली योजनाएं बजट का हिस्सा हैं। साथ ही बुजुर्गों-महिलाओं को राहत देने वाली घोषणाएं बजट में हैं। खासकर महिला सम्मान बचत पत्र स्कीम उल्लेखनीय है। निस्संदेह, नई टैक्स व्यवस्था में सात लाख तक की आय को करमुक्त रखने का प्रस्ताव स्वागत योग्य है। पहले कर बचाने के लिये लोग पीएफ, बीमा पॉलिसी तथा म्यूचुअल फंड में निवेश करते थे, इसमें अब कमी आएगी। बहरहाल, देश की जीवन रेखा रेलवे के लिये 2.40 लाख करोड़ का निवेश स्वागतयोग्य कदम है। इसी तरह कृषि कर्ज के लिये लक्ष्य बीस लाख करोड़ करने को किसान एक राहत की तरह देख सकते हैं। देखना होगा कि आने वाले समय में क्या दिशा होती है।

# शातिर मक्की पर अंकुश

**पो**र्ट से लेकर एनर्जी सेक्टर में कारोबार करने वाले अदाणी ग्रुप के प्रमुख गौतम अदाणी दुनिया के शीर्ष अरबपतियों की सूची में पिछड़ गए हैं। वह अब सबसे अमीर एशियाई या भारतीय नहीं हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी कारोबारी मुकेश अंबानी एक बार फिर भारत और एशिया के सबसे धनी व्यक्ति बन गए हैं। अंबानी पिछले साल अप्रैल में अदाणी से पिछड़ गए थे। अडाणी एक सप्ताह पहले फोर्ब्स की अरबपतियों की सूची में दुनिया के तीसरे सबसे धनी व्यक्ति थे और वह बुधवार को 15वें स्थान पर फिसल गए। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में गिरावट जारी है। फोर्ब्स वेबसाइट के अनुसार, 83.7 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ अंबानी सूची में 9वें स्थान पर हैं। अदाणी की संपत्ति में पिछले साल 44 अरब डॉलर का इजाफा हुआ था और पिछले एक सप्ताह में उनकी संपत्ति तेजी से घटी है। वह इस समय वैश्विक अरबपतियों की सूची में 75.1 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 15वें स्थान पर हैं। पिछले एक सप्ताह में अदाणी समूह की कंपनियों ने 90 अरब अमेरिकी डॉलर गंवा दिए हैं। अदाणी समूह ने हिंडनबर्ग के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। बुधवार को अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर 26.70 प्रतिशत टूटे। अदाणी पावर पांच प्रतिशत, अदाणी टोटल गैस 10 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट एंड एसईजेड 17.7 प्रतिशत टूटा। निश्चित तौर पर अपने एफपीओ वापस लेने से लेकर हिंडनबर्ग विवाद के बाद अडानी परेशानी में हैं। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई थी जब उनकी समूह कंपनियों में लगातार विकास हो रहा था। दुनिया में शीर्षतम धनी व्यक्तियों के नाम में शुमार अडानी की स्थिति में नकरात्मक बदलाव हुआ है।

# समरसता के अग्रदूत संत शिरोमणि गुरु रविदास





-संजय कुमार आजाद

राम मैं पूजा कहां चढ़ाऊं। फल अरु फूल अनूप न पाऊं ॥

मन ही पूजा मन ही धूप । मन ही सेऊं सहज सरूप

पूजा अरचा न जानूं तेरी । कह रैदास कवन गति मोरी ॥

उपरोक्त पंक्तियाँ हमे दर्शन की उस अलौकिक सत्य से अवगत कराती है, जो हिन्दू चिंतन का सार रहा है. जब विश्व में सभ्यता तो दूर लोग समज के आचरण में विचरण करते थे, तब भारत के महान ऋषि मुनिओ ने जिस समाज की स्थापना की थी, उसका झलक इस पद में उपलब्ध है जिस भारत की कल्पना ही, कर्म के सर्वोच्च मानदंडो पर स्थापित हुआ था, आज उसे जाति से जोड़कर, भारत को, हिन्दू को, कमजोर करने की, इसे तोड़ने की,दलित बंचित जैसे अलगाव की भाव को भरकर उन्हें मतान्तरित करने की गहरी साजिश रची जा रही है.कभी मनुस्मृति, तो कभी रामचरितमानस, तो कभी संयुक्त परिवार के भाव को, खंडित कर, हिन्दू समाज में विलगाव पैदा करने की, वामपंथी और सेमेटिक अहिंदू की वैश्विक कारगुजारिया जगजाहिर है .हिन्दू धर्म के महान संरक्षकों को भीम-मीम जैसे इंद्रजाल में फांस तोड़ने का भी अथक प्रयास जारी है. उपरोक्त कालजयी रचनाओं के दर्शन के जन्मदाता रहे समरसता के सहज समर्थक और हिन्दू चिंतन के पथप्रदर्शक संत शिरोमणि गुरु रविदास ।

संत शिरोमणि रविदास जी का जन्म माघ पूर्णिमा 1376 ईस्वी में उत्तर प्रदेश अवस्थित देश की सांस्कृतिक चेतना के कालजई विरासत नगर वाराणसी शहर के गोबर्धनपुर नामक गांव में हुआ था। संत जी के पिता का नाम श्री संतोष दास और पूजनीय माता जी का नाम श्रीमती कर्मा देवी था. ऐसे भक्त प्रबर के दादाजी का नाम श्री कालूराम जी और दादी जी का नाम श्रीमती लखपति देवी जी था। रविदास जी का गृहस्थ जीवन उनकी सहधर्मिणी श्रीमती लोना देवी जी के साथ शुरू होती जो एक आदर्श परिवार के रूप में स्थापित रही। इनके पुत्र का नाम श्री विजय दास जी था। संत शिरोमणि श्री रविदास जी चमका कुल से वास्ता रखते हैं जो कि जूते बनाते थे। उन्हें यह चर्म कार्य करके बहुत खुशी होती थी. वह बड़ी इमानदारी ,लगन और मेहनत के साथ अपना कार्य करते थे। दरअसल, इनके के पिता जी चमड़े का व्यापार करते थे, वह जूते भी बनाया करते थे। इस कारण इन्होने अपने इस पुश्तैनी पेशा को स्वीकारने में कोई कोताही नहीं बरते।

> संत शिरोमणि श्री रविदास जी चमका कुल से वास्ता रखते हैं, जो कि जूते बनाते थे। उन्हें यह चर्म कार्य करके बहुत खुशी होती थी। वह बड़ी ईमानदारी, लगन और मेहनत के साथ अपना कार्य करते थे। दरअसल, इनके के पिता जी चमड़े का व्यापार करते थे, वह जूते भी बनाया करते थे। इस कारण इन्होने अपने इस पुश्तैनी पेशा को स्वीकारने में कोई कोताही नहीं बरती। उनका जन्म ऐसे समय में हुआ था, जब भारत में आताताई मुगलों का शासन था।

उनका जन्म ऐसे समय में हुआ था जब भारत में आताताई मुगलों का शासन था. चारों ओर अत्याचार, गरीबी, भ्रष्टाचार, मतान्तरण व अशिक्षा का बोलबाला था. हर समय जानमाल का भय बना रहता था.उस समय मुस्लिम शासकों द्वारा यह प्रयास किया जाता था कि, जैसे भी हो अधिक से अधिक हिन्दुओं को मुस्लिम बनाया जाए। इसके लिए साम,दाम,अर्थ और दंड सारे हथकंडे को अपनाया जाता था.उस विकट परिस्थित में ऐसे संत का अभ्युदय हुआ था.संत रविदास की ख्याति लगातार बढ़ रही थी,समाज के लाखों लोगो के तारणहार के रूप में इनको देखी जाती थी. जिसके चलते उनके लाखों भक्त थे.इनके भक्तो जिनमें हर जाति के लोग शामिल थे,यानी समरस हिन्दू समाज का अलौकिक छटा इनके भक्तों के बीच देखी जाती थी।

संत शिरोमणि की लोकप्रियतता और हिन्दुओ पर उनका प्रभाव देखकर एक कुटिल मुस्लिम पीर 'सदना पीर' उनको मुसलमान बनाने आया था. उसका कुटिल भाव यह था कि-ह्लयदि रविदास मुसलमान बन जाते हैं तो उनके लाखों भक्त भी बिना हीलहुज्जत के मुस्लिम हो जाएंगेह्व. ऐसा सोचकर उनपर हर प्रकार से दबाव बनाया गया था, लेकिन संत रविदास तो संत थे, उन्हें अपने धर्म पर गहरी आस्था थी, और उन्होंने सदना पीर के सारे हथकंडे को नकार दिए .उन्होंने मुस्लिम बनना स्वीकार नही किया. सिकंदर लोदी ने संत रविदास को मुसलमन बनाने के लिये दिल्ली बुलाया और उन्हें मुसलमान बनने के लिये बहुत सारे प्रलोभन दिये. संत रविदास ने काफी निर्भीक शब्दों में निंदा की. लोदी को जवाब देते हुए रविदासजी ने वैदिक हिन्दू धर्म को पवित्र गंगा के समान कहते हुए इस्लाम की तुलना तालाब से की है- मैं नहीं दब्बू बाल गंवारा, गंग त्याग गहूँ ताल किनारा, प्राण तजूँ पर धर्म न देऊँ, तुमसे शाह सत्य कह देऊँ ,चोटी शिखा कबहुँ तहिं त्यागूँ ,वस्त्र समेत देह भल त्यागूँ, कंठ कृपाण का करौ प्रहारा , चाहे डुबाओ सिँधु मंझारा. संत रविदास की बातो से चिढ़कर सिकंदर लोदी संत रविदास को जेल में डाल दिया. सिकंदर लोदी ने कहा कि यदि वे मुसलमान नहीं बनेंगे तो उन्हें कठोर दंड दिया जायेगा. ऐसा कहा जाता है कि जेल में भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें दर्शन दिये और कहा कि धर्मनिष्ठ सेवक ही आपकी रक्षा करेंगे। अगले दिन जब सुल्तान सिकंदर नमाज पढ़ने गया तो सामने रविदास को खड़ा पाया। उसे चारो दिशाओं में संत रविदास के ही दर्शन हुये. यह चमत्कार देखकर सिकंदर लोदी घबरा गया. लोदी ने तत्काल संत रविदास को रिहा कर दिया और माफी मांग ली।

अपने धर्म के प्रति ऐसी निष्ठा थी समरस हिन्दू समाज के महान नायक का. संत रविदासजी बचपन से ही भक्ति में लीन रहते थे। भक्ति का मतलब यह नही की वे दिनरात पूजा-पाठ में लीन रहते थे, लेकिन उनको अपने हिन्दू-दर्शन, हिन्दू-चिंतन, पर गर्व था नौ वर्ष की नन्ही उम्र में ही परमात्मा की भक्ति का इतना गहरा रंग चढ गया कि उनके माता-पिता भी चिंतित हो उठे. उन्होंने उनका मन संसार की ओर आकृष्ट करने के लिए उनकी शादी करा दी और उन्हें बिना कुछ धन दिये ही परिवार से अलग कर दिया फिर भी रविदासजी अपने पथ से विचलित नहीं हुए. संत रविदास जी पड़ोस में ही अपने लिए एक अलग झोपड़ी बनाकर तत्परता से अपने व्यवसाय का काम करते थे और शेष समय ईश्वर-भजन तथा साधु-सन्तों के सत्संग में व्यतीत करते थे।उनकी भक्ति की अद्वितीय धारा को जानकर उस समय के प्रकांड विद्वान और समरस हिन्दू चेतना के प्रखर प्रणेता स्वामी रानानंद ने बालक रविदास को अपना शिष्य बनाया. स्वामी रामानंदाचार्य वैष्णव भक्तिधारा के महान संत थे. संत कबीर, संत पीपा, संत धन्ना और संत रविदास उनके शिष्य थे. उनका स्पस्ट मत था कि :- हिन्दवः सोदरा सर्वे न हिन्दू पतितो भवेत।

## खास बात
# आसाराम को सजा

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

आसाराम पिछले दस साल से पहले ही जेल में बंद है। अब उसे उम्र कैद की सजा हो गई है। 81 वर्ष का आसाराम पता नहीं अभी कितने साल और जिंदा रहेगा? जितना व्यभिचार और बलात्कार उसने किया है, उस हिसाब से उसे काफी लंबी उम्र मिल गई है। साधु-संत और मौलवी-पादरियों का पाखंड रचा कर जो धूर्त लोग भक्तों को बेवकूफ बनाते हैं, वे इतने ऊँचे कलाकार होते हैं कि उन्हें जेल में भी सारी सुविधाएं उपलब्ध हो जाती हैं। शायद उनकी दैनंदिन दिनचर्या जेल में कहीं बेहतर होती है, क्योंकि वहां मजबूरन ब्रह्मचर्य का पालन करना पड़ता है, भोजन वगैरह काफी संतुलित होता है और डाक्टरी परीक्षा भी नियमित होती रहती है। पाखंड फैलाने से बाहर जो दिमागी तनाव पैदा होता है, जेल के अंदर उससे भी मुक्ति मिली रहती है।

इस आसाराम जैसे जितने भी देश में निराशाराम या झांसाराम हैं, वे सब असाधारण अपराधी हैं लेकिन हमारी न्याय व्यवस्था ऐसी है कि इन सामूहिक अपराध करनेवाले धूर्तों को भी वही सजा मिलती है, जो साधारण अपराधियों को मिलती हैं। यदि आसाराम दस साल और जिंदा रह गया तो आप जरा हिसाब लगाइए कि गरीब करदाताओं का कितना पैसा वह हजम कर जाएगा। आसाराम ही नहीं, उसकी तरह दर्जनों धूर्त साधु-संत इस समय जेल में बंद हैं।

ऐसा नहीं है कि ये पाखंडी सिर्फ हिंदुओं के बीच ही होते हैं। यूरोप के ईसाई इतिहास का एक लंबा समय ह्यअंधकार युगह्व माना जाता है, क्योंकि पोप तक को इन काले धंधों में अपना मुंह काला करते पाया गया है। कोई मजहब इस तरह के धूर्तों से मुक्त नहीं है, क्योंकि सारे धर्म, संप्रदाय और मजहब अंधविश्वास पर आधारित हैं।

दुनिया को ठगने का यह सर्वोत्तम उपाय है। जो साधु-संत-संन्यासी, मुनि, पादरी, मौलवी आदि पवित्र और सत्यनिष्ठ हैं, उनके दुख का अनुमान मैं लगा सकता हूं लेकिन उनसे मेरी शिकायत यह भी है कि ऐसे मामलों पर वे चुप्पी क्यों साधे रहते हैं? वे इन पाखंडियों के खिलाफ अपना मुंह क्यों नहीं खोलते? क्या वे अपने आप से डरे हुए हैं?

# राम की शक्ति

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**रावण** की सभा में अंगद ने जिस प्रकार पांव मारा उससे रावण का मुकुट उड़कर शिविर में गिरी। लोगों को अचंभा हुआ कि लंका की ओर से कौन सी चमकती वस्तु आ रही है लेकिन वह आकर श्रीराम के पास उनकी सेवा में हाजिर हो गयी थी। जब उनके पास आ गयी तो लोगों ने समझा वह दिव्य और दैवी शक्ति थी जो श्रीराम के लिये थी। अंगद वापस हो गये और रास्ते में वे यह विचार करते आ गये कि अब युद्ध के सिवाए कोई दूसरा रास्ता नहीं है। सेना की छावनी में लौटकर लंका का सारा वर्णन रावण की सभा में जो कुछ हुआ श्रीरामजी को बताया और कह दिया प्रभु आक्रमण की तैयारी कीजिए इसके सिवा हमलोगों के पास अब दूसरा रास्ता नहीं है।

**प्रसंग का अध्यात्म**

श्रीराम जो कुछ नीति है उसका सहारा ले रहे थे। साम, दाम, दंड भेद यही नीति होती है। इसलिये जो नीति लेकर चलते हैं वे महान माने जाते हैं। यद्यपि राम जानते थे कि रावण सीता को वापस नहीं करेगा फिर भी संसार में आर्दशउपस्थित करने के लिये उन्होंने संधि का प्रस्ताव भेजा। हर कीमत पर सीता को प्राप्त करना है।

वह उनकी अपनी शक्ति थी। जैसे परमात्मा की शक्ति परा शक्ति होती है वैसे ही राम की शक्ति सीता थी। सीता राम दोनों मिलकर परमात्मास्वरूप होता है। यह जीव की जो परा शक्ति है जब वह लुप्त हो जाती है तो यह जीव कहा जाता है। अब वह शिव नहीं रहता है। परमात्मस्वरूप इसका समाप्त हो जाता है अहंकार के कारण। अहंकार रूपी रावण ही इसका हरण करता है। परा का मतलब प्रेम होता है और जब प्रेम का हरण हो जाता है उसके जगह पर द्धेष पैदा हो जाता है और द्धेष अशांति देता है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

**उत्तर प्रदेश** में गाजीपुर स्थित आत्म-ज्ञानी संत पवहारी बाबा जी के आश्रम में दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

हमारी मातृभूमि संतों से सदैव समृद्ध रही है जिन्होंने समाज को सत्य, धर्म व मानवता के मार्ग दिखाए हैं।

**-योगी आदित्यनाथ**

## आपके ट्वीट

**झारखंड** ने मातृत्व दर, नवजात मृत्युदर के मामले में सतत विकास लक्ष्य को न सिर्फ तय समय से पहले हासिल कर लिया है, बल्कि राष्ट्रीय औसत से भी आगे है।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





ये यात्रा न मैंने अपने लिए की,
न कांग्रेस के लिए।
ये यात्रा हमने भारत की जनता के लिए की।
नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानें खोलने के लिए की। **– राहुल गांधी**

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### उम्मीद पर खरा

**मोदी** सरकार के वर्तमान कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट पूरी तरह से चुनावी चाशनी में डूबा संतुलित बजट है, जिसमें आम आदमी की ज्यादातर जरूरतों का ध्यान रखने का प्रयास किया गया है और कहा जा सकता है कि यह चुनावी ही सही पर आम आदमी की उम्मीदों पर खरा उतरता बजट है। निश्चित तौर पर यह बजट आगे आने वाले दिनों में विकास को सहायक होगा।

**– रवि, रांची**

### जय जय अडानी

**मोदी** ने पोर्ट दिया, मोदी ने एयरपोर्ट दिया, मोदी ने स्टील दिया, मोदी ने रेल, मोदी ने तेल दिया, मोदी ने बिजली दिया, मोदी ने काला धन दिया जो अडानी की कंपनियों में लगा। घोटाला हुआ तो मोदी खामोश।अडानी-मोदी गठजोड़ ने एलआइसी का ये हाल किया। पहले नारा था ज़िंदगी के साथ भी, ज़िंदगी के बाद भी'अब नारा होगा। 'क्या लेकर आए थे? क्या लेकर जाओगे? **-सोनी, खूंटी**

# आम आदमी की उम्मीदों पर खरा उतरा बजट?

**योगेश कुमार गोयल**

**सबसे** लंबा बजट भाषण देने, परम्परा में बदलाव और पेपरलेस बजट जैसे कई रिकॉर्ड कायम करने के बाद वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए एक फरवरी को अपना पांचवां आम बजट पेश किया। यह बजट मोदी सरकार का 11वां और केन्द्र सरकार के मौजूदा कार्यकाल का पांचवां बजट था। इस बजट पर पूरे देश की नजरें केन्द्रित थी क्योंकि आम आदमी को इस बजट से ढेर सारी उम्मीदें थी।

दरअसल माना जा रहा था कि इस वर्ष होने जा रहे कई विधानसभा चुनावों के साथ-साथ अगले वर्ष लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बजट में आम जनता के लिए राहतों का पिटारा खोला जाएगा और ये उम्मीदें बेकार भी नहीं गई। सरकार ने 45 लाख करोड़ रुपये के खर्च का जो बजट प्रस्तुत किया है, उसमें सरकार की पावतियां केवल 23.3 लाख करोड़ रुपये की ही होंगी और इस भारी-भरकम घाटे को पूरा करने के लिए सरकार विनिवेश के जरिये करीब 51 हजार करोड़ रुपये की धनराशि जुटाएगी जबकि उसे 15 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा के बाजार से ऋण लेने पड़ेंगे। बाकी की कमी को लघु बचतों के जरिये पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। बजट के प्रावधानों को देखते हुए प्रतीत होता है कि सकल विकास वृद्धि में बढ़ोतरी के लिए करीब 10 लाख करोड़ रुपये की धनराशि पूंजीगत खाते से खर्च करके सरकार देशभर में रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ-साथ औद्योगिक उत्पादन को भी बढ़ावा देना चाहती है। छोटे और मध्यम उद्योगों को शुल्क ढ़ांचे में रियायतें प्रदान कर सरकार यह भी सुनिश्चित करना चाहती है कि अपने उत्पादन को बढ़ाने के साथ-साथ यह क्षेत्र रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती में भी सहभागी बने।

**बजट 2023**

इस बार के केन्द्रीय बजट में विभिन्न क्षेत्रों को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण आम जनता को आयकर दरों में राहत दिया जाना है। दरअसल बहुत लंबे समय से आयकरों दरों में बदलाव की मांग की जा रही थी। नई कर व्यवस्था में आयकर सीमा में छूट को पांच लाख से बढ़ाकर सात लाख किए जाने से न केवल छोटे करदाताओं को बहुत बड़ी राहत मिलनी तय है, वहीं इससे मिशन 2024 मोड में जुटी भाजपा को सीधा फायदा मिलेगा। हालांकि पुरानी कर व्यवस्था भी लागू रहेगी जिसके तहत अभी भी 80सी, पीएफ, आवासीय कर्ज के मूलधन और ब्याज के भुगतान इत्यादि पर छूट हासिल की जा सकती है, जो नई कर व्यवस्था में नहीं मिलेगी लेकिन इस छूट के बगैर भी सात लाख तक की आय का करमुक्त होना करोड़ों करदाताओं को सीधे तौर पर लाभान्वित करेगा। दरअसल करदाताओं को पुरानी कर व्यवस्था से नई कर व्यवस्था को अपनाने के लिए प्रेरित करना सरकार के लिए बड़ी चुनौती रही क्योंकि तमाम अपीलों के बावजूद अधिकांश लोगों ने इसे नहीं अपनाया था।

बजट में महिलाओं और बुजुर्गों का भी खास ध्यान रखने का प्रयास किया गया है।

वरिष्ठ नागरिकों की बचत सीमा को 15 लाख से बढ़ाकर 30 लाख रुपये करने, गैर सरकारी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अवकाश नकदीकरण पर मिलने वाली छूट को 3 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने की घोषणा, महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट की घोषणा इत्यादि सियासी दृष्टिकोण से भाजपा के प्रति सकारात्मक माहौल में वृद्धि करने में सहायक साबित हो सकती हैं। बजट में कई ऐसे महत्वपूर्ण निर्णय हैं, जो स्पष्ट तौर पर इस बार के बजट में भाजपा सरकार की ओर से राजनीतिक संदेश देते प्रतीत होते हैं।

# लोक कल्याणकारी योजनाओं के साथ सकारात्मक दिशा



**मृत्युंजय प्रसाद**

देश के 80 करोड़ लोगों को जनवरी 2024 तक मुफ्त अनाज योजना भाजपा की सबसे महत्वाकांक्षी योजना है, जो 2022 के विधानसभा चुनावों में भी उसके लिए कुछ राज्यों में गेमचेंजर साबित हो चुकी है और विरोधी भी मानते रहे हैं कि भाजपा को इस योजना का बड़ा सियासी लाभ मिलता रहा है।

गरीबों के लिए चलाई जा रही इस योजना के अलावा आवास योजना, पेयजल योजना और आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना इत्यादि के आवंटन में बड़ी वृद्धि, आदिवासियों के लिए 15 हजार करोड़ की नई योजना, व्यक्तिगत करदाताओं के लिए नई कर व्यवस्था इत्यादि कई ऐसी घोषणाएं हैं, जो देश के निम्न और मध्यम आय के लोगों को भी आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना तो मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है, जिसके लिए 2022-23 के बजट में 48 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया था लेकिन इस बार के बजट में उसे 66 फीसदी बढ़ाकर सरकार ने इस योजना के लिए 79500 करोड़ रुपये आवंटित करने की घोषणा की है। इस योजना के तहत 2024 तक करीब 2.94 करोड़ गरीब लोगों को घर मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है। वैसे सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2.94 करोड़ में से 2.12 करोड़ घरों का निर्माण पूरा हो चुका है और ये घर गरीबों को सौंपे भी जा चुके हैं। जनजातीय समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुधारने और उनके निवास स्थल को बुनियादी सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए ह्यप्रधानमंत्री विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह(पीएमपीवीटीजी) विकास मिशन की घोषणा करते हुए इसके लिए 15 हजार करोड़ रुपये का खाका पेश किया गया है। ऐसे में अनुसूचित जातियों-जनजातियों वाले मतदाता क्षेत्रों पर भी विशेष ध्यान दिए जाने की झलक बजट में नजर आ रही है। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत अभी तक देशभर में करीब साढ़े चार करोड़ गरीब लोग मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ उठा चुके हैं। इस योजना में आवंटन को पिछले साल के 6457 करोड़ रुपये के बजट से बढ़ाकर 7200 करोड़ कर दिया गया है।

**सामयिक**

इस वित्त वर्ष में प्रधानमंत्री किसान सम्मान के लिए 60 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया जा चुका है और पीएम-किसान के तहत 11.4 करोड़ किसानों को अभी तक 2.2 लाख करोड़ रुपये का नकद हस्तांतरण भी किया जा चुका है। जल जीवन मिशन के लिए बजट को पिछले साल की तुलना में 60 हजार करोड़ से बढ़ाकर 70 हजार करोड़ रुपये किया गया है, जिसके तहत 2024 तक देश के सभी 20 करोड़ परिवारों तक पीने का साफ पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार के मुताबिक 2019 तक केवल तीन करोड़ परिवारों को ही पीने का साफ पानी उपलब्ध था लेकिन जल जीवन मिशन के तहत अभी तक करीब 11 हजार करोड़ परिवारों लोगों को पीने का साफ पानी मुहैया कराया जा चुका है।

स्किल इंडिया मिशन के तहत बजट में डिजिटल प्लेटफार्म की घोषणा की गई है। डिजिटल प्लेटफार्म के जरिये उद्यम और रोजगार की ट्रेनिंग देने, नियोक्ताओं तक युवाओं की सीधी पहुंच बढ़ाने को लेकर इस प्लेटफार्म के जरिये होने वाला कार्य लाखों युवाओं के बीच भाजपा के प्रति समर्थन बढ़ाने में सहायक हो सकता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सांसद जयंत सिन्हा ने बजट को दूरदर्शी बताया, कहा

# आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पूरा करेगा अमृत काल का यह बजट


वित्त मंत्री व जयंत सिन्हा।

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग/रामगढ़।** हजारीबाग व रामगढ़ के पत्रकारों के साथ बजट को लेकर शुक्रवार को हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने वर्चुअल प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेसवर्ता के माध्यम से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर भी दिए। जयंत सिन्हा ने कहा कि अमृत काल का बजट बेहद दूरदर्शी और संतुलित है। देश के सभी हितधारक इसकी प्रशंसा व सराहना कर रहे हैं। भारत आज विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। मोदी सरकार जो बजट लायी है, उसकी विश्व में सकारात्मक चर्चा हो रही है। उन्होंने बजट के 5 मुख्य बिंदु विस्तार से बताये। अर्थव्यवस्था की स्थिरता, टैक्स में छूट, निवेश को बढ़ावा, हरित विकास और सहकारी क्षेत्रों को प्रोत्साहन। साथ ही रोजगार व महंगाई के विषय पर भी विस्तृत प्रकाश डाला। श्री सिन्हा ने कहा कि यूक्रेन और रूस के युद्ध की वजह से विश्व भर में बड़ी अस्थिरता है, लेकिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वित्त मंत्री ने परिस्थितियों को बड़ी ही कुशलता से संभाला है। इस बजट में टैक्स रिबेट को 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख कर मध्यम वर्ग को बड़ी रहत दी गयी है। इससे लोगों को काफी बचत होने वाली है। इस बजट में निवेश पर विशेष ध्यान दिया गया है। कैपिटल एक्सपेंडिचर में 33% की वृद्धि कर उसे 10 लाख करोड़ किया गया है। इससे रोजगार व उत्पादन में वृद्धि होगी। कहा कि मोदी सरकार देश भर में निवेश को बढ़ावा दे रही है। देश में रेल इंफ्रास्ट्रक्चर, हवाईअड्डे व अन्य

## बोले सांसद, बजट पूरी तरह जनहितकारी

**रामगढ़।** भारत अगले 30-40 वर्षों में कोयले का उपयोग कम कर देगा। इसलिए इस बजट में पर्यावरण के प्रति हरित विकास के लिए 19,700 करोड़ के हाइड्रोजन अभियान शुरू करने की घोषणा की गयी है।

यह जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के प्रति गहनता से काम करने के लक्ष्य में उठाए जा रहे कदमों में से एक है। मोदी सरकार की सोच हर किसी को बेहतर साधन देने की है। सहकारी क्षेत्रों को भरपूर सहयोग व प्रोत्साहन दिया जा रहा है। कोल्ड स्टोरेज, ऋण व बीज समेत सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार देश भर में निवेश को बढ़ावा दे रही है। देश में रेल इंफ्रास्ट्रक्चर, हवाईअड्डे व अन्य परियोजनाओं का विस्तार किया जायेगा, जिससे बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन होगा। केंद्र सरकार की कुशल नीतियों के परिणामस्वरूप आज देश में महंगाई नियंत्रण में है। जो महंगाई दर पहले 6 से 7 प्रतिशत थी, वो अब 5 प्रतिशत की ओर बढ़ रही है। सरकार जितना निवेश करेगी, हमारी उत्पादन क्षमता उतना ही बढ़ेगी। देश ज्यादा उत्पादन करेगा तो महंगाई दर पर और नियंत्रण आएगा। आज विश्व के बड़े देशों में महंगाई दर 8 से 10 प्रतिशत है। वही भारत में महंगाई नियंत्रित है। यह सही नीतियों वाली विकासोन्मुख सरकार को दर्शाता है। कहा कि मुझे विश्वास है कि अमृत काल का बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस दूरदर्शी बजट में समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। मोदी सरकार सबका साथ, सबका प्रयास के जरिए जनभागीदारी के साथ देश के बहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यह बजट युवाओं, किसानों व महिलाओं समेत हर वर्ग को सशक्त बनाएगा। साथ ही यह आने वाले वर्षों में न्यू इंडिया के निर्माण को विस्तार और 140 करोड़ देशवासियों के सपनों को गति देगा। इसमें आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों को हासिल करने हेतु हर प्रावधान किए गए हैं। इसके लिए मैं हजारीबाग व रामगढ़ वासियों की ओर से प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री को धन्यवाद देता हूं।

परियोजनाओं का विस्तार किया जायेगा, जिससे बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन होगा। केंद्र सरकार की कुशल नीतियों के परिणामस्वरूप आज देश में महंगाई नियंत्रण में है। जो महंगाई दर पहले 6 से 7 प्रतिशत थी, वो अब 5 प्रतिशत की ओर बढ़ रही है। कहा कि मुझे विश्वास है कि अमृत काल का बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## स्पीड न्यूज

### बीआरसी बरही के कंप्यूटर ऑपरेटर सह लेखापाल का प्रभार छिना

**हजारीबाग।** बीआरसी बरही के कंप्यूटर ऑपरेटर सह लेखापाल संजय राणा का प्रभार छिन गया है। डीइओ सह झारखंड शिक्षा परियोजना हजारीबाग के डीपीओ उपेंद्र नारायण ने आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि कंप्यूटर ऑपरेटर संजय राणा को इचाक और पदमा का भी प्रभार दिया गया था। लेकिन उनका कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया उन्हें शोकॉज किया गया था लेकिन उसमें भी लेखापाल का जवाब भी संतोषजनक नहीं मिला। उनके जवाब से यह पता चला कि वह सिर्फ बरही में ही कार्यों को प्राथमिकता देते रहे हैं। पदमा और इचाक में उनके कार्य संतोषजनक नहीं हैं। ऐसे में उन्हें कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय चुरचू के लेखापाल प्रेमचंद राम को प्रभार देने का आदेश दिया गया है। इधर आरजेडीई सुमनलता टोपनो बलिहार ने भी कंप्यूटर ऑपरेटर सह लेखापाल संजय राणा के मामले पर संज्ञान लिया है। आरजेडीई से झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान सचिव कुमार सत्यपाल ने शिकायत की थी। आजेडीई ने डीइओ से कंप्यूटर ऑपरेटर सह लेखापाल संजय राणा से संबंधित जांच प्रतिवेदन मांगा है।

### इवीएम का प्रथम रैंडमाइजेशन संपन्न

**रामगढ़।** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर शुक्रवार को जिला समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पदाधिकारी निर्वाचन समन्वय कोषांग सह अपर समाहर्ता नेलसम एयोन बागे, निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम (कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट, विविपैट) का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया।

### दो बच्चों के जन्म में तीन साल का रखें अंतराल : सत्यवंती

**भदानीनगर (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित बुध बाजार दोतल्ला पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र दुंदुवा, शिवनगर बीटीटीआई एवं पुराना थाना मोहल्ला में सास-बहू-पति एवं ग्रामीणों का सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी ने की। सम्मेलन में मुखिया एवं सहिया द्वारा उपस्थित सास, बहु, पति एवं ग्रामीणों कई महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए सुझाव दिया कि दो बच्चों के जन्म के समय कम से कम तीन साल का अंतराल अवश्य रखें। बताया गया कि इसके लिए सरकार द्वारा निशुल्क रूप से गर्भनिरोधक गोलियां, निरोध एवं अन्य सामग्री मुफ्त में दिया जाता है। कहा गया कि हम दो हमारे दो के तर्ज पर सुखी परिवार के लिए दो बच्चों के बाद बिना लिंग भेद किये परिवार नियोजन का अपरेशन अवश्य करवा लें। साथ ही जच्चा-बच्चा के बेहतर स्स्वास्थ्य व तंदुरूस्ती के लिए सरकार द्वारा दिए जा रहे सुझाव एवं अन्य योजनाओं का बिना संकोच के लाभ लें। सम्मेलन में मुखिया स्तयवंती देवी द्वारा दर्जनों महिलाओं के बीच बर्तन का वितरण किया गया। मौके पर सहिया रंजू सिंह, तिलोत्तमा तिवारी, मंजू देवी, आंगनबाड़ी सेविका किरण सिंह, प्रेमी सलोनी तिर्की, हिना देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

### देवरिया पैक्स का उद्देश्य ही अधिक से अधिक किसानों को लाभ पहुंचाना है : सनोज

**बासल (रामगढ़)।** देवरिया पैक्स कम्प्यूटर ऑपरेटर सनोज कुमार ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि बडकागांव विधायक अंबा प्रसाद के प्रयास से भदानीनगर क्षेत्र के देवरिया में धान क्रय केन्द्र खुलने से किसानों का काफी लाभ पहुंच रहा है। सनोज कुमार ने कहा कि धान क्रय केन्द्र खुलेने से मात्र 45 दिनों में क्षेत्र के करीब 200 किसानो ने 2050 रूपये प्रति क्विंटल सरकारी दर से 5202 क्विंटल धान बेचा है। इसमें अधिकांश किसानो को आधी राशि का भुगतान कर दिया गया है। शेष राशि का भुगतान जल्द ही कर दिया जायेगा।

## एक नजर में

### ऑटो रिक्शा चालकों ने विधायक उमाशंकर से मिलकर जल्द स्वस्थ होने की कामना की


विधायक से मिलते ऑटो चालक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** झारखंड निवेदन समिति के सभापति सह विधायक उमाशंकर अकेला का दिल्ली में हो रहे आंख के उपचार के दौरान कोल्हुआकला पंचायत के ग्राम करगईयो के दर्जनों कार्यकताओं ने मिलकर उनसे स्वास्थ्य के संबंध में अवगत होकर उंनके जल्द स्वास्थ्य होने का कामना किया।बताते चलें कि सैकड़ों कार्यकर्ता दिल्ली में ऑटो रिक्शा चालक का काम कर रहें है। ऑटो चालकों ने झारखंड भवन दिल्ली में विधायक से शिष्टाचार मुलाकात किया और श्री अकेला के जल्द स्वस्थ होने की कामना किया। कार्यकताओं के अपार जनसमर्थन से विधायक उमाशंकर अकेला काफी खुश नजर आएं। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कार्यकताओं के आशीर्वाद एवं प्यार को वह कभी नहीं भूलेंगे। मौके पर दर्जनों लोग मौजूद थे।

## बीआरसी होलंग में दी गयी शिक्षिका को विदाई


विदाई समारोह में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय टाटीझरिया में कार्यरत वरीय शिक्षिका रीता गुप्ता की 35 वर्ष सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त होने के अवसर पर एक फरवरी 2023 को उत्क्रमित उच्च विद्यालय झरपो के कुशल नेतृत्व दृढ़ इच्छाशक्ति के तहत विद्यालय प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार दिपक, दारू प्रखंड के मध्य विद्यालय महेशरा शिक्षक मंजर सर के अथक प्रयास से विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड के बीआरसी होलंग प्रांगण में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टाटीझरिया बीडीओ साइनी तिग्गा, बीओ रामेस्वर दांगी, पूर्व जिला परिषद सह 20 सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह भाजपा नेता बांटेश्वर मेहता थे। जिनको संथाली गीत झाल मांदर वाद्य यंत्रों के धुन पर स्वगत किया गया।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेड़कुरी पहुंचीं प्रशिक्षु आइएएस सह बीडीओ शताब्दी मजूमदार

### स्कूली बच्चों के साथ की करियर काउंसलिंग


शताब्दी मजूमदार व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेड़कुरी में प्रशिक्षु आइएएस सह बीडीओ शताब्दी मजूमदार शुक्रवार को स्कूली बच्चों से मिलने विद्यालय पहुंची जहां विद्यालय प्रबंधन और स्कूली बच्चों के द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया।विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यपक बैजू राम और वर्तमान प्रधानाध्यपक कुंदन लाल शर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया और स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत गाकर अतिथि का स्वागत किया। आईएस सह बीडीओ स्कूल के नवम व दशम वर्ग के 206 बच्चों के साथ कैरियर काउंसलिंग की उन्हें अपने बारे में बताया साथ ही बच्चों के भविष्य की योजना और समस्याओं को जानने का प्रयास किया। स्कूली बच्चे भी उनके साथ दोस्ताना माहौल में बातचीत कर रही बीडीओ को सामने पाकर काफी खुश नजर आई। बच्चों ने उनकी सफलता के बारे में भी सवाल किए जिनका आईएस प्रशिक्षु ने खुले मन से जबाब दिया। कार्यक्रम के बाद उन्होंने कहा कि उन्हें विद्यालय आकर काफी अच्छा मह्सुश हुआ उनका यह प्रयास रहेगा कि उनकी प्रशिक्षण अवधि खत्म होने से पूर्व दोबारा इस विद्यालय में आये और स्कूली बच्चों से रूबरू हो। शताब्दी मजूमदार ने साथ ही कहा कि वो विद्यालय प्रबंधन से भी आग्रह करेंगी की सप्ताह में एक बार बच्चों के साथ कॉन्सलिंग हो जिसमें उनसे भविष्य में क्या बनना चाहते है कैसे बन सकते है इसबात पर चर्चा हो। कार्यक्रम में बीडीओ ने स्कूली बच्चों के साथ मध्यान भोजन का भी आनंद लिया।

## चट्टीबारियातु कोल माइंस से कोयला लोड करने जा रहे वाहनों को रैयतों ने खदेड़ा

**केरेडारी।** एनटीपीसी चट्टीबारियातु कोल माइंस से आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को भी ट्रांसपोटिंग का कार्य को रोका, वहीं कोयला लोड करने जा रहे लगभग दर्जनों वाहनों को रैयतों ने खदेड़ दिया। वही चट्टीबारियातु, जोरदाग, पगार गांव के विस्थापितों को कहना है की जब तक एनटीपीसी रैयतों मांग पूरी नही करती तब तक ट्रांसपोटिंग का कार्य बाधित रहेगा। आगे रैयतों ने कहा कि एनटीपीसी बहुत आसान तरीके से चट्टीबारियातु में कोयला खनन कार्य को शुरूआत की पर अब तक वहां की रैयत ठगी महसूस कर रहे है। आगे उन्होंने कहा की कम्पनी के अधिकारियों ने ग्रामीणों के निजी सड़क से गांव के कुछ दबंगो के साठगांठ से कोयला ट्रांसपोटिंग करना चाहती है, वैसा हरगिज नही होने देगें। वही रैयतों की भीड़ में पुलिस प्रशासन रैयतों को समझाते दिखे। इस संदर्भ में एनटीपीसी चट्टीबारियातु कोल माइंस के जीएम विशय मोहन सिंह ने कहा की ग्रामीण कोयला को डिस्पेज होने दे एनटीपीसी की सारी सुविधाएं रैयतों तक पहुंचेगी।

## लैंड रेवेन्यू ऑफिसर ने नौकरी को लेकर रैयतों से की मुलाकात

**चरही।** सीसीएल हजारीबाग एरिया के तहत चल रहे सीसीएल के तापिन साउथ परियोजना का विस्तारीकरण को लेकर शुक्रवार को परियोजना पाधिकारी एके दिवाकर, खान प्रबंधक एसके सिंह,लैंड रेवेन्यू ऑफिसर क्षितिज अग्रवाल ने फुसरी के सिंघाड़ा टोला में रैयतों के साथ मुलाकात कर जमीन के बदले नौकरी के लिए जमीन के कागजात और वंशावली सहित अन्य जरूरी कागजातों को कार्यालय में जमा करने को कहा गया। मौके तापिन साउथ परियोजना पदाधिकारी एके दिवाकर ने रैयतों को जोहर शब्द से संबोधित करते हुए कहा कि नौकरी के लिए परियोजना कार्यालय के लैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट में कागजातों को जल्द से जल्द जमा करें।ताकि इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। मैनेजर एसके सिंह ने कहा कि ग्रामीण रैयत जल्द से जल्द नौकरी के लिए आवेदन को जमा करें। ताकि अपने आने वाले पीढ़ी मजबूत हो सके।वही बैठक में मौजूद ग्रामीणों का कहना था कि सीसीएल प्रबंधन एक मुस्त में नौकरी दे।क्योंकि सीसीएल के द्वारा फूसरी ग्राम के सारी जमीनों को अधिग्रहण कर ली है।जिस कारण गावं के मूलभूत विकास कार्य जैसे सड़क,पीएम आवास,सहित अन्य सरकारी योजनाओं से वंचित हैं।ग्रामीणों ने प्रबंधन से मांग किया है कि सीसीएल प्रबंधन ग्रामीणों को एक साथ पूरे जमीन का नौकरी दे। बैठक में मुख्य रूप से समाजसेवी संजय मुर्मू, सोनाराम मांझी,जयराम मांझी,लेचा मांझी, महेश टुडू,बिरसा टुडू,रामजी मांझी, रमेश मुर्मू, विजय टुडू,रमेश मुर्मू, बिनोद मुर्मू सहित गांव के कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## खाद्य कारोबारियों के लाइसेंस रजिस्ट्रेशन अनिवार्य : एसडीओ

### प्रखंड कार्यालय में 5 फरवरी को लगेगा विशेष कैंप

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी खाद्य कारोबारियों के लिए बरही प्रखंड कार्यालय में 5 फरवरी 2023 को विशेष कैंप का आयोजन किया गया है।

इस संबध में कार्यालय अभिहित अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी बरही द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत प्रावधान के अनुसार खाद्य कारोबारियों को लाइसेंस रजिस्ट्रेशन प्राप्त करना अनिवार्य है।


एसडीओ बरही।

बताया कि बिना लाइसेंस रजिस्ट्रेशन का कारोबार करना कानूनन दंडनीय अपराध है तथा 6 माह का कारावास एवं 5 लाख रुपए तक का जुमार्ना का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि जिन कारोबारियों का सालाना टर्नओवर 12 लाख रुपए तक हो, उन्हें भी 100 रुपए के शुल्क के साथ रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। जिसमें आवेदक का पहचान पत्र, व्यवसाय स्थल का पता का प्रमाण पत्र एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो आदि दस्तावेज लाना अनिवार्य है। वहीं जिन कारोबारियों का सालाना टर्नओवर 12 लाख से अधिक है, उन्हें लाइसेंस शुल्क 2000 प्रति वर्ष, होलसेलर डिस्ट्रीब्यूटर, रिटेलर के लिए एवं मैग्निफेकचर को प्रति वर्ष 3000 रुपए के शुल्क के साथ दे लाइसेंस रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। इसके लिए प्रोपराइटर डिस्ट्रीब्यूटर या पार्टनर की संपूर्ण विवरण, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी आदि के साथ अन्य दस्तावेज अनिवार्य है।

इस कैंप में सभी खाद्य कारोबारियों खुदरा विक्रेता थोक विक्रेता, वितरक, विनिमार्ता, होटल, रेस्टोरेंट, बूचड़खाना, मछली दुकान, कपड़ा दुकान, सब्जी व फल दुकान, फूड सप्लीमेंट बेचने वाले दुकान, सरकारी अर्धसरकारी कार्यालय परिसर में संचालित कैंटीन, स्टोर रूम के संचालक प्रोपराइटर, मालिक, पार्टनर इत्यादि को सूचना देकर दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर लाइसेंस रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन मांगे गए हैं।

### हरे राम हरे कृष्ण के उद्घोषों से गूंजायमान हुआ क्षेत्र

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर मैगजीन साइड में वर्षों पुराना चबूतरा का जीणोद्धार होने पर शुक्रवार को धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस दौरान 24 घंटे के अखंड-हरिकीर्तन का शुभारंभ हुआ। पुरोहित रामअवतार पाण्डेय द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कराई गई। पूजा में बतौर यजमान मुकेश राउत और उनकी पत्नी गुड़िया देवी शामिल हुईं। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही अखंड-कीर्तन की शुरूआत हुई। इस दौरान हरे राम हरे कृष्ण के भक्ति उद्धोषों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।

## छात्र-छात्राओं के बीच गूंज संस्था ने किया अंग वस्त्र का वितरण


अंग वस्त्र का वितरण करते संस्था के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** प्रखंड के खैरा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय खैरा प्रांगण में उच्च विद्यालय शिक्षकों के काफी पर्यास के बाद गूंज संस्था के ओर से छात्र छात्राओं को ठंड से बचाव को लेकर लगभग सैकड़ो बच्चों को स्वेटर, टी शर्ट, पैंट उपलब्ध हुआ जो पंचायत की मुखिया कुमारी माधुरी के हाथों वितरण करवाया गया। अंग वस्त्र पाकर बच्चों में काफी खुशी देखा जा रहा था मुखिया ने बच्चों को नियमित विद्यालय आने ठंड से बचाव, साफ सफाई पर ध्यान देने जैसी बात कही। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अरविंद केसरी प्रधानाध्यापक सुरेंद्र राम, सहायक शिक्षको में प्रमोद कुमार, मोनुलाल गुप्ता उपस्थित थे।

## जनता से किया हुआ वादा पूरा कर रहे हैं सीएम हेमंत सोरेन : संजीव


बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि संजीव बेदिया।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा भुरकुंडा पंचायत कमेटी का शुक्रवार को हॉस्पीटल कॉलोनी मैदान में पूर्णगठन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय सचिव सह राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया उपस्थित थें। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गांव के गरीब जनता के लिए कई योजनाएं धरातल पर उतारा है। जिसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने कई स्कीम व कल्याणकारी योजनाएं लाई है ताकि अधिक से गरीब लाभुकों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन की ही सरकार बनेगी। झामुमो अपने बहुमत की सरकार बनायेगी। जिसमें 50 से ज्यादा सीट विधानसभा में झामुमो की होगी।

## उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ दी गयी विदाई

### नौ पुलिस पदाधिकारियों का हुआ स्थानांतरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे के निर्देश पर नौ पुलिस पदाधिकारियों का अन्य थाना में स्थानांतरण होने पर थाना परिसर में विदाई सह स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जहां सभी स्थानांतरित पुलिस पदाधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विदा किया और बरही थाना में योगदान देने वाले पुलिस पदाधिकारियों को बुके देकर स्वागत किया गया। समारोह की अध्यक्षता पु.नि. सह थाना प्रभारी सह पुलिस एसोसिएशन अध्यक्ष ललित कुमार ने किया। बरही थाना से एसआई दिनेश कुमार, ओमप्रकाश, आदित्य कुमार, एएसआई बुधराय हेम्ब्रम,


विदाई समारोह में शामिल पुलिस अधिकारी।

देवेंद्र सिंह, नवीन कुमार पांडेय, ओमप्रकाश कुमार, अरविंद कुमार मिश्र का स्थानांतरण दूसरे थाना में हुआ। कार्यक्रम के दौरान सभी पुलिस पदाधिकारियों ने बारी बारी से अपने अपने विचारों को रखा। एसआई दिनेश कुमार व आदित्य कुमार ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार के दिशा-निर्देश में काफी कुछ सीखने को मिला।पुनि सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने कहा कि 2017 से पुराना 47 मामलों का निष्पादन तमाम पुलिस पदाधिकारियों के सहयोग से हो पाया। बरही की पुलिसिंग को बेहतर बनाने में सबों का सहयोग मिला। उन्होंने बरही थाना में आए नए पुलिस पदाधिकारियों का भी स्वागत किया।

## स्पीड न्यूज

### बगडू के थाना प्रभारी बने पंकज शर्मा



**लोहरदगा।** बगडू थाना में शुक्रवार को नए थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा ने योगदान दिया है। पुलिस अवर निरीक्षक पंकज कुमार शर्मा का लोहरदगा सदर थाना से बगडू थाना प्रभारी के रूप में स्थानांतरण किया गया है। एसपी आर राम कुमार ने पंकज कुमार शर्मा को बगडू थाना प्रभारी के रूप में नियुक्त किया है। योगदान देने के बाद पंकज शर्मा ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी से कहा कि क्षेत्र में अमन, शांति बनाए रखना उनका मुख्य उद्देश्य है। इसके अलावा अपराध और उग्रवाद के नियंत्रण पर भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### जागरूकता सह सम्मान कार्यक्रम

**कैरो।** प्रखंड प्रशासन द्वारा पीएम आवास योजना को लेकर शुक्रवार को प्रखंड के हनहट में जागरूकता सह सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में करीब पांच सौ अधिक आवास लंबित है जिसे प्रखंड प्रसासन द्वारा विभिन्न माध्यम से जागरूक करने का प्रयाश किया गया ताकि जल्द से जल्द आवास पूर्ण की जा सके। और जागरूकता का परिणाम है कि पिछले महीने जहाँ 140 आवास पूर्ण हुए वहीं इस महीने करीब दो सौ आवास पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया हूं। मौके पर मुखिया श्रवण मुंडा, गुहाँ उरांव, आकाश कुंवर, मोहन साहू सहित प्रखंड कर्मी व पंचायत वासी मौजुद थे।

### लोक अदालत को ले बैंकों की बैठक



लोहरदगा ।राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल के कक्ष में बैंकों के ऋण समाधान हेतु जिले में लोक अदालत एवं स्थाई लोक अदालत लगाने हेतु एक बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के अध्यक्षता एवं सचिव राजेश कुमार की देखरेख में जिला अग्रणी बैंक के प्रबंधकों व अन्य पदाधिकारियों के साथ की गई। डालसा अध्यक्ष ने कहा कि बैंकों के अनुरोध पर झालसा, रांची के निदेशानुसार इस जिले के विभिन्न बैंकों के नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स संबंधित ऋण के 18,856 मामले हैं ।ऋणधारियों के सुविधा के लिए उन्हीं के क्षेत्र में विशेष लोक अदालत के शिविर लगाने का निर्देश बैंकों को दिया गया है ताकि ऋणधारी अपना ऋण खाता को निष्पादित करा कर अपने को ऋण मुक्त कर सकें ।इस बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष प्रकाश पासवान, सदस्य स्मिता, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार, एलडीएम रविन्द्र प्रसाद एवं अग्रणी बैंक के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### जिला अनुकंपा समिति की बैठक

**लोहरदगा ।**उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कुल आठ मामलों पर चर्चा की गई और नियुक्ति संबंधी अनुशंसा करते हुए आवश्यक निदेश स्थापना उप समाहर्ता को दिये गये ।बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सिविल सर्जन, जिला आयुष पदाधिकारी, स्थापना उप समाहर्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक उपस्थित थे।

### कृषि गणना को ले डीसी ने की बैठक



**लोहरदगा ।**उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में कृषि गणना के प्रगति को लेकर बैठक हुई। बैठक में जिला में गांवों की संख्या, कुल कृषकों की संख्या, भूमि, लक्ष्य, तय समय पर कृषि गणना पूर्ण करने समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त को निदेश दिया गया कि कृषि गणना को लेकर सभी अंचलाधिकारियों के साथ बैठक कर लक्ष्य निर्धारित करने और कार्य में प्रगति लाते हुए कृषि गणना का कार्य तय समय पर पूर्ण कराये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### शिक्षा अधिकारी ने स्कूल का किया निरीक्षण

भंडरा । जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा घोस ने शुक्रवार को भंडरा प्रखंड क्षेत्र का दौरा कर लाल बहादुर शास्त्री 10 पल्स टू विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय मे चल रहे प्रोजेक्ट बंशीधर कन्या विद्यालय, मॉडल विद्यालय के विधार्थियों से मुलाकात कर विद्यालय मे पठन पठान की जानकारी ली । उन्होंने प्रधानाध्यापाक अजय कुमार को विद्यालय के विकास मद को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक कर जल्द हि विकास मद की राशि को खर्च करने का निर्देश दिया । जिला शिक्षा पदाधिकारी ने खबर मंत्र सवाददाता को बताया की पूरे जिले मे शिक्षकों की कमी है जिसके कारण लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय मे तीन विद्यालय संचालित हो रही है । शिक्षकों की ब हाली के उपरांत तीनो विद्यालयों को अपने अपने भवनो मे संचालित कराया जायेगा । मौके पर बी ई ई ओ जयनाथ महतो,प्रधानाध्यापाक अजय कुमार,बीपीओ निशांत कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे ।

### बीएस कॉलेज में खेलकूद 10 से

लोहरदगा ।बलदेव साहू महाविद्यालय लोहरदगा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 10 फरवरी और 11 फरवरी को होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू होंगे 'कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय में एक बैठक रखी गई। जिसमें सभी शिक्षकों ने एकमत से कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया ।महाविद्यालय के खेल प्रभारी प्रोफेसर आनंद मांझी की सक्रियता के कारण वर्षों से वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता नहीं होने के बावजूद इसे भव्य ढंग से कराने हेतु महीनों से महाविद्यालय में बैनर पोस्टर लगाकर छात्रों के बीच कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उत्साहवर्धन का काम किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर शिव कुमार प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। जिसमें अलग-अलग कमेटियों का निर्माण किया गया और इसकी जिम्मेदारी महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों को दी गई।

# युवक की गला रेत कर हत्या

## परिजनों ने गुमला-रांची मार्ग को किया जाम

- एसडीओ और एसडीपीओ के समझाने पर जाम हुआ समाप्त
- मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी, मुआवजा व बच्चों की उचित शिक्षा की कर रहे थे मांग
- रात में फोन आने पर पत्नी से कहकर निकला था घर से

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के लक्ष्मण नगर लिप्टस बगीच में लक्ष्मण नगर निवासी 38 वर्षीय परमेश्वर सिंह की अज्ञात अपराधियों ने बेरहमी से गला रेत कर गुरूवार की रात हत्या कर दी। इधर हत्या के विरोध में परिजनों व स्थानीय लोगों ने शव के साथ लगभग आधे घंटे तक गुमला-रांची मुख्य मार्ग को टावर चौक के पास जाम कर दिया। जाम की सूचना पर पहुंचे एसडीओ रवि जैन, एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल व थाना प्रभारी बिनोद कुमार के समझाने पर जामकर्ताओं ने जाम समाप्त कर दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि देर शाम लगभग 7:00 बजे मृतक परमेश्वर को फोन कर किसी के द्वारा बुलाया गया था। वहीं फोन आने पर परमेश्वर ने पत्नी को कहा कि मैं तुरंत आ रहा हूं और घर से निकल गया। जिसके बाद वह घर नहीं लौटा। इधर घटना की सूचना गुमला पुलिस को किसी ने दी तो रात में ही जाकर पुलिस ने शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम होने के बाद दोपहर में शव के साथ लोगों ने टावर चौक जाम कर दिया। जाम के दौरान आक्रोशित लोग नारे लगा रहे थे। सड़क जाम कर रहे लोंगों ने घटना में संलिप्त अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी, मृतक के आश्रित को दस लाख रूपया मुआवजा देने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने एवं मृतक के बच्चों को निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करने की मांग कर रहे थे। जाम से टावर चौक में वाहनों की लंबी कतार लग गई। थाना प्रभारी ने कहा कि हत्या किन कारणों से हुई है। पुलिस जांच कर रही है जल्द ही अपराधी गिरफ्त में होंगे।



मृतक युवक का शव।



जामकर्ताओं से वार्ता करते एसडीओ व एसडीपीओ।

# शराब दुकानों के कर्मियों ने डीसी से मानदेय भुगतान की लगायी गुहार

**दो प्रतिशत ओवर रेट कर शराब बेचने का दबाव देने का विभागीय अधिकारियों पर लगाया आरोप**



**गुमला।** देशी व विदेशी शराब दुकान में कार्यरत कर्मियों ने शुक्रवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर मानदेय भुगतान कराने की मांग की है। साथ ही विभागीय अधिकारियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

कर्मियों ने कहा कि 9 माह से वे देशी व विदेशी शराब दुकान में काम कर रहे हैं। जिसमें चार माह का ही अधूरा मानदेय उन्हें प्रदान किया गया है। समय पर मानदेय भुगतान नहीं होने से परिवार चलाने में उन्हें काफी कठिनाई हो रही है। वहीं माह जनवरी से उत्पाद विभाग व प्लेसमेंट एजेंसी के द्वारा दो प्रशितत ओवर रेट कर शराब की बिक्री का दबाव बनाया जा रहा है।

ऐसी स्थिति में कार्य पूरा नहीं करने वाले कर्मियों को निकाल दिया जा रहा है। कर्मियों ने उपायुक्त से अपनी दयनीय स्थिति को देखते हुए अविलंब मानदेय भुगतान कराने की गुहार लगायी। इस अवसर पर राजेश कुमार सिंह, रितेश बैठा, बिनोद सोनी, एके सिंह, अनिल चौबे, संतोष कुमार साहु, गणेश प्रसाद, चंदन कुमार, विजय गोप, सुजीत कुमार साहु, शनि राम, अनिल कुमार, गौत्तम केसरी, चंद्रिका राय, अमन कुमार सिंह, रोहित कुमार, रविंद्र कुमार, जुरेन महतो आदि उपस्थित थे।

### गुमला में गिरते कानून व्यवस्था पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने जतायी चिंता

**गुमला।** जिले में गिरते कानून व्यवस्था पर चिन्ता व्यक्त करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी ने कहा कि शहर से सटे लक्ष्मण नगर में परमेश्वर सिंह की निर्मम हत्या कर दी गई है जो कि पुलिस प्रशासन का पोल खोलने के लिए काफी है। भाजपा सरकार से मांग करती है कि पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, उचित मुआवजा, नाबालिग बच्चों को शिक्षा की व्यवस्था करे एवं 24 घंटे के अंदर अपराधियों को गिरफ्तारी नहीं हुई हो संगठन आन्दोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस घटना की जितनी भी निंदा की जाय कम है । घटना को लेकर सांसद सुदर्शन भगत, समीर उरांव, पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश दिनेश उरांव, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, शिव शंकर उरांव, मिसिर कुजूर, सत्यनारायण पटेल, निर्मल गोयल, सविंदर सिंह,दामोदर कसेरा, संजय सिंह,गायत्री देवी , प्रदीप प्रसाद, किरणमाला बाड़ा, रविंद्र कुमार सिन्हा, चितरंजन मिश्रा,अरविंद मिश्रा, संतोष सिंह, विकास सिंह, शंभू सिंह, विपिन सिंह आदि कार्यकर्ताओं ने शोक प्रकट किया।

### ग्रामीणों की समस्या के निदान को काम कर रही कांग्रेस : चैतु



**गुमला।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी गुमला की बैठक शुक्रवार को मुरकुंडा पंचायत के कुटमा गांव में प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष चैतु उरांव मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में गांव की समस्या पर चर्चा की गई। जिसमें राशन कार्ड व सिंचाई से संबंधित समस्या सामने आयी। मौके पर जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीबों की समस्याओं के समाधान की दिशा में लगातार काम कर रही है। जिसको लेकर प्रखंड व पंचायतों में शिविर का आयोजन कर लोगों की समस्या से अवगत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार गरीबों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाकर ग्रामीणों के घर पहुंचकर अधिकारी लगातार समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है उसे पार्टी स्तर से अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा ।

# सभी बच्चों का एकाउंट खोलें बैंक

**सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंकों की भूमिका अहम : उपायुक्त**



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शुक्रवार को नया समाहरणालय भवन के सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय डीएलआरसी के साथ प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, स्वयं सहायता समूह, प्रायरिटी सेक्टर लेंडिंग तथा के.सी.सी. के संबंध में समीक्षात्मक बैठक हुई। उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया । साथ ही जिले के सभी बैंक प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। उपायुक्त ने सभी विद्यालयों के बच्चों के बैंक खाते खोलने के विषय में विशेष ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कैंप लगाने हुए स्कूली बच्चों के 0 बैंक अकाउंट खोलने का निर्देश दिया। जिन बच्चों का आधार मैच नहीं हो रहा उसे कल्याण पदाधिकारी द्वारा अपने स्तर से पुनः पुष्टि कर लेने की बात कही।पेंशन धारियों को आधार मैपिंग करते हुए उन्हें पेमेंट करने का निर्देश दिया। जिन पेंशन धारियों का आधार सीडिंग नहीं है उनका आधार सीडिंग करवाने के पश्चात ही उनको पेमेंट करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने मत्स्य पालकों समूहों को दिए गए लोन के बारे में जानकारी ली । जिला मत्स्य पदाधिकारी ने बताया कि उन्हें 630 केसीसी हेतु आवेदन प्राप्त थे। 58 मत्स्य पालकों समूहों के लिए 39 लाख 48 हजार का लोन को स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

# पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं बर्नपुर के ग्रामीण

**मिशन बदलाव के गांव चलो गांव बदलो अभियान में ग्रामीणों ने रखी समस्या**

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। मिशन बदलाव का गांव चलो गांव बदलो अभियान शुक्रवार को कामडरा प्रखंड के बर्नपुर गांव में चलाया गया। मिशन बदलाव के सदस्यों ने गांव का दौरा कर गांव की मूलभूत समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने पेयजल समस्या पर अपनी चिंता जाहिर की और बताया कि गांव में एक जल मीनार वह खराब पड़ा हुआ है। गांव में सड़क निर्माण किया जा रहा है। लेकिन उसकी गुणवत्ता बहुत खराब है। मिशन बदलाव कामडरा प्रखंड अध्यक्ष मारवाड़ी बिरहोर ने बहुत तल्ख लहजे में प्रशासन के सहयोग से गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कार्य पूरा किए जाने और जलमीनार दुरुस्त कराने की बात कही। प्रखंड सचिव जॉन टोपनो ने गांव चलो गांव बदलो अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि ग्रामीणों को अपनी और अपने गांव की दशा और दिशा बदलने के लिए खुद आगे आना होगा और प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों तक समस्याओं को लेकर जाना होगा कि हमारी समस्या के समाधान के लिये क्या किया गया है।



पंचायत समिति सदस्य जेम्स होरो और सिकंदर सिंह ने विश्वास जताया और कहा कि मिशन बदलाव टीम हर कदम पर मजबूती के साथ ग्रामीणों के साथ खड़ी रहेगी। बैठक में मिशन बदलाव बसिया प्रखंड अध्यक्ष रामलखन गोप, बुधवा पाहन, प्यारी बारला, कुंवर टोपनो, अंजली बारला, नीरज मुंडा, रामपद मुंडा, ढुल्लू खड़िया, पंचू साहू आदि उपस्थित थे।

# जल, जंगल व जमीन की सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी : डीसी

**ऑक्सीजन के लिए जरूर पेड़ लगायें : डॉ वाघमारे**

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** वन प्रमंडल, लोहरदगा की ओर से नगर भवन, लोहरदगा विश्व आद्र भूमि दिवस (वेट लैंड डे) पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि पेड़ ऑक्सीजन पैदा करते हैं। जंगल खत्म होंगे तो ऑक्सीजन खत्म हो जाएगा। ऑक्सीजन खत्म होगा तो मनुष्य का अस्तित्व भी खत्म हो जाएगा। इसलिए पेड़ जरूर लगाएं। हम सभी को मिलकर पर्यावरण अंतर्गत पेड़ पौधे, नदी-पहाड़, झरने, झील आदि का संरक्षण करना चाहिये, इसलिए जंगल का दायरा बढ़ाएं।

जैव विविधता को बनाए रखने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। आद्र भूमि को पहचानने और उसके संरक्षण की आवश्यकता है नहीं तो मनुष्य का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि हमें प्रकृति की ओर से सूर्य की रौशनी, जल और वायु मुफ्त मिलती है जो मनुष्य की सबसे जरूरी आवश्यकता है। इसे संरक्षित करने की आवश्यकता है। इसका एक मात्र विकल्प है कि हम ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। जंगल से हमें फल, फूल, औषधि, शहद, लाह इत्यादि मिलते हैं। प्राण वायु मिलता है। पेड़ पौधे रहेंगे तो भूगर्भ जल का संरक्षण होगा। भूमिगत जल नीचे नहीं जाएगा। भूमि की आद्रता बनाये रखने के लिए जरूरी है पेड़-पौधे लगाना ।पेड़ और पानी के बीच अन्योन्याश्रय संबंध है। कार्यक्रम में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि जैव विविधता बनाये रखने के लिए उस भूमि की पहचान जरूरी है। विकास के क्रम में जैव विविधता का नुकसान हुआ है। हमें इसे समझने की जरूरत है। कार्यक्रम में जैव विविधता पर्षद के साइंटिस्ट प्रसेनजित मुखर्जी, कृषि विज्ञान केंद्र किस्को के हेमन्त पांडेय ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थे।

## एक नजर में

### हत्या के विरोध में वकील रहे न्यायिक कार्य से दूर



गुमला। लक्ष्मण नगर निवासी परमेश्वर सिंह की हत्या को लेकर शुक्रवार को बार एसोसिएशन गुमला के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से दूर रहे। मृतक लिपिक का कार्य करता था। घटना की सूचना पर बार एसोसिएशन में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मृतक की आत्मा की शांति के लिए सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखा। बार एसोसिएशन के सचिव बाबूलाल ने बताया कि घटना की जानकारी होने पर बार एसोसिएशन की बैठक बार भवन में हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि अधिवक्ता न्यायिक कार्य से दूर रहेंगे।

### 68 पुलिस अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



गुमला। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले के 68 पुलिस पदाधिकारियों को 8 सप्ताह का प्रोन्नति प्रशिक्षण पुलिस केंद्र गुमला में दिया गया। यह प्रशिक्षण पूर्व में झारखण्ड राज्य के पुलिस ट्रेनिंग संस्थानों में आयोजित होता आया था। परंतु इस बार ये जिम्मेदारी सम्बन्धित जिलों को ही सौंपी गई थी। गुमला पुलिस जिम्मेदारी का सफलता पूर्वक निर्वहन करते हुए सभी पदाधिकारियों को उच्च स्तर का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण का पारण परेड आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक ऐहतेशाम वकारिव उपस्थित रहे और परेड का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण में बेस्ट फायरर सअनि रामाशंकर प्रसाद, बेस्ट इंडोर क्लास प्रशिक्षु-सअनि सत्यदेव राम, बेस्ट आउटडोर क्लास प्रशिक्षु सअनि अजय तिग्गा, बेस्ट ओवर ऑल प्रशिक्षु सअनि विक्रम उरांव को चुना गया। जिन्हें एसपी के ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ऐहतेशाम वकारिव, अतिरिक्त पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय प्राण रंजन, एसडीपीओ बसिया श्री विकास लांगुरी, प्रोबेशनर डीएसपी प्रदीप कुमार, सर्जेंट मेजर श्री प्रणव कुमार, इंस्पेक्टर गुमला श्री मनोज कुमार, सर्जेंट रविंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

### क्रिकेट को बढ़ावा देने को बन रहा टर्फ पिच



**गुमला।** जिले में क्रिकेट को बढ़ावा देने व अच्छे प्रतिभावना खिलाड़ियों की प्रतिभा सामने लाने को लेकर जिला क्रिकेट एसोसिएशन गुमला के द्वारा तेलंगा खड़िया स्टेडियम में टर्फ मैदान का निर्माण कराया जा रहा है। तेलंगा खड़िया स्टेडियम में शुक्रवार से टर्फ मैदान का निर्माण कार्य आरंभ हो गया। लगभग 80 फीट लंबी व 40 फीट चौड़ा टर्फ मैदान बनाया जा रहा है। ज्ञात हो कि गुमला जिला के खिलाड़ी मैट पर ही क्रिकेट खेलते थे जो बाहर किसी प्रतियोगिता में जाने पर बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाते थे। क्योंकि उन्हें पीच का अनुमान ही नहीं हो पाता था। टर्फ मैदान बनने से जिले के खिलाड़ियों को पीच का पूरी तरह अनुमान होगा और वे हर मैच में बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। जिले में टर्फ मैदान बनने से क्रिकेट की कई प्रतिस्पर्द्धा भी आयोजित होगी। क्योंकि टर्फ मैदान नहीं रहने के कारण जिले में प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हो पाता था। वहीं टर्फ मैदान बनने से जिले के कई प्रतिभावान खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मुकाम बना सकते हैं। पीच निर्माण के दौरान ज्ञान प्रकाश ,सौरभ कुमार अंकित, यमुना झा ,सनी कुमार, विकी कुमार साहू, आयुष राज, राहुल कुमार ,सौरभ कुमार, संजीव कुमार, मोतीलाल साहू ,पिंटू रे ,हर्ष कुमार, अंकित तिर्की, ऋषभ कुमार आदि खिलाड़ी मैदान पर जमे हुए हैं।

### अवैध बॉक्साइट खन्न की सीओ ने की जांच



घाघरा। अवैध बॉक्साइट खनन को लेकर घाघरा व बिशनपुर प्रखंड अंचलाधिकारी के अलावे दोनों ही प्रखंड के थाना प्रभारी ने सामूहिक रूप से सेरेंगदाग, गाढ़ाकेचकी, बंडा पाठ, सुधी कोना, हाड़हा पाठ, सेरका जालिम क्षेत्र में सर्वेक्षण किया। इस दरम्यान दोनों ही अंचल अधिकारियों ने खनन क्षेत्र का सीमांकन कर नक्शा में सत्यापित किया। इस संबंध में घाघरा के अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने बताया कि अवैध बॉक्साइट खनन की लगातार मिल रही सूचना के बाद उपायुक्त के निदेशानुसार दोनों ही प्रखंड के अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी के साथ बॉक्साइट खनन क्षेत्र में सत्यापन किया गया। जहां पर कई तरह की बातें सामने आई है। उन्होंने बताया कि गुमला जिला के अलावे लोहरदगा जिला के भी कुछ भाग में खनन का कार्य चलता है। उपायुक्त से हम लोगों के द्वारा आग्रह किया जाएगा कि लोहरदगा जिले के भी अधिकारियों को इस जांच प्रक्रिया में शामिल किया जाए तभी स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। वहीं कई लोगों को अवैध माइनिंग करने को लेकर चिन्हित भी किया गया है हालांकि अधिकारी पूरी तरह से कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं। इस मौके पर बिशनपुर के अंचल अधिकारी धनंजय पाठक, घाघरा के अंचल अधिकारी प्रणव ऋतुराज, बिशनपुर थाना प्रभारी सदानंद सिंह, घाघरा थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, राजस्व कर्मचारी सुशील कुमार के अलावे कई लोग मौजूद थे।

### कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन को ले बैठक

**घाघरा।** कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय में नामांकन हेतु प्रखंड कार्यालय के सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने की। जिसमें मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व प्रखंड के कर्मियों के बीच नामांकन से संबंधित जानकारी दी गई। बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने बताया कि वैसे छात्राएं जो पढ़ाई छोड़ दी हैं या वैसे बच्चे जो काफी सुदूरवर्ती क्षेत्र या गरीब परिवार से आते हैं जिन्हें पढ़ाई में काफी बाधा हो रही है।

## कोर्ट नोटिस

**अदालत सिविल जज सिनीयर डिवीजन-11**
व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा।
पार्टीशन सूट नम्बर- 59/2016

महेश साहु तथा अन्य ........ वादी
बनाम
माडू साहु तथा अन्य........प्रतिवादी

नोटिस बनाम
प्रतिवादी संख्या-
17(a) विजय तिवारी 17(b) कैयारी तिवारी 17(c) पेनो तिवारी सभी पिता स्व० शंकर तिवारी 18. कृष्णा साहु 19. मझीन्द्र साहु दोनों पिता लक्ष्मण साहु 20. रतन साहु पिता हरिया साहु सभी निवासी ग्राम- अरू थाना सेन्हा जिला लोहरदगा, (झारखण्ड)।

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने आपके विरूद्ध उपरोक्त पार्टीशन सूट इस न्यायालय में दाखिल किया है, जिसकी सुनवाई की तिथि दिनांक 06.02.2023 को समय 10.30 बजे पूर्वाहन में तय की गयी है। इसके पूर्व आपलोगों को नजारत के माध्यम से तथा निबंधित डाक द्वारा सूचना दी जा चुकी है।

अतः आप उक्त तिथि को स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर वाद की समुचित पैरवी करें, अन्यथा आपके अनुपस्थिति में वाद की कार्यवाही एकपक्षीय कर दी जायेगी। इसे ताकिद जाने।

मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 23.01.2023 ई0 को जारी किया गया।

**सिविल जज सिनीयर डिवीजन - ।।, व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा ।**

## स्पीड न्यूज

### हुसैनाबाद : मार्च में होगी भव्य पंचमुखी हनुमानजी के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा



हुसैनाबाद पलामू। अग्रवाल लॉज में जपला बाजार के प्रतिष्ठित व्यावसायिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक आहूत की गई। जिसमें शहर के पुरानी ठाकुरबाड़ी कुर्मी टोला स्थित श्री हनुमानजी के पंचमुखी भव्य मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा हेतु विस्तार पर चर्चा की गयी। अध्यक्षता ध्रुव प्रसाद अग्रवाल व संचालन अजित अग्रवाल ने किया। जिसमें एक समिति गठित की गयी। सर्वसम्मति से जपला के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसायी प्रकाश अग्रवाल अध्यक्ष, पवन अग्रवाल उपाध्यक्ष, संतोष सोनी सचिव, राकेश विश्वकर्मा उप सचिव, मनीष अग्रवाल कोषाध्यक्ष, काशी सोनी सह कोषाध्यक्ष बनाये गये। विदित हो कि मंदिर निर्माण को लेकर सुबोध शौंडिक व कई व्यवसायी पूर्व से लगे हुए थे। प्राण प्रतिष्ठा मार्च में होनी है। बैठक में नगर सांसद प्रतिनिधि, श्रवण अग्रवाल, भाजपा नेता उदय विश्वकर्मा, उदय अग्रवाल, राजू शौंडिक, रंजन शौंडिक, बटेरण प्रसाद, मुकुंद अग्रवाल, प्रेम चौधरी, बिहारी चौधरी, सुदामा चौधरी आदि उपस्थित थे।

### जेएस कॉलेज के साईकोलॉजी विभाग में अभाविप ने की तालाबंदी



मेदिनीनगर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जनता शिवरात्रि महाविद्यालय के कार्यकर्ताओं ने गीतांजलि कुमारी के नेतृत्व में साइकोलॉजी विभाग में तालाबंदी की। मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राओं ने तालाबंदी का कारण बताते हुए कहा कि विगत कई दिनों से विभाग काफी देर से खुल रहे थे जिससे न तो कक्षाएं नियमित चल रही थी और न ही पठन-पाठन कार्य हो रहा था। लगातार शिकायत पर भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तब तालाबंदी का निर्णय लिया गया। विद्यार्थियों ने यह भी बताया कि इंटरनल और प्रैक्टिकल की परीक्षाएं हो जाने के बावजूद साइकोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष के उदासीन रवैये के कारण अभी तक विद्यार्थियों का अंकपत्र नहीं बना है। रिया सिंह ने कहा कि विभाग खुलने का समय 10:30 बजे है, जबकि प्राध्यापक एक-डेढ़ घंटे विलंब से पहुंचते हैं। प्राचार्य ने छात्रों को आश्वस्त किया कि आगे से विभाग ससमय खुलेगा और सभी कार्य निष्पादित होंगे। मौके पर एश्वर्या, सोनम, खुशी, उज्ज्वल, दीपक, सेजल, संध्या, प्रकाश कुमार, उत्कर्ष तिवारी उपस्थित थे।

### संगठित होने से ही समस्याओं का समाधान



चैनपुर पलामू। प्रखंड के बसरिया कला पंचायत में शुक्रवार को युवा जागृति केंद्र की सभा हुई, जिसमें पंचायत स्तरीय समिति गठित की गयी। सर्वसम्मति से गोरख सिंह अध्यक्ष, नागेंद्र सिंह उपाध्यक्ष, प्रसिद्ध सिंह सचिव, अनोद सिंह सह सचिव, निरंजन सिंह एवं राकेश सिंह कोषाध्यक्ष, नित्यानंद सिंह मंत्री, हरेंद्र सिंह महामंत्री नियुक्त किये गये। बसरिया कला में आयोजित इस सभा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने युवा जागृति केंद्र की सदस्यता ग्रहण की। युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा कि समाज में व्यवस्थाजनित समस्याओं के समाधान के लिए संगठित होना जरूरी है। युवा जागृति केंद्र सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को संगठित कर राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्र सेवा की भावना का संचार कर रहा है। मौके पर केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा, प्रखंड अध्यक्ष विश्वास सिंह उर्फ गुड्डन सिंह, जिला सचिव छोटू तिवारी, नगर अध्यक्ष प्रवीण सिंह, पवन सिंह, राकेश सिंह, आशीष सिंह, परेश सिंह, अरविंद सिंह, ऋषि सिंह, अभिषेक सिंह, रामप्रसाद सिंह, राजेश सिंह, अरुण सिंह, निरंजन सिंह, हितेश सिंह भी थे।

### जनता दरबार : उपायुक्त ने सुनी समस्याएं



मेदिनीनगर। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाया। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान का अनुरोध किया। समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा में निष्पादन का निर्देश दिया। चैनपुर के भैरा निवासी उदय महतो ने शिकायत की है कि 15वें वित्त आयोग से हुए पीसीसी पथ निर्माण की भुगतान राशि में पंचायत सचिव एवं मुखिया रिश्वत मांग रहे हैं। राजहारा पंचायत के कैलाश चौहान ने सीएम सुखाड़ राहत योजना से बिना कारण बताये आवेदन वापस करने की शिकायत की। कस्तूरबा विद्यालय में कार्यरत रात्रि प्रहरियों ने मानदेय में वृद्धि का अनुरोध किया। चैनपुर प्रखंड के सेमरटांड़ के महादेव नगर वार्ड 33 के लोगों ने मुहल्ले में पथ निर्माण की मांग की। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ककोरिया निवासी अनिल राम ने कहा कि पीएम आवास योजना से आवास निर्माण की स्वीकृति मिली है। परंतु मैं भूमिहीन हूं। मेरे कब्जे में मात्र गैरमजरुआ जमीन है। जिसमें मुझे आवास निर्माण की स्वीकृति दी जाए। हैदरनगर थाना क्षेत्र के सडैया के अनिल और वृजदेव रजवार ने अपने खेत में तालाब निर्माण की स्वीकृति मांगी। जनता दरबार में जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने आदि से सबंधित आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

### आरएसएस ने कराया मंडल सम्मेलन



मोहम्मदगंज पलामू। रविवारीय बाजार के बस पड़ाव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में शुक्रवार को मंडल सम्मेलन किया। जिसकी अध्यक्षता वंशरोपण सिंह जबकि संचालन आरएसएस खंड प्रमुख मुकेश चौरसिया ने किया। सर्वप्रथम भगवा ध्वज का विधिवत पूजन हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि सीताराम ने बौद्धिक मार्गदर्शन दिया। कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि भारत के स्वयंसेवक अंतिम क्षण तक देशहित के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। राष्ट्रहित कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं साथ ही राष्ट्रहित पर तत्पर रहते हैं। इसलिए कार्यकर्ताओं को देशभक्ति का पालन पूरी निष्ठा एवं देश प्रेम की भावना से करना प्रथम दायित्व है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य 2025 में आरएसएस का 100वां वर्षगांठ को भव्य बनाने को लेकर है।

# जनहित में निजी भूमि दान देना पुनीत कार्य : विधायक

➲ नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के सीताडीह में वनभोज कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता





सीताडीह में वनभोज के दौरान कार्यक्रम स्थल जाते और लोगों को संबोधित करते पांकी विधायक डॉ शशिभूषण।

पांकी पलामू। पांकी विधानसभा के प्रखंड नीलांबर-पितांबर पुर के ग्राम सीताडीह में वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वनभोज कार्यक्रम में पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता समेत कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल हुए। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने ग्रामीणों की समस्या सुनकर निदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सीताडीह के कई गांव को जोड़ने वाली सड़क जिससे नीलांबर पीतांबर पुर कोट खास जाने में काफी सहूलियत होती है उसे लोगों की परेशानी को देखते हुए अपने निजी खर्च से बनवाया था। सड़क बनने से लोगों में काफी खुशी थी जिसे देखकर मुझे काफी प्रसन्नता हुई। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने जो अपना स्नेह और प्रतिनिधित्व दिया है वो उससे अभिभूत हैं। मौके पर सड़क निर्माण हेतु भूमि दान कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले को शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। कहा कि जनहित के कार्य हेतु अपनी निजी भूमि दान देना काफी पुनीत कार्य है। कहा कि वनभोज से आपसी भाईचारा व एकता बढ़ता है। मौके पर मदनलाल वर्मा, प्रोफेसर बचन ठाकुर, भाजपा के जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, अधिवक्ता लालता प्रसाद यादव, तरहसी प्रखंड के भाजपा के मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, नौडीहा पंचायत के मुखिया एवं विधायक प्रतिनिधि मनदीप मेहता, पावनियर पांडे, देवराज कुमार साव, विधायक प्रतिनिधि रंजय ठाकुर, रोशन सिंह, अभिषेक मेहता, वरुण मेहता, सुजीत मेहता, ब्रजेश मेहता, मनोहर मेहता, सुरेश मेहता, शैलेश मेहता, अविनाश मेहता, मृत्युंजय मेहता, नवल किशोर राय, अजय तिवारी, जितेंद्र मेहता, सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद : खाद्य सुरक्षा शिविर में छोटे व्यापारी सहित 15 का पंजीकरण

›› व्यापारियों को दी गयी प्रशासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी



खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय सभागार में अवर सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग व अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने शिविर लगाया। जिसमें छोटे, रेहड़ी, ठेली वाले 15 व्यापारियों का खाद्य पदार्थ बिक्री का पंजीयन किया गया। एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने बताया कि राज्य सरकार ने यह सुविधा छोटे व्यापारियों को आसानी से पंजीयन कराने के लिए कराई है। शिविर में चाट पकौड़ी, जूस, पेठा, नमकीन, मिठाई, फल सब्जी, विरयानी, लस्सी व गन्ने का जूस आदि खाद्य पदार्थ की बिक्री करने वाले लोगों का आसानी से पंजीकरण हो सके इसके लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया है। अधिकतर व्यापारियों ने एक वर्ष का शुल्क जमा कर पंजीयन कराया। कार्यक्रम के बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी गुलाब लकड़ा ने बताया कि जो व्यापारी इस अवसर पर पंजीयन नहीं करा पाये हैं उन्हें आगे मौका दिया जायेगा।

# पलामू पुलिस ने सड़क लुटेरों को किया गिरफ्तार, गये जेल

■ दो मोबाइल, एक देसी कट्टा और दो बाइक बरामद
■ नया लुटेरा गिरोह हो रहा था तैयार : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर/पाटन। पलामू पुलिस ने आठ सड़क लुटेरों को गिरफ्तार की है। इन लोगों के पास एक देसी कट्टा, लूट का दो मोबाइल, लूट में इस्तेमाल किया गया दो मोटरसाइकिल, एक देसी कट्टा पुलिस ने बरामद की है। ये सभी लुटेरे नया गिरोह तैयार कर लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम बरसईता बंका नदी के समीप 17 जनवरी को देर शाम में लुटेरों ने हथियार का भय दिखाकर एक राहगीर से मोबाइल एवं पैसे की लूट किया था। इस मामले में भुक्तभोगी ने 18 जनवरी को पाटन थाना में मामला दर्ज कराया था। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एएसपी सह सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। इसके बाद संभावित स्थानों पर पुलिस छापेमारी करती रही।

**...और क्या बोले एसपी**



गुप्त सूचना एवं तकनीकी शाखा के सहयोग से घटना में शामिल अखिलेश सिंह पिता बैजनाथ सिंह ग्राम सीकी कला थाना पाटन गिरफ्तार हुआ। इसके पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ। इसकी निशानदेही पर अन्य लोगों की गिरफ्तारी हुई। बताया कि यह सभी लुटेरे नया गैंग तैयार कर घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। इन सभी का मास्टरमाइंड शिवशक्ति राम उर्फ रोहित पासवान पिता रमेश पासवान ग्राम सिकी कला है। जो पूरे घटनाक्रम को तैयार कर लुटेरों को जोड़कर एक नया गैंग बनाया था। एसपी ने बताया कि इस गैंग के सभी लोग गिरफ्तार कर लिये गये हैं। सभी लुटेरे नये हैं इनके विरूद्ध किसी थाना में कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। लुटेरों में लव कुमार सिंह पिता सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, अखिलेश सिंह, शिव शक्ति राम, पवन कुमार पिता नंदलाल राम ग्राम भुड़वा, अमित ठाकुर पिता भूपेंद्र ठाकुर ग्राम ब्रह्ममोरिया, शिवकुमार विश्वकर्मा पिता सुरेश विश्वकर्मा, सुनील कुमार सिंह पिता बीरबल सिंह एवं आशीष सिंह पिता सत्येंद्र सिंह सभी ग्राम सिकीकला थाना पाटन के निवासी हैं। प्रेस वार्ता में पुलिस निरीक्षक विष्णु देव पासवान, पुलिस अवर निरीक्षक गुलशन गौरव थाना प्रभारी, वरुण हजाम, गोविंद कुमार, सुमेर हेंब्रम शामिल थे। जबकि छापेमारी पुअनि सुमेर हेंब्रम, हव मानका बांकीरा, आरक्षी बिनय सिंह, जितेंद्र रजक, रबींद्र कुमार, विनय राम, हेमंत पासवान, रणधीर कुमार, सुरज साहु शामिल थे।

# राज्यपाल ने किया प्रभारी प्राचार्या की पुत्री डॉ स्वप्निल को सम्मानित

›› कॉलेज कर्मियों ने दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



डॉ स्वप्निल को सम्मानित करते राज्यपाल रमेश बैस व उपस्थित अन्य।

छतरपुर (पलामू)। गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर कॉलेज सड़मा छतरपुर के प्राचार्य स्वस्ति कुमारी की पुत्री डॉ स्वप्निल को झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किए जाने पर कॉलेज कर्मियों ने बधाई दी है। गुरुवार को रांची में बिरसा कृषि विवि के 7वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने पूरे विश्वविद्यालय में एमएससी एग्रीकल्चर की टापर डॉ स्वप्निल को चांसलर अवार्ड देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने डॉ स्वप्निल को यूनिवर्सिटी की ओर से प्लांट ब्रीडिंग में प्रथम श्रेष्ठता के लिए गोल्ड मेडल दिया। उन्होंने उसे मास्टर आफ साइंस एग्रीकल्चर की उपाधि प्रदान की। वर्तमान में डॉ स्वप्निल उड़ीसा पारालखेमुंडी स्थित सेंचुरियन यूनिवर्सिटी में बतौर प्रोफेसर व वैज्ञानिक जीन की खोज पर शोध कर रही हैं। डॉ स्वप्निल की पिता डॉ प्रमोद कुमार (वैज्ञानिक) क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र चियाकी में कार्यरत है। उन्होंने कहा कि स्वप्निल बचपन से ही प्रतिभावान छात्रा रही हैं। कॉलेज कर्मी सुजीत कुमार बंपर, विकास अग्रवाल, अर्चना कुमारी, मित्तल सिंह, सुरेंद्र कुमार, नेहा कुमारी, निरंजन सिंह अविनाश सिंह, बीरबल कुमार, आशा तिग्गा, प्रमोद ठाकुर, रेखा अग्रवाल, रामविलास यादव, अखिलेश यादव, कमलेश, शीला ने बधाई दी है।

### महंगाई और रोजगार बजट से गायब : रिंकू सिंह



उंटारी रोड पलामू। प्रखंड के कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह ने बजट को चुनावी स्टंट बताते हुए कहा कि बजट में महंगाई व रोजगार को लेकर कोई जिक्र नहीं है। देश की जनता महंगाई से कराह रही है। उन्होंने यह भी कहा कि बजट लोक लुभावन है और वास्तविकता से दूर है। बजट महंगाई बढ़ाने वाला है। बजट कुछ खास पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए पेश किया गया है।

### संतुलित है केंद्रीय आम बजट : श्रवण सिंह



मेदिनीनगर। वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह ने बजट को संतुलित बताया। उन्होंने कहा कि बजट में शिक्षा, चिकित्सा, एमएसएमई, रोजगार, महिलाओं डिजिटल पुस्तकालय आदि सभी विषयों पर जोर दिया गया है, जो अच्छी बात है। इस बजट में एक और अच्छी चीज ये देखने को मिली कि 8 वर्षों के बाद इस बार टैक्स स्लैब में बदलाव किये गये, जो मध्यम वर्गीय परिवार के हित में है। एक मध्यम वर्गीय परिवार के लिए यह हितकर है। इस बजट में महंगाई पर नियंत्रण करने पर कोई खास बल नहीं दिया गया, जो की अत्यंत आवश्यक था और जिसकी सभी को उम्मीद भी थी।

### जनता को राहत देनेवाला है बजट : सुशील ठाकुर



उंटारी रोड (पलामू)। उंटारी रोड भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त देते हुए कहा कि यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास वाला है। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब व मध्यम वर्ग के लिए राहत देनेवाला है। साथ ही इस में मध्यम वर्ग का विशेष ख्याल रखा गया हैं। उन्होंने कहा कि बजट से आनेवाले समय में विकास की गति और तेज होगी।

### उंटारी रोड में पांच को मनेगी रविदास की जयंती

उंटारी रोड (पलामू)। प्रखंड के जोगा में पांच फरवरी को बाबा साहेब अंबेडकर क्लब, जोगा डिहवर स्थान के पास संत शिरोमणि रविदास जयंती मनायेगी। रात्रि आठ बजे से गायक ओमप्रकाश सूरदास व सोनी सरगम रंगारंग स्टेज प्रोग्राम देंगे। इसकी जानकारी क्लब के अध्यक्ष धीरज कुमार भारती ने दी है।

### जगदेव हमेशा रहे गरीबों के हितैषी : राहिल राज

मेदिनीनगर। समाजसेवी जगदेव जी की जयंती बिसफुटा चौक के नजदीक बड़े ही धूमधाम से मनी। कार्यक्रम में चंद्र धन महतो, रूपेश मेहता, दिलीप मेहता, अजीत मेहता, मुकेश कांत मेहता सुनील कुशवाहा रवि पाल मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुआ। राजद के पाटन छतरपुर विस के नेता राहिल राज उर्फ प्रकाश राम ने कहा कि बाबू जगदेव सबके लिए हमेशा आवाज बुलंद करते रहे हैं। उनके बताये मार्ग पर हमेशा शोषित वर्गों को चलने की आवश्यकता है तभी हमारा समाज आज के परिवेश में विकसित हो पायेगा।

# हरिहरगंज : सीएचसी से नहीं मिली एंबुलेंस सड़क दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता



हरिहरगंज पलामू। सीएचसी में एंबुलेंस उपलब्ध नहीं रहने से सड़क दुर्घटना में गंभीर सुबोध यादव (46) को रेफर होने के बावजूद तत्काल बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र नहीं ले जाया जा सका। फलस्वरूप उसकी वहीं तड़प कर मौत हो गई। मृतक खड़गपुर पंचायत के भांवर गांव के पारपहाड़ टोला का रहने वाला था।

दुर्घटना शहर के हीरो बाइक एजेंसी के समीप एनएच 98 पर शुक्रवार को हुई। उक्त युवक गांव के ही एक युवक के साथ बाइक से अपने घर से हरिहरगंज आ रहा था। इस दौरान हीरो एजेंसी के समीप तेज गति से आ रहे एक अन्य बाइक ने पीछे से उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे सुबोध सड़क पर गिर गया। उसके कान से लगातार खून बह रहा था। बाइक चला रहा अजय यादव भी घायल है। आसपास के लोगों ने उन्हें सीएचसी लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉ राजेश कुमार ने उसे रेफर कर दिया। परंतु एंबुलेंस उपलब्ध नहीं रहने से उसे नहीं ले जाया जा सका। उधर, टक्कर मारने वाले बाइक को लेकर चालक फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास दल बल के साथ सीएचसी पहुंच शव को कब्जा में कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में भेज दिया है।

**एंबुलेंस नहीं मिलने से आक्रोश :** सीएचसी में एंबुलेंस उपलब्ध नहीं रहने की बात को लेकर शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है। भाजपा नेता राजीव रंजन, राजद नेता कमलेश यादव, जिला पार्षद प्रतिनिधि राजेश राम, महादेव यादव सहित कई लोगों ने कहा कि हरिहरगंज तथा पिपरा की बड़ी आबादी के लिए फिलहाल एक भी एंबुलेंस नहीं रहना शर्मनाक है। 5 दिनों से सीएचसी की यही हालत है। गरीब मरीजों के लिए तत्काल बाहर जाकर इलाज कराना मुश्किल है। ग्रामीणों ने सिविल सर्जन से तत्काल एंबुलेंस दिलाने की मांग की है। सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण सिंह ने बताया कि हरिहरगंज सीएचसी में हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड के लिए दो एंबुलेंस है। इसमें एक को कंट्रोलर ने छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में शिफ्ट कर दिया है। जबकि दूसरा मरम्मत के लिए गया है।

# हुसैनाबाद : विश्वकर्मा जयंती पर पूजे गये निर्माण के देवता

खबर मन्त्र संवाददाता



हरिहरगंज पलामू। डाक बंगला परिसर में शुक्रवार को भगवान विश्वकर्मा की जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनी। बढ़ई विश्वकर्मा युवा एकता मंच ने इसका आयोजन किया था। इस दौरान भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना व हवन, भंडारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि नाई समाज के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर तथा विश्वनाथ शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित व फीता काटकर किया। एकता मंच ने सम्मान समारोह आयोजित कर समाज के प्रबुद्ध लोगों को माला पहनाकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि धरती पर भगवान विश्वकर्मा ने ही शिल्पकला व वास्तुकला की शुरुआत की थी। उन्होंने विश्वकर्मा को बढ़ई विश्वकर्मा समाज ही नहीं बल्कि सभी वर्गों का आदर्श बताया। समाज को एकजुट, संगठित करने समाज में कमजोर वर्ग को ऊपर उठाने तथा सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का उद्देश्य है।

# महादेव की पूजा से मिलती है भरपूर शक्ति : संग्राम सिंह

➲ पाटन प्रखंड के कुंदरी में शिव चर्चा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के कुंदरी ग्राम में शिव चर्चा का आयोजन किया गया। शिव चर्चा में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाटन के जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, पूर्व जिला परिषद मुक्तेश्वर पांडे, राहिल राज उर्फ प्रकाश राम, अभय पांडे, राजा सिंह शामिल थे।

मौके पर शिव शिष्य महिला एवं पुरुष सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे। मौके पर प्रकाश राम ने कहा कि आज का जो यह परिवेश है वह धार्मिक और आत्मिक जीवन से भरा है। भगवान शिव के जो हमेशा आम जनों के प्रति लगाव रहा है वह काबिले तारीफ है। मौके पर जिला परिषद संग्राम सिंह ने कहा कि शिव गुरुओं के गुरु हैं, देवों के देव हैं। भगवान भाव के भूखे होते हैं भक्ति के नहीं। भक्त और भगवान दोनों एक दूसरे के पूरक हैं तभी सृष्टि में दोनों का वास है।

# राज्य में चुनौतीपूर्ण मौहाल में कार्य कर रहे हैं पारा चिकित्साकर्मी, नियमित करे सरकार : अरविंद गुप्ता

■ स्वास्थ्यकर्मियों के हड़ताल पर जाने से बाधित है छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल की स्वास्थ्य सेवा

खबर मन्त्र संवाददाता



अपनी मांगों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन करते चिकित्साकर्मी।

छतरपुर पलामू। झारखंड राज्य एनआरएचएम और जीएनएम संघ और झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी संघ के आह्वान पर हड़ताल जारी है। वहीं स्वास्थ्यकर्मियों के हड़ताल पर जाने के बाद छतरपुर अनुमण्डलीय अस्पताल में स्वास्थ्य सेवा बाधित है। अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मी सरकार द्वारा समायोजन और नियमतिकरण की मांग को लेकर संघ द्वारा राज्यव्यापी आह्वान के बाद कई दिनों से हड़ताल पर हैं। इस संबंध में पारा चिकित्सा कर्मियों के मांगों के समर्थन देने नगर के युवा समाजसेवी सह अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन भी उनके धरना स्थल पर पँहुचे और कर्मियों का कुशल क्षेम जाना और सरकार तक उनकी पीड़ा को पंहुचाने का आश्वासन दिया। अरविंद ने कहा कि जान हथेली पर रख कर लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने वाले पारा चिकित्साकर्मियों की मांगें बिल्कुल जायज है । सरकार को इन्हें समायोजित कर इनके नियमितीकरण के लिए आगे बढ़ना चाहिए। कार्यकम की अध्यक्षता वरिष्ठ पारा चिकित्साकर्मी करमचंद ने किया। पारा चिकित्साकर्मी लगातार 20 सालों से राज्य में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जब कोविड संक्रमण काल मे लोग अपनों को छोड़ कर भाग रहे थे तब हमलोगों ने ही जान पर खेल कर लोगों की जानें बचाई। सरकार को भी चाहिए कि वह उनकी चिर प्रतीक्षित मांगों को पूरा कर अपनी संवेदना का परिचय दे।

**ये रहे मौजूद :** मौके पर पारा चिकित्साकर्मी कर्मचंद जी, शैलेश सिन्हा, परिणीता कुमारी, अनुप कुमार, सरिता कुमारी, किरण कुमारी, नीलम कुशवाहा, निधि सिन्हा, कविता कुमारी, संजय चौधरी, संगीता कुमारी, उषा कुमारी, संध्या कुमारी, पूजा कुमारी, सबिता कुमारी, रेणु कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे। इलाके के लोग भी स्वास्थ्यकर्मियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण बेहद परेशान हैं।

# सतबरवा : धावाडीह मुखिया ने किया स्कूली किट का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



स्कूली बच्चों को किट देते धावाडीह मुखिया व अन्य।

सतबरवा पलामू। धावाडीह ग्राम पंचायत के मुखिया रिंकी यादव ने शुक्रवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहरा पोखरी हरिजन टोला के छात्र-छात्राओं के बीच स्कूली किट का वितरण किया। इस दौरान मुखिया ने बच्चों के बीच कॉपी, कलम, इंस्ट्रूमेंट बॉक्स, पेंसिल, रब्बर, तथा कट्टर का वितरण किया। मौके पर मुखिया रिंकी यादव ने कहा कि राज्य सरकार कि यह अच्छी पहल है। सरकारी विद्यालयों में अधिकांश गरीब-असहाय परिवार के बच्चे पढ़ते हैं। जिनके पास कॉपी, कलम, पेंसिल समेत पढ़ाई करने की सामग्री खरीदने के लिए पैसे का अभाव रहता है। वे मजबूरी में अपने बच्चों को पढ़ने की सामग्री नहीं खरीद पाते थे जिसके कारण उनकी बच्चों की पढ़ाई में कठिनाइयां उत्पन्न होती थी।

**खास बातें :** राज्य सरकार की पहल से अब गरीब-असहाय परिवार के बच्चे भी आसानी से शिक्षा पा सकते हैं। बच्चों की पढ़ाई पर राज्य सरकार काफी पैसे खर्च कर रही है ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं हो। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चा ही देश का भविष्य है। अपने बच्चों को स्कूल प्रतिदिन भेजें। बच्चों की पढ़ाई में अब गरीबी बाधा नहीं बनेगी। राज्य सरकार सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को कॉपी, कलम, पेंसिल, रबर, ज्यामिति बॉक्स, यूनिफॉर्म, छात्रवृत्ति, साइकिल तथा खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए विद्यालयों में खेल सामग्री भी उपलब्ध करा रही है ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका बिमला कुमारी, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रागिनी देवी, चंपा कुंवर, पूनम देवी समेत विद्यालय के छात्र- छात्रा उपस्थित थे।

# माओवादियों के गढ़ बूढ़ा पहाड़ से लातेहार पुलिस ने हथियारों का जखीरा किया बरामद

**डीआइजी राज कुमार लकड़ा ने कहा, ऑक्टोपस झारखंड पुलिस के अभी तक का सबसे सफल अभियान रहा है, माओवादी भागे-भागे फिर रहे हैं**

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते आइजी व एसपी।

**लातेहार।** शुक्रवार को लातेहार एसपी सभागार में पलामू आईजी राजकुमार लकड़ा व लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयाजित कर पत्रकारों को बुढ़ा पहाड़ पर चल रहे ऑपरेशन एवं सफलताओं को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि माओवादियों का सुरक्षित ठिकाना कहे जाने वाले बुढा पहाड़ पर झारखण्ड पुलिस ने नक्सल मुक्त कराने के लिये ऑपरेशन ऑक्टोपस प्रारम्भ किया गया है। जिसमें लातेहार पुलिस, गढ़वा पुलिस. केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ कोबरा झारखण्ड जगुआर की टीम ने संयुक्त रूप से बुढा पहाड़ एवं आस-पास के इलाकों में व्यापक पैमाने पर अभियान निकाले। ऑक्टोपस झारखण्ड पुलिस के अभी तक का सबसे सफल दीर्घकालिक एवं महत्वकाक्षी अभियान रहा है। इसी क्रम में

पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन लातेहार को लगातार सूचना मिल रही थी कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी उग्रवादी संगठन के शीर्ष कमाण्डर सौरभ जी उर्फ मारकुस बाबा, छोटु खरवार उर्फ सुजीत उर्फ छोटु जी, मृत्युंजय भुईया उर्फ फ्रेश भुईया, रविन्द्र गंशु उर्फ रविन्द्र जी, निरज सिंह खरवार उर्फ निरज जी, मनीष यादव उर्फ मनीष जी, बब्लु राम उर्फ बब्लु जी, कुन्दन सिंह खरवार उर्फ कुन्दन जी, चंदन सिंह खरवार उर्फ चंदन जी उर्फ बैजनाथ उर्भ संजीवन जी, प्रदीप सिंह धेरो उर्फ प्रदीप जी. रवि जी उर्फ रवि भोक्त, नेशनल भुइयां उर्फ नेशनल जी. सुखलाल बृजिया उर्फ अकेला बृजयी उर्फ गुरु जी एवं अन्य 10-15 हथियारबंद दरता सदस्यों के साथ मिलकर बारेसाढ़ थाना अंतर्गत बुढा पहाड़ के जोकपानी के जंगल में एकत्रित है और किसी बड़ी विध्वंसकारी योजना को अंजाम देने के फिराक में हैं। प्राप्त सुचना के सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई हेतु पुलिस अधीक्षक लातेहार के द्वारा स्पेशल ऑपरेशन ऑक्टोपश का गठन किया गया। सर्च अभियान के दौरान बुढा पहाड़ जो की माओवादीयों के द्वारा लगये गये आई०ई०डी० से लैस, आईईडी प्रोन जोन में बीडीडीएस टीम स्नाईफर डॉग की दक्षता अभियान में गये पुलिस पदाधिकारी, जवानों की अदम्य साहस, महत्वकांक्षी अपनी विरता का परिचय देते हुए बुडा पहाड़ से नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखे गये अत्याधुनिक हथियार एवं एम्युनेशन, पाउच बरामद किया गया है। इस संबंध में बारेसांढ़ थाना कांड सं0-03/2023 दिनांक 02.02.2023 धारा- 147/ 148/149 /120 (बी) भा0द0वि0 25 (1-अ) /25(1-अअ)/26 2 ) / 35 आर्म्स एक्ट 10/13 युएपी एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज किया गया है

**बरामद समानो कि विवरणी :** एक इंसास एलएमजी पुलिस रायफल, एक इंसास पुलिस रायफल, दो एसएलआर पुलिस रायफल, 5.56 एमएम इंसास का जिन्दा गोली 230 राउण्ड, 7.62 एमएम इंसास का जिन्दा गोली 240 राउण्ड, 5.56 एमएम इंसास एलएमजी का मैगजीन 04, 5.56 एमएम इंसास का मैगजीन 03, अम्युनेशन पाउच 04

### छापामारी अभियान दल में

उप समादेष्टा (डीसी) हर्ष त्रिपाठी, कोबरा- 209, सहायक समादेष्टा केशव कुमार मिश्रा कोबरा 209, इंस्पेक्टर सुशील तिग्गा कोबरा- 209, इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र कुमार कोबरा- 209, रंजीत कुमार यादव, थाना प्रभारी बारेसाढ़, पुअनि करण कुमार यादव बारेसाढ़ थाना, लालचंद बेदिया, बुटा सिंह कोबरा 209, सअनि मजलू कालिन्दी समेत सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

## घर में घुसकर महिला की गला रेतकर की हत्या

**लोगों ने विरोध में किया गया सड़क जाम**



थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना से 10 किलोमीटर दूर मासीयातू ग्राम में बीती रात अपराधियों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए एक महिला की गला काटकर हत्या कर दी जिससे पूरे गांव में सनसनी फैल गया। गुरुवार की संध्या लगभग आठ बजे अज्ञात अपराधियों ने सुनीता देवी 42 वर्ष पति प्रमोद प्रसाद गुप्ता ग्राम मसियात के घर में घुसकर अज्ञात अपराधियों ने चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी । घटना की सूचना पाकर बालूमाथ इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद व दल बल के साथ रात्रि में ही मसियातु ग्राम पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया एवं घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जल्द ही खुलासा किया जायेगा। इधर घटना के विरोध में परिजनों द्वारा शुक्रवार की सुबह बालूमाथ थाना चौक के समीप सड़क जाम कर दिया। जाम कर रहे परिजनों ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर हत्यारों को गिरफ्तार करने परिजनों को दस लाख रुपये मुआबजा एवं एक परिवार को नौकरी देने की मांग की। लातेहार एसडीएम शेखर कुमार ने मोबाइल पर जमाकताओं से वार्ता कर उचित मुआवजा व नौकरी देने का आश्वासन दिया एवं थाना प्रभारी द्वारा हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया। सड़क जाम होने से रांची चतरा मुख्य पथ पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। मिली जानकारी के अनुसार सुनीता देवी मासियातू अपने घर में किराना का दुकान चलाती थी गुरुवार को उसके पति बवनहरुआ बाजार गया हुआ था लगभग 4:30 बजे सुनीता देवी अपने पति को फोन कर फल व सब्जी लाने को कहा था और उसके पति बाजार से जब लगभग 8.15 बजे लगभत अपने घर पहुंचा तो अपनी पत्नी का गला रेता हुआ मृत अवस्था मे पाया। इसे देख प्रमोद चिल्लाने लगा। आसपास के ग्रामीण पहुंचे और इसकी सूचना बालूमाथ पुलिस को दी। परिजनों ने बताया की बगल के गांव में लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार में सामग्री बेचने का काम करता हैं एवं उसकी पत्नी घर में किराना दुकान चलाती थी। अगल बगल में कोई घर नहीं होने के कारण। वह घर पर सिर्फ अकेली थी।

**श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, 15 हजार लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण**

# विधायक बैद्यनाथ राम ने की मंदिर में भव्य प्रवेश द्वार बनवाने की घोषणा

**नौ कुंवारी कन्याओं को भोजन करा भंडारे का किया शुभारंभ**

खबर मन्त्र संवाददाता



नौ कन्याओं को भोजन कराते विधायक व अन्य।



प्रसाद ग्रहण करते विधायक व पदाधिकारीगण।

**लातेहार।** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर लातेहार के 30 वें वार्षिकोत्सव के मौके पर मंदिर परिसर में माता के भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ विधायक वैद्यनाथ राम, अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, पथ निर्माण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार वर्मा व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से नौ कुंवारी कन्याओं को भोजन करा कर किया। मौके पर वैदिक मंत्रोच्चारण पंडित त्रिभुवन पांडेय व राजेश पाठक ने किया। जबकि मौके पर बतौर मुख्य यजमान सुधीर कुमार व उनकी पत्नी उपस्थित थीं। भंडारे में लातेहार एवं आसपास के तकरीबन 15 हजार श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में बैठ कर प्रसाद ग्रहण किया। पूरा मंदिर परिसर श्रद्धालुओ से खचाखच भरा था। आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, बद्री प्रसाद, सचिव आशीष टैगोर सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, राजू प्रसाद, चंद्रप्रकाश उपाध्याय, राजीव कुमार, कुक्कू गुप्ता, पंकज प्रसाद, सतीष कुमार, संतोष दुबे, जीतेंद्र प्रसाद, विंदेश्वर प्रसाद, आकाश कुमार जायसवाल, दीपक विश्वकर्मा, विजेंद्र कुमार दास, प्रदीप प्रसाद व गौतम दास आदि का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, राजधानी प्रसाद यादव, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, अमरेश प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र कुमार शौंडिक, प्रमोद प्रसाद सिंह, विनोद कुमार महलका, हेमंत सिंह, अनिल सिंह, अंकित पांडेय, विशाल कुमार, सुनील शौंडिक, दुर्गा प्रसाद, राकेश दुबे, मुकेश पांडेय, रामहरि प्रसाद, संजीव कुमार गुप्ता आदि उपसिथत थे।

**निवर्तमान अध्यक्ष को किया गया सम्मानित :** भंडारे के मौके पर आयोजित मंचीय कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद को सम्मानित किया गया। उन्होने लगातार 30 वर्षों तक मंदिर समिति के अध्यक्ष पद पर अपनी सेवायें दी थी। विधायक वैद्यनाथ राम ने उन्हें शॉल भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर मंच का संचालन श्री दुर्गा मंदिर समिति के सचिव आशीष टैगोर व धन्यवाद ज्ञापन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल ने किया। श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 30 वें वार्षिकोत्सव पर स्थानीय विधायक वैद्यनाथ राम ने मंदिर का एक भव्य मुख्य द्वार बनवाने की घोषणा की। इस पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजा कर इसका स्वागत किया। बता दे कि इससे पहले भी विधायक श्री राम के पहले कार्यकाल में मंदिर में एक विशाल विवाह मंडप एवं दूसरे कार्यकाल में विवाह मंडप के दूसरे तल्ले पर एक हॉल और छह कमरों का निर्माण कराया गया है।

# कुरमी टोला के पास से कोयला लोड ट्रैक्टर जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता



बरामद ट्रैक्टर।

**चंदवा।** अवैध रूप से कोयला का खनन व परिवहन के खिलाफ चंदवा पुलिस प्रशासन एक्शन में नजर आ रही है। एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार की देर रात्रि अभियान पर निकली चंदवा पुलिस की टीम ने चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पथ पर चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरमी टोला गांव के पास से अवैध कोयला लोड ट्रैक्टर को पकड़ लिया। हालांकि काफी रात्रि होने के कारण अंधेरा का लाभ उठाते हुए कोयला तस्कर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल हो गए। जिनकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस के द्वारा अभियान तेज कर दिया गया है। पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में अवैध कारोबार को फलने फूलने नहीं दिया जाएगा। जो भी लोग ऐसे धंधे में संलिप्त हैं वे सुधर जाए। इस मामले में चंदवा थाना में कांड संख्या 30/23 में 414/34 भादवि एवं 30 (दो) कोल माइंस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापामारी अभियान में पुअनि जमील अंसारी और सैट 202 के जवान शामिल थे।

**चंदवा सीएचसी में लगा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला, विधायक वैद्यनाथ राम ने भी शिविर में करायी स्वास्थ्य जांच**

# ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए अतिलाभकारी सिद्ध हो रहे ऐसे कार्यक्रम : वैद्यनाथ राम

**पूरे प्रखंड से सैकड़ो लोगों ने शिविर में करायी स्वास्थ्य जांच, लिया चिकित्सकीय परामर्श**

खबर मन्त्र संवाददाता





शिविर को संबोधित करते विधायक व मंचासीन अतिथि तथा शिविर में लगे स्टॉल का जायजा लेते विधायक व अन्य ।

**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा परिसर में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि झामुमो के लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, सिविल सर्जन दिनेश कुमार व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर के मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगो के लिए स्वस्थ्य शिविर काफी लाभकारी सिद्ध हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग शिविर के माध्यम से अपना निःशुल्क स्वास्थ्य जांच करा रहे हैं साथ ही उन्हें चिकित्सकिय परामर्श भी मिल रहा है जिससे उन्हें काफी लाभ हो रहा है। विधायक वैद्यनाथ राम ने आगे कहा कि हमारी सरकार की ओर से महत्वकांक्षी चिकित्सा सहायता योजना चलाई जा रही है। पहले असाध्य रोग से पीड़ित को इलाज के लिए 5 लाख तक की सहायता मिलती थी, जिसे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बढ़ाकर 10 लाख करने की घोषणा की है। राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों को सुदृढ़ करने की योजना हमारी सरकार की ओर से चलाई जा रही है, जल्द ही सरकारी अस्पतालों का कायाकल्प होगा। गांव के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ सुविधाओं का लाभ पहुंचे इसको लेकर सरकार गंभीर है।

चिकित्सकों की कमी को जल्द किया जाएगा दूरः डॉ. दिनेश कुमार शिविर को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉक्टर दिनेश कुमार ने कहा कि सीएचसी में डॉक्टरों की कमी समेत स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर लगातार सवाल आ रहे हैं। जिसे गंभीरता से लिया गया है, चंदवा सीएससी में जल्द ही डॉक्टरों की कमी को दूर कर लिया जाएगा, विशेषज्ञ चिकित्सक भी सीएचसी में नियुक्त किये जायेंगे साथ ही अल्ट्रासाउंड की भी व्यवस्था बहाल की जाएगी। शिविर के दौरान विधायक वैद्यनाथ राम, सिविल सर्जन दिनेश कुमार समेत अन्य अतिथियों ने स्वास्थ विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न स्थलों का जायजा भी लिया। इस दौरान विधायक वैद्यनाथ राम ने अपना स्वास्थ्य जांच भी कराया व लोगों से शिविर का लाभ उठाने की भी अपील की। इस दौरान विधायक ने नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच टॉफी भी बांटा। बता दें कि शिविर में आयुष्मान भारत, मलेरिया, दिव्यांग पंजीकरण, कुष्ठ रोग, नेत्र जांच, परिवार नियोजन, एनसीडी, सामान्य जांच, कोविड टिकाकरण समेत कई स्टॉल लगाए गए थे। जहां सैकड़ों लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया व चिकित्सकीय परामर्श भी लिया। शिविर में स्वास्थ्य जांच कराने वाले लोगों के बीच निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद :** बीडीओ विजय कुमार, चिकित्सा प्रभारी डॉ. नंदकुमार पांडे, जिप सदस्य सरोज देवी, पंसस अयुब खान, डॉ. निलमनी, डॉ. शंभु चौधरी, डॉ. नीलीमा कुमारी, डॉ. तरुण जोश लकड़ा, डॉ. अखिलेश प्रसाद, राजद जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव, पंसस अयुब खान, रामयश पाठक, रवि डे, सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, बीस सुत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, सत्येन्द्र प्रसाद यादव, राजकुमार साहू, सरफराज अहमद, मलेरिया विभाग से आर्यन कुमार, रुपक कुमार सिंह, अस्पताल कर्मी प्रवीण कुमार भोला, हसीब आलम, त्रिलोकी सिंह, बीरबल भगत, रमेश राम, पुष्पा कुमारी, धनेश्वर प्रसाद, कृष्ण कांत कुमार, बीपीएम मीरा केसरी, लिपिक बिनीता कुमारी, चंद्रमोहन प्रसाद, सीताराम, सुमीत कुमार, सुरेश विश्वकर्मा, मनोज सिंह, विकास रंजन, जितेन्द्र कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### बजट से लोगो को कई तरह के मिलेंगे फायदे : रूपेंद्र

**हेरहंज।** बुधवार को देश के वित मंत्री निर्मला सीतारमन के द्वारा संसद भवन मे आम बजट पेश किये जाने के बाद हेरहज प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र जायसवाल ने कहा की देश के प्रधानमंत्री ने जो नारा दिया था सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास वास्तव मे उसे हकीकत मे बदलने का कार्य हो रहा है। इस बजट से समृद्ध भारत, आत्मनिर्भर भारत, सशक्त भारत का सपना पुरा होगा। दूसरी तरफ देश के प्रधानमंत्री ने हर तबके का ख्याल रखकर एक वर्ष तक मुफ्त अनाज देने की घोषणा भी की है। वित मंत्री द्वारा संसद भवन मे जिस तरह आम बजट पेश किया वह यहाँ के लोगो के लिए ही नही देश के हित के लिए भी ठीक है, इस बजट से लोगो को कई तरह की फायदा मिलेगा।

### प्राचार्य के हिटलरशाही रवैये के कारण बच्चों के अभिभावकों में आक्रोश

**लातेहार।** केंद्रीय विद्यालय लातेहार के प्राचार्य के हिटलर शाही रवैया के कारण बच्चो के अभिभावकों मे रोष व्याप्त है। ज्ञात हो कि करीब नौ बजे इस रास्ते से पत्रकार मित्र जब गुजर रहे थे तब उन्होने देखा कि केन्द्रीय विद्यालय के बाहर कुछ बच्चे खड़े है तब उन्होंने बच्चों से पुछताछ किया जिसमें पता चला कि महज 5 से 10 मिनट लेट हो गए। जिस कारण प्राचार्य द्वारा उन बच्चो को गेट पर घंटो रोक दिया गया। इसकी जानकारी बच्चो के अभिभावकों को हुई तो उन्होंने इस बात को प्राचार्य से स्कूल पहुंचकर पूछा की आखिर बच्चो ने ऐसा क्या अपराध कर दिया कि आपने उन्हे गेट के बाहर खड़ा कर दिया। अभिभावकों ने यह भी कहा की अगर बच्चो ने कोई गलती की भी है तो इसकी जानकारी बच्चो के अभिभावकों को आपके द्वारा बतानी चाहिए। न की स्कूल गेट के पास बाहर सड़क पर खड़ा करना चाहिए। लेकिन प्राचार्या द्वारा अभिभावकों की बात को नजर अंदाज करते हुए बच्चो की ही शिकायत करते दिखी। प्राचार्या द्वारा बार बार कहा जा रहा था की बच्चे प्रतिदिन लेट स्कूल आते है। लेकिन अभिभावकों ने कहा कि ऐसा कोई बात नहीं है।

### युवकों ने श्रमदान कर मैदान को बनाया स्वच्छ और सुंदर, बीडीओ ने किया पौधारोपण

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय और मुखिया कालो देवी ने शुक्रवार को पंचमुखी शिव मंदिर के युवाओं को एक सादे समारोह के दौरान अंगवस्त्र भेंटकर सम्मनित किया। बता दें कि युवकों ने मध्य विद्यालय के खेल मैदान में वर्षो से लगे गंदगी के अंबार को साफ करने का बीड़ा उठाया और युवा समाजसेवी नागेंद्र प्रसाद गुप्ता उर्फ नागा के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाकर मैदान की समुचित सफाई कर डाली। वहीं बीडीओ ने खेल मैदान के चारो ओर पौधारोपण भी किया और ऑक्सीजन उत्सर्जित करने वाले दर्जनों पौधे लगाए।

### डीसी से आंगनबाड़ी सेविका चयन को रद्द करने की मांग

**लातेहार।** जिले के चंदवा प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत देवनदिया ग्राम में विगत दिनों हुए आंगनबाड़ी सेविका चयन को पुनः रद्द कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त भोर सिंह से गुहार लगाई है। शुक्रवार को जनता दरबार में ग्रामीणों ने डीसी के नाम आवेदन देते हुए कहा कि माल्हन पंचायत अंतर्गत देवनदिया ग्राम में 31 जनवरी को आंगनबाड़ी सेविका पद के लिए चुनाव संपन्न हुआ।

### वन विभाग की टीम ने लगभग 1 एकड़ में लगी पोस्ते की खेती को किया नष्ट

**चंदवा।** डीएफओ रोशन कुमार के निदेर्शानुसार वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार की अगुवाई में वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के मल्हान पंचायत अंतर्गत गनियारी गांव के समीप पहाड़ों की तलहटी पर लगभग 1 एकड़ से अधिक जमीन पर अवैध रूप से लगाए गए पोस्ता अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। वन विभाग व चंदवा पुलिस इस अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ जांच पड़ताल तेज कर दिया है, साथ ही जिस जमीन पर अफीम की खेती की गई थी, उसकी भी जांच पड़ताल की जा रही है। रेंजर राकेश कुमार ने कहा कि अफीम की खेती अभिशाप है। यह समाज को खोखला करता है व युवाओं का भविष्य को बर्बाद कर रहा है। क्षणिक लाभ के चक्कर में ऐसे अवैध धंधे से बाज आएं, अन्यथा कानून कड़ी कार्रवाई करेंगी। अभियान में विभाग के उमेश कुमार, राजू भगत, देव नाथ भगत, वीरेंद्र कुमार, सुमित कुमार, विश्वास देव पांडेय समेत कई लोग शामिल थे।

### पीवीयूएनएल ने बनहरदी ग्राम में किया कंबल का वितरण

**चंदवा।** बनहरदी कोल परियोजना से प्रभावित क्षेत्र बनहरदी ग्राम में शुक्रवार को पतरातु ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के द्वारा आईसीडी पहल के तहत कंबल वितरण का शिविर लगाया गया। शिविर में बनहरदी पंचायत के दर्जनों वंचितों, बुजुर्गो, विकलांगों और महिलाओं के बीच कंबल वितरित किया गया। विदित को पतरातु विद्युत ऊर्जा उत्पादन निगम निगम लिमिटेड के द्वारा विगत एक पखवारे से लगातार बनहरदी कोल ब्लॉक से प्रभावित क्षेत्र में गरीब, असहायों एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। पीवीयूएनएल एजीएम माइनिंग एम.चंद्र शेखर, ए.जी.एम.माइनिंग आर.बी. सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक विनेश कुमार समेत काफी संख्या में ग्रामीण व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

### एक्सपोजर विजिट के लिए पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मियों का दल जयपुर रवाना

**चंदवा।** पंचायती राज विभाग के द्वारा जिले के चंदवा प्रखंड के लाधूप पंचायत के जनप्रतिनिधि जिला पंचायती राज के जिला समन्वयक मानस मंडल के नेतृत्व में एक्सपोजर विजीट के लिए शुक्रवार को जयपुर राजस्थान रवाना हुए। राजस्थान जाने वालों में लाधुप मुखिया बिफई मुंडा,पंचायत सचिव जगेशर उरांव, रोजगार सेवक ज्योतिषपाल खलखो, फिरोज राय, धनेश्वर मुंडा, रामप्रवेश पाहन, सभी वार्ड सदस्य, लाधूप, रितेश कुमार, प्रखंड समन्वयक के नाम शामिल है। बताते चले कि पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार के द्वारा एक्सपोजर विजीट के लिए चंदवा प्रखंड के लाधूप पंचायत का चयन किया गया था।

### दुकान बंद रखने का किया आह्वान

**बालूमाथ।** बालूमाथ जन वितरण प्रणाली दुकानदार संघ द्वारा शुक्रवार को ब्लॉक परिसर के शिव मंदिर के प्रांगण में एक बैठक आयोजित की गई है जिसकी अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद जुबेर ने की। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मोहम्मद जुबेर ने बताया कि ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फाउंडेशन के आह्वान पर दिनांक 7 फरवरी से 9 फरवरी तक बालूमाथ बारियातू एवं हेरहंज प्रखंड के सभी दुकान बंद रहेंगे। उन्होंने कहा कि संघ द्वारा 12 सूत्री मांग को लेकर दुकान बंद करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें कोई भी दुकानदार 60 वर्ष आयु सीमा समाप्त करने के बाद उसकी बहाली पूर्व की भांति अनुकंपा पर किया जाए। कोरोना के दौरान मृत दुकानदार को 50 लाख मुआवजा दिया जाए, डीलरों को चावल एवं गेहूं के लिए प्रत्यक्ष खरीद एजेंट डीपीए के रूप में कार्य करने की अनुमति दी जाए, जूट का बोरा में खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ,चावल गेहूं एवं चीनी के लिए प्रति क्विंटल के हिसाब से हैंडलिंग चार्ज दी जाए, समेत कई मांगे शामिल है इस बैठक में वीरेंद्र कुमार, गणेश राणा समेत 50 से ज्यादा दुकानदार मौजूद थे।

# छाताटांड़ के ग्रामीणों की भूख हड़ताल शुरू

**हर्ल गेट पर दिया धरना**

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** हर्ल गेट के समीप नियोजन को लेकर छाताटाँड़ पंचायत के ग्रामीणों द्वारा शुक्रवार से बेमीयादी भूख हड़ताल शुरू कर दी गई है। इसका नेतृत्व छाताटाँड़ पंचायत के मुखिया डोली हाँसदा व विरसिंहपुर पंचायत मुखिया रांगा किस्कू कर रहे हैं। बेमीयादी भूख हड़ताल में बैठने वालों की संख्या 90 है और अधिकतर युवा शामिल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उत्पादन से प्रभावित क्षेत्रों को लेकर हर्ल प्रबंधन के वादाखिलाफी एवं अड़ियल रवैये के खिलाफ बुधवार से सत्याग्रह धरना दिया जा रहा था। हर्ल प्रबंधन की ओर से गुरुवार तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। इसके लिए पूर्वघोषित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार से भूख हड़ताल व सोमवार से ग्रामीण आमरण अनशन करेंगे। भूख हड़ताल में बैठने वालों में प्रेम महतो, अजय सोरेन, मिष्टीधर महतो, राहुल हाँसदा, दीपक महतो, उमेश किस्कू, मनोज महतो सहित 90 युवा शामिल है।



**धरना-प्रदर्शन में थे थे शामिल**

धरना प्रदर्शन में डोली हाँसदा, रांगा किस्कू, सरोज हाँसदा, रामेश्वर महतो, गंगाधर महतो, हेमलाल मुर्मू, दिनेश महतो, अजय सोरेन, बलराम महतो, सुनीन सोरेन, दीपक महतो, अर्जुन महतो, विजय महतो, माहालाल महतो, राजकुमार किस्कू, अमर बाउरी, पिंटू मंडल, अंबुज महतो, राजीव सोरेन, निर्मल महतो, फागु रजक, संतोष गोराईं, अशोक कुंभकार, दिनेश गोराईं, विक्रम बाउरी, विभिषण कुंभकार सहित अन्य ग्रामीण पुरुष, महिलाएँ शामिल रहे।

## आउटसोर्सिंग परियोजना से विस्थापन के खिलाफ प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**अलकडीहा।** जयरामपुर बुढ़ा बाबा मंदिर में बागडिगी,लोदना, बरारी,जयरामपुर,जिनागोरा,सेठक ोठी में आउटसोर्सिंग चालु होने से विस्थापन मुद्दा पर संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में एक बैठक की गई उपस्थित सभी लोगों ने एक साथ आउटसोर्सिंग का विरोध किया कहां की सारे मूल भुत सुविधाओं के साथ पहले सारे लोगों को पहले विस्थापन करें उसके बाद उत्पादन करें बैठक में यह तय किया गया की विस्थापन के मुद्दे पर दिनांक 7/2/23 को 11 बजे दिन में लोदना क्षेत्रीय कार्यालय पर विशाल प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।आज के बैठक की अध्यक्षता मुन्द्रिका पासवान एंव संचालन भगवान दास जी ने की बैठक में रामअवतार गोप, सुभाष सिंह,बालकेश्वर सिंह, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिरेंद्र निषाद, राधेश्याम यादव, मुकेश सिंह,संजय यादव,सुरेश पासवान,बबलु यादव, रामबाबू सिंह,दिपक सिंह,रुपक सिन्हा, रकेश सिंह,सुनिल पासवान, समरजित सिंह,मोहन पांडे, धर्मेन्द्र राय,दिलिप महतो,सुरेश माली आदि उपस्थित थे।

## 18 सूत्री मांग को ले बिकोकायू ने दिया गोलकडीह में धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**तिसरा।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन का दूसरे दिन 18 सूत्री मांगों को लेकर गोलकडीह परियोजना कार्यालय पर धरना जारी। धरना स्थल पर संगठन के केंद्रीय उपाध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता पहुंचे। उन्होंने मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रबंधन की नीति सही नहीं है उनका मकसद है डिपार्टमेंटल परियोजना को बंद कर आउटसोर्सिंग परियोजना चलाना जो हम लोग नहीं होने देंगे हम लोगों की मांग है कि परियोजना का विस्तार हो और किसी मजदूर की चटनी ना हो। उन्होंने कहा कि बरसों से मजदूर काम कर रहे हैं लेकिन उनका प्रमोशन नहीं हो रहा है। आउटसोर्सिंग में जो मजदूर काम करते हैं उनको भी न्यूनतम मजदूरी नहीं मिलता है। ट्रक लोडर मजदूर का भी स्थिति सही नहीं है। प्रबंधन और सरकार के नीति के खिलाफ किसान मजदूरों को एकजुट होकर जोरदार आंदोलन करना होगा । उन्होंने कहा कि जो मजदूरों का 13 दिन का बकाया पैसा है उसे देना होगा आज तो सिर्फ धरना है आने वाले दिन में पूरा बस्ता कोला क्षेत्र का चक्का जाम कर देंगे। स्थानीय प्रबंधन पर भड़ास निकालते हुए कहा कि स्थानीय प्रबंधन लाल झंडा के लोगों को परेशान करती है जो लोग काम करते हैं उनको सन्डे होलीडे नहीं दिया जाता है।

## उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायतें

**जनता दरबार**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, बकाए वेतन, जमीन बंदोबस्ती की मांग, राशन कार्ड से संबंधित आवेदन आए। इस दौरान गोविंदपुर के से आए अलाउद्दीन अंसारी ने जमीन म्यूटेशन में आ रही समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उन्होंने बताया की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान उन्होंने म्यूटेशन की अर्जी दी थी जिसको रिजेक्ट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि वह अपने घर का ही जमीन खरीद रहें है जिसमें उनका दखल भी है। वहीं धनसार से आई एक दिव्यांग महिला इंदु देवी ने उपायुक्त को पेंशन संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया की उनकी दिव्यांग्यता पेंशन की राशि विगत 6 माह से खाते में नहीं आई है। इस दौरान तोपचांची प्रमुख ने प्रखंड के हरिहरपुर पंचायत अंतर्गत संथालडीह की नारी विकास सहायता समूह की अध्यक्षा के विरुद्ध राशन गबन, अधिक पैसा लेने, कम राशन देने, कार्ड बनवाने के नाम पर पैसा लेने तथा लाभुकों को धमकी देने से संबंधित शिकायत पर कार्रवाई की मांग की गई।

**छात्रों ने उपायुक्त से की शिष्टाचार मुलाकात**

**धनबाद।** उत्तर पूर्वी राज्यों के छात्रों ने आज संध्या जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री संदीप सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। छात्रों ने उपायुक्त से उच्च शिक्षा को लेकर प्रश्न किए। उपायुक्त ने छात्रों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि जिस काम में रूची हो और संतुष्टि मिले उसी काम को करना चाहिए। इससे पूर्व उपायुक्त ने सभी छात्रों को धनबाद जिले के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और इसका इतिहास बताया। छात्रों से कोयला खनन क्षेत्र देखने का आग्रह किया। सभी छात्र उत्तर पूर्वी भारत के नागालैंड, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, मणिपुर व असम राज्य से आए हैं।

## डाटा प्रबंधन पर भाजपा की कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** भाजपा सिन्दरी नगर की कार्यशाला चित्रगुप्त मंदिर सिन्दरी में डाटा प्रबंधन व उपयोगिता विषय पर आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा आईटी सेल के धनबाद जिला ग्रामीण जिला संयोजक सुजीत चंद्रा उपस्थित रहे। जिला संयोजक ने कहा कि पार्टी के द्वारा किए जा रहे डिजिटल कार्यक्रम में मन की बात व सरल एप्लिकेशन मुख्य है। मोबाइल नंबर 7820078200 पर मिस्ड कॉल देकर आप सरल एप्प से जुड़ सकते हैं और मन की बात के लिए बने वेबसाइट से भी जुड़ा जा सकता है। दोनों को प्रैक्टिकल कर समझाया गया। कार्यशाला में सिन्दरी नगर महामंत्री इंद्रमोहन सिंह, प्रकाश बाउरी, राकेश तिवारी, रंजना शर्मा, रविश्वर मरांडी, गणपति बाउरी, धीरज सिंह, रामजी सिंह, संजय सिंह, अंजनी श्रीवास्तव, इंदुबाला, विजय नाहा, ज्ञानमोहन सिंह, नकुल सिंह, अणिमा सिंह, युवा नगर अध्यक्ष सुशांत महतो, प्रदीप हांड़ी, इंदरजीत सिंह, रविकांत शर्मा, कुमार राजेश, विजय अम्बेडकर, अमरेंद्र सिंह, श्यामल अड्डो, गोपी पाल, बिरेन्द्र कुमार, राजकुमार सिंह, शक्तिपद रजवार, तारक प्रमाणिक सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**टॉवर के विरोध में मंदिर कमेटी के सदस्यों ने उपायुक्त से मुलाकात की**

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 2 स्थित पंचमंदिर के समीप में एयरटेल द्वारा लगाए जा रहे टावर के विरोध में मंदिर कमेटी के सदस्यों ने उपायुक्त से मुलाकात की। शुक्रवार को उपायुक्त से मुलाकात कर कमेटी के सदस्यों ने कहा कि बगैर एन ओसी के कंपनी वालों ने टावर लगाना शुरू कर दिया था जिस पर स्थानीय लोगों के विरोध के बाद काम बंद हो गया था। पुनः कंपनी वालों ने वहां टावर लगाने की कवायद शुरू की है। मंदिर और शैक्षणिक संस्थान के बीच बनाए जा रहे इस टावर का स्थानीय नागरिकों ने पुरजोर विरोध किया है।सदस्यों ने उपायुक्त से आग्रह किया कि उक्त स्थल पर टावर लगाने से संबंधित झारखंड कम्युनिकेशन टावर तथा संबंधित संरचना नीति 2015 के अंतर्गत लोक शिकायतों के निवारण के तहत जांच की जाय। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि इस मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बोकारो : बीएसएल के आरएमपी में कैपिटल रिपेयर के बाद लाइट अप



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के आरएमपी विभाग में कैपिटल रिपेयर के साथ.साथ टीआरएम का कार्य सम्पन्न होने के बाद ईडी ;वर्क्सद्ध बी के तिवारी द्वारा किल्न संख्या 4 को प्रज्वलित किया गया। मौके पर सीजीएम ;अनुरक्षणद्ध शरद गुप्ता, सीजीएम ;रिफ्रैक्टरीद्ध वी पी उपाध्यायए सीजीएम ;यांत्रिकद्ध वी के सिंह, जीएम प्रभारी आरएमपीद्ध आर के बेहराए जीएम एस के दास तथा आरएमपी के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। इससे रिफ्रैक्ट्री की खपत में कमी के फलस्वरूप फ्लक्स के उत्पादन लागत में कमी तथा उत्पादकता व गुणवत्ता में बेहतरी आयेगी। कैपिटल रिपेयर में भारी अनुरक्षणए कैपिटल रिपेयरए आरईडीए सामान्य अनुरक्षण एवं अन्य विभागों का योगदान रहा।

## अंगवाली क्षेत्र में बेरमो विधायक ने किया योजनाओं का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो ।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनुप सिंह ने पिछरी व अंगवाली क्षेत्र के विभिन्न स्थानो पर कई योजनाओ का शिलान्यास किया। विधायक मद् से पिछरी उत्तरी पंचायत अंतर्गत प्योर ढोरी मोड स्थित मतुटांड़ में 5०75 लाख की लागत से नाली का निर्माणए पिछरी बडका तालाब के समीप 5०75 की लागत से पीसीसी पथ निर्माणए दक्षिणी पंचायत में तीन लाख की लागत से सिंचाई नहर के 40 नं० चेनल का विशेष मरम्मति कार्यए दक्षिणी पंचायत के छप्परडीह में ढाई लाख की लागत से सिंचाई नहर के 38 नम्बर चैनल का विशेष मरम्मति कार्य एवं अंगवाली उत्तरी पंचायत के बनयथान स्थित महर्षि सदाफल देव आश्रम में पांच लाख की लागत से चाहरदिवारी निर्माण का कार्य का शिलान्यास किया गया। विधायक श्री सिंह ने कहा कि ग्रामीणों की आग्रह पर पिछरी में नाली ए सड़क निर्माण एवं सिंचाई नहर की मरम्मति कार्य का शिलान्यास किया गया। जनहित को देखते हुए इसके शिलांयास का कार्य किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। मौके पर कांग्रेस के वरीय नेता अरूण सिंहए परवेज अख्तरए संतन सिंहए वरीय नेता प्रकाश मिश्रा उर्फ कारूए युवा नेता गणेश मिश्राए दुर्गा महतो मौजूद थे।

## डिजिटल टेक्नोलॉजी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन विकास केंद्र में शिडजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड इंडस्ट्री.4०0 टेक्नोलॉजी पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आईआईटी कानपुर के सहयोग से शुरू हुआ जिसके उद्घाटन सत्र में ईडी बी के तिवारीए ईडी ;एमएमद्ध तथा अतिरिक्त प्रभार ईडी ;पी एंड एद्ध अमिताभ श्रीवास्तवए सीजीएम बी के सरतापेए मनीष जलोटा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। मनीष जलोटा ने मुख्य अतिथियों एवं सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण की उपयोगिता के संबंध में चर्चा की। बी के सरतापे ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा तथा इसकी उपयोगिता की जानकारी दी।बी के तिवारी ने स्टील प्लांट के लिये डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड इंडस्ट्री.4०0 टेक्नोलॉजी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और अमिताभ श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभगियो को अपने लर्निंग प्वाइंट्स को सहकर्मियों से साझा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन जीएम देवा श्री टोप्पो ने किया तथा संयोजन डीजीएम ए एन सिंह तथा सहायक प्रबन्धक ए के मजूमदार ने किया।

**दैनिक कार्यों में हिंदी के उपयोग पर बल**

बोकारो। बीएसएल के सीआरएम.3 विभाग में जीएम ;सीआरएम.3द्ध बीएन त्रिपाठी की अध्यक्षता में राजभाषा हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जीएम सुनील कुमारए एजीएम टी श्रीवास्तवए वरीय प्रबंधक ;राजभाषाद्ध एवं बीएसएल के हिन्दी अधिकारी शशांक शेखर सहित सीआरएम.3 विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।श्री त्रिपाठी ने कहा कि इस तरह के कार्यशाला के आयोजन से कर्मियों के बीच राजभाषा नीति के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने प्रतिभागियों को अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिन्दी का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान किया। शशांक शेखर ने राजभाषा सम्बंधित नियमोंए अधिनियमों तथा यूनिकोड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में राजभाषा हिन्दी से सम्बंधित आयोजित प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को शशांक शेखर द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## राजापुर कोलियरी के डस्ट से ग्रामीण कर रहे त्राहिमाम

**प्रदूषण के खिलाफ रागिनी ने पीओ को सौपा मांग पत्र**



खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** बस्ताकोला क्षेत्र संख्या 9 के राजापुर कोलियरी से हाइवा में आने वाले कोयले के डस्ट से अब आमजन के साथ साथ आसपास के लोग पूरी तरह से प्रदूषण की चपेट में हैं। शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भगतडीह मोड़ से लेकर आरएसपी कॉलेज तक पैदल चलकर सड़क का वस्तु स्थिति का जायजा लिया। भाजपा समर्थकों ने बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान उन्होंने देखा कि भगतडीह मोड़ से लेकर कतरास मोड़ तक सड़क के दोनों और धूल की मोटी परत जमी थी। रागिनी सिंह ने कहा कि भगतडीह मोड़ से सिंह नगर तक ट्रांसपोटिंग के गाड़ियो के कारण उड़ती धूल से लोग इन दिनों काफी परेशान हैं। धूल उड़ने से सड़क पर कुछ देर के लिए अंधेरा छा जाता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के आदेशानुसार कोयले को तिरपाल से पूरी तरह से ढंककर ले जाना है और सड़कों पर धूल से बचाव के लिए समय-समय पर पानी का छिड़काव भी करना है। लेकिन तो कोयले से लदे हाइवा तिरपाल से ढंके होते हैं और ही नियमानुसार सड़कों पर पानी का छिड़काव ही किया जा रहा है। इतना ही नहीं अधिकांश हाइवा चालक कम उम्र के होते हैं, जिस कारण आए दिन हाइवा से लोग सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। कोयले से लदे हाइवा के चलने से उड़ने वाली डस्ट इस कदर उड़ती है कि आसपास के घरों में धूल की मोटी परत जम जा रही है।खासकर दोपहिया वाहन चालकों को धूल से काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

**पानी का छिड़काव नहीं हुआ, तो होगा चक्का जाम**

रागिनी सिंह ने प्रोजेक्ट ऑफिसर देवेंद्र सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। रागिनी सिंह ज्ञापन सौंपते हुए कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 48 घंटे के अंदर सड़क का साफ सफाई और हर दिन पानी छिड़काव नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन के लिए चक्का जाम कर देंगे।

## स्पीड न्यूज

### पाथरडीह में पाइप चोरी, जलापूर्ति के लिए हाहाकार

**चासनाला।** सुदामडीह थाना क्षेत्र स्थित पाथरडीह 6 सिम के समीप से अज्ञात चोरो ने गुरुवार की बीती रात पानी के पाइप 4 इंच का लगभग 20 फिट पाइप काट कर चलते बने जिससे स्थानीय लोगों में पानी की समस्या उतपन्न हो गई हैं इस कारण स्थानीय लोगों में काफी रोश हैं उनका कहना हैं की चोरो का आंतक इतना बढ़ गया हैं की हर हमेसा भय बना रहता हैं। बताते चले की सुदामाडीह थाना क्षेत्र की यह दूसरी घटना को अज्ञात चोरो ने अंजाम दिया हैं।

### जमसं बच्चा गुट के क्षेत्रीय कमेटी का पुनर्गठन

**तिसरा।** जनता मजदूर संघ के महामंत्री बच्चा सिंह के निर्देश पर बस्ताकोला क्षेत्रीय कमेटी का पूर्ण गठन किया गया। सर्वसम्मति से सचिव अभिषेक कुमार परमार चुने गए। अध्यक्ष संजय कुमार बाउरी, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह उपाध्यक्ष उत्तम कुमार, मंगल चौहान संयुक्त सचिव सैयद साबिर खान, सह सचिव अजय प्रसाद कोषाध्यक्ष अभिराम कुंवर सहायक कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र राम जबकि 46 सदस्य को भी कमेटी में रखा गया। समिति गठन के बाद क्षेत्रीय सचिव अक्षय कुमार यादव ने कहा कि नया कमेटी आने के बाद और संगठन मजबूत होगा मजदूर की समस्या को लेकर पूरे क्षेत्र में रणनीति बनाकर काम करेंगे। इसकी सूचना रजिस्टर लेबर कमिश्नर एवं सीएमडी को दे दी गई है।

### बीसीसीएल कर्मियों को बंधक बना लाखों की लूट

**पुटकी।** पीबी एरिया बीसीसीएल के 6 नंबर पुटकी कोलियरी में बीती रात अपराधियों के एक दल ने हथियार के बल पर कोलकर्मियों को बंधक बनाकर कोलियरी परिसर में जमकर लूटपाट किया। विरोध करने वाले कोलकर्मियो के साथ अपराधियो ने मारपीट कर उनका मोबाइल भी छीन लिया। वही भयभीत कोलकर्मी ने बताया कि बीती रात करीब 2 बजे 25 से 30 की संख्या में आये अपराधियों ने कोलियरी में कार्य कर रहे मजदूरों को हथियार के बल पर अपने कब्जे में लेकर एक रूम में बंद कर दिया और कोलियरी में रखे लाखो के पार्ट पुर्जे केबल लूट लिए हल्ला करने पर अपराधियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। सभी हथियार से लैस थे।

### जलापूर्ति पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, परेशानी

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा शहरी जलापूर्ति योजना का राइजिंग पाइप तालडांगा हाउसिंग कालोनी के शीतला मंदिर के समिप एयर टेल कंपनी द्वारा आप्टीकल फाइबर केबल बिछाने के क्रम मे कार्य करने के दौरान लाइन फट जाने से आज तिसरे दिन भी हजारों नागरिकों को पानी नही मिल सका। लोग बराकर नदी व दूर दराज से पानी लाकर प्यास बुझाने को विवस हैं। शुक्रवार को नगर परिषद के अध्यक्ष डब्लू बाउरी, कार्यपालक पदाधिकारी विनोद कर्मकार, सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन व कनिय अभियंता उत्तम कुमार ने घटनास्थल का निरिक्षण किए। इस संबंध मे लोगों का कहना है कि नगर परिषद के कई जगहो पर कंपनी के कर्मियों द्वारा सडक के किनारे गड्ढा खोदकर छोड दिया गया है जो खतरनाक दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है।

### बीएसएल में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**बोकारो।** बोकारो संयंत्र के एचआरडी सेंटर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मियों के लिए प्रारम्भ श्बेसिक ऑफ एसीड्रीसी ड्राइव्स पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सीजीएम ;विद्युतद्ध देवाशीष सरकारए जीएम ;मासंविद्ध देवश्री टोप्पोए मेसर्स सीमेंस इंडिया लिमिटेड के केवीबी गोपाल कृष्णा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। श्री सरकार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा सभी प्रतिभगियो से इस कार्यक्रम को इंटरेक्टिव बनाने की अपील की।

## एक नजर में

### सरस्वती शिशु मंदिर के भैया शुभम और बहन ईशा ने लहराया परचम



**कतरास।** सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह के भैया दयाल कुमार बाउरी, भैया शुभम अग्रवाल, बहन ईशा कुमारी और अन्य कई बच्चों ने ऑल इंडिया सीए फाउंडेशन की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपना परचम लहराया और विद्यालय का नाम रोशन किया। भैया बहनों के उम्दा प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण बन गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य अभिमन्यु कुमार, विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप खेमका, सचिव विक्रम कुमार राजगढ़िया ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उन्हें पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों ने उन्हें निरंतर आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिया।

### डाटा प्रबंधन उपयोग कार्यशाला का आयोजन

**कुमारधुबी।** चिरकुंडा मंडल में डाटा प्रबंधन उपयोग कार्यशाला का कार्यक्रम चिरकुंडा मंडल अध्यक्ष बापी सेन गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की संचालन चिरकुंडा मंडल महामंत्री जगरनाथ सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित थे,धनबाद जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष श्रीमती रानी केराई , जिला मंत्री अनिल यादव, कार्यक्रम की प्रभारी सुरजीत चंद्रा ,चिरकुंडा मंडल उपाध्यक्ष अरबिंद सिन्हा, सुनीता देवी, मून विलियम अभिसेख दास ,नंदलाल, मदन शर्मा, पवन शर्मा, विजय राय, ब्रजेश सिंह, कासी साव, रीना बनर्जी, चिरकुंडा मंडल अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्याश सुमित्रा सोय,कमला सावियां ,अनिता बिरूआ, मिटू गाड़ियां,कार्यक्रम के संयोजक संतोष सिंह, पवन साव, अरविंद कुमार, भृगु नाथ प्रसाद, चंदन रविदास इत्यादि शामिल रहे।

## पेज एक का शेष

### झारखंड में आदिवासी सीएम बने ...

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारा संकल्प अगले 10 सालों में राज्य को गुजरात जैसा विकसित बनाने का है। इसे हर हाल में पूरा करेंगे। राज्य के प्रत्येक लोगों की चेहरे पर खुशी हो, लेकिन भाजपा का संकल्प मुझे जेल भेजना है। इसके लिए लगातार ईडी और सीबीआई जैसे सांप को काटने के लिए भेज दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, पर पराजित नहीं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल, इडी और सीबीआई के माध्यम से हमें तंग किया जा रहा है, लेकिन हमारे घर में है ही क्या। हमलोग गरीबों का प्रतिनिधित्व करते हैं। व्यापारियों से हमारी सांठगांठ नहीं है। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता नीति विधानसभा से पारित है। इस विधेयक को राज्यपाल ने लौटा दिया है, लेकिन इससे हम हार नहीं मानेंगे और इसके लिए लड़ाई लड़ेंगे। सीएम ने कहा कि भाजपा की सरकार जाने के बाद महागठबंधन की हमारी सरकार में राज्य तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। हमने जो वादा किए थे, उसे लगभग पूरा किये हैं। हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार का दिल बड़ा है।

### विकास पर बजट का हो फोकस...

हमीन कर बजट पोर्टल के माध्यम से बेहतरीन सुझाव भेजने वाले प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। बेहतर सुझाव देने वाले प्रतिभागियों में नेहा कुमारी, निखिल कुमार मंडल, हर्षनाथ शाहदेव, कृष्ण कुमार राणा तथा दुर्गेश कुमार झा शामिल थे। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, योजना सचिव अमिताभ कौशल सहित कई विभागों के प्रधान सचिव तथा सचिव एवं राज्य सरकार के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### अमित शाह आज देवघर में ...

भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देवघर में अमित शाह का कार्यक्रम है। अमित शाह की विजय संकल्प रैली से भाजपा संथालपरगना में मजबूत होंगी। 2024 के चुनाव में राजमहल सीट और विधानसभा चुनाव में सोरेन परिवार को रांची नहीं पहुंचने देंगे। इस कार्यक्रम को लेकर पार्टी में काफी उत्साह है। कार्यक्रम को लेकर पार्टी स्तर से की जा रही तैयारियों पर उन्होंने संतुष्टि जतायी है। उल्लेखनीय है आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए एक महीने के भीतर अमित शाह की झारखंड में ये दूसरी रैली होगी। पहली रैली सात जनवरी को चाईबासा में हुई थी।

### सुनीता चौधरी का आज नामांकन...

**ये उपचुनाव सेमीफाइनल होगा : भगत:** प्रेस कांप्रेंस में डॉ देव शरण भगत ने कहा कि यह उपचुनाव अगले विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल होगा। इस चुनाव में जनता राज्य की हेमंत सोरेन सरकार से अपना हिसाब मांगेगी। उन्होंने कहा कि 5 लाख लोगों को रोजगार देने, बेरोजगारी भत्ता देने, स्थानीय नियोजन नीति जैसे सभी मामलों पर सरकार को जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी मनमर्जी से नीतियां बनाती है, जो कानून के दायरे में आ जाता है और उसे रिजेक्ट कर दिया जाता है। 2019 में भी सुनीता चौधरी को आजसू पार्टी ने प्रत्याशी बनाया था, लेकिन वे कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी से चुनाव हार गयी थी।

### राज्यपाल ने दो विधेयक को दी मंजूरी...

**27 से सत्र तीन मार्च को बजट:** राज्यपाल की स्वीकृति के साथ ही अब झारखंडज विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी शुरू होगा। हेमंत सोरेन सरकार अपना चौथा बजट 3 मार्च को पेश करेगी। संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने बताया कि बजट सत्र 23 मार्च तक चलेगा। उन्होंने कहा कि बजट के साथ ही सरकार साथ कई महत्वपूर्ण विधेयक भी लायेगी। जायेगा। उन्होंने कहा कि बजट सत्र में चालू वित्तीय वर्ष के लिए तृतीय अनुपूरक बजट भी पेश करेगी। सत्र के पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा।

**नियोजन नीति बिल भी संभव:** जानकारी के अनुसार सरकार नियोजन नीति पर विधेयक ला सकती है। इसके अलावा स्थानीयता को लेकर भी फिर से सदन में विधेयक लाया जा सकता है। मालूम हो कि 1932 आधारित स्थानीयता नीति को राज्यपाल ने वापस कर दिया है। जिस तरह से इस मामले पर सत्ता पक्ष राज्यपाल को कठघरे मे खड़ा कर रहा है, उसके बाद से यह उम्मीद है कि एक बार फिर से इस विधेयक को सदन से पारित कराया जा सकता है।

**राज्यपाल ने दिये थे कई सुझाव:** झारखंड राज्य कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक 2022 को लेकर राज्यपाल ने सरकार को कई सुझाव दिये थे। उन्होंने कहा था कि इस विधेयक के आलोक में नियमावली के गठन के दौरान सभी हितधारकों से व्यापक चर्चा सुनिश्चित की जाये। बाजार शुल्क के दर निर्धारण में राज्य के ग्रामीण तथा अनुसूचित जनजातीय समुदाय के कृषकों का विशेष ध्यान रखते हुए शुल्क का निर्धारण किया जाये। साथ ही, जिन वस्तुओं पर शुल्क लगाया जाना प्रस्तावित है, उसमें भी छोटे और कमजोर वर्ग से आनेवाले कृषकों के हितों का विशेष ध्यान रखा जाये। राज्य स्तर पर गठित कृषि विपणन परिषद में हितसाधकों को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सहभागी बनाया जाये।

### हाइकोर्ट ने सरकार और अनूप सिंह जवाब मांग...

**जीरो एफआइआर के हाईकोर्ट में अर्जी थी:** विधायक राजेश कच्छप ने विधायक अनूप सिंह द्वारा कैश कांड में करायी गयी जीरो एफआइआर के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राजेश कच्छप ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल रीट दाखिल कर इस पूरे मामले में जांच की मांग की है। इस मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर की कोर्ट में हुई। विधायक राजेश कच्छप की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने पक्ष रखा। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने पक्ष रखा. केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता विनोद साहू ने कोर्ट में बहस की। हाइकोर्ट ने बंगाल पुलिस को जांच पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। तीनों विधायकों को 46 लाख कैश के साथ 30 जुलाई को पश्चिम बंगाल के हावड़ा में कोलकाता पुलिस ने पकड़ा था. कलकत्ता हाइ कोर्ट ने उन्हें पूर्व में जमानत दे दी है।

## स्पीड न्यूज

### अमरिंदर की सांसद पत्नी परनीत कौर कांग्रेस से निलंबित



**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी एवं पटियाला से सांसद परनीत कौर के खिलाफ कांग्रेस ने आखिरकार कार्रवाई करते हुए उन्हें पार्टी से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। परनीत पर पार्टी विरोधी गतिविधियां करते हुए भाजपा की मदद करने के आरोप हैं।

### अमूल ने तीन रुपये तक बढ़ाये दूध के दाम

**नयी दिल्ली।** गुजरात डेयरी को-ऑपरेटिव अमूल ने दूध के दाम में इजाफा करने का एलान कर दिया है। दूध के दाम में तीन रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की घोषणा की गई है। नए दाम तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।

### अमृतसर में पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराया गया

**अमृतसर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर सेक्टर की अग्रिम सीमा चौकी रीअर कक्कड़ में शुक्रवार को एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया। ड्रोन के साथ पांच किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई है।

### सेंसेक्स 900 अंक चढ़ा

**मुंबई।** लगातार पांचवें दिन घरेलू शेयर बाजार का सेंसेक्स इंडेक्स हरे निशान पर बंद हुआ। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 909.64 अंकों की बढ़त के साथ 60,841.88 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। निफ्टी 243.65 अंकों की बढ़त के साथ 17,854.05 के स्तर पर बंद हुआ जबकि निफ्टी बैंक 830 अंक मजबूत होकर 41,500 के लेवल पर बंद हुआ। टाइटन और अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में क्रमशः सात प्रतिशत और छह प्रतिशत की तेजी देखने को मिली।

### पी चिदंबरम की पत्नी नलिनी की संपत्ति कुर्क

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सारदा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम की पत्नी नलिनी चिदंबरम, सीपीएम के पूर्व विधायक देबेंद्रनाथ बिस्वास और अन्य लाभार्थियों की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने शुक्रवार को कहा कि नलिनी चिदंबरम, सीपीएम के पूर्व विधायक देबेंद्रनाथ बिस्वास और असम के पूर्व मंत्री अंजान दत्ता की कंपनी की कुल छह करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की गई है।

## अरबपतियों की टॉप-20 लिस्ट से बाहर, 24 घंटे में 12.5 अरब डॉलर घटे

# दस दिन में आधी से भी कम हो गयी गौतम अडानी की दौलत

### हिंडनबर्ग की रिपोर्ट का असर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की संपत्ति में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। शुक्रवार को ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार, गौतम अडानी अब दुनिया के सबसे अमीर अरबपतियों की लिस्ट में टॉप-20 से बाहर हो गए हैं। अडानी 61.3 अरब डॉलर की वेल्थ के साथ 21 वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार अडानी इस साल अब तक 59.2 अरब डॉलर की वेल्थ गंवा चुके हैं। 24 जनवरी को हिंडन बर्ग रिपोर्ट के बाद से अडानी समूह के स्टॉक में लगातार गिरावट जारी है। जिसका असर उनकी दौलत और अरबरतियों की रैकिंग पर दिख रहा है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में लगातार नीचे खिसकते जा रहे हैं। वेल्थ में लगातार गिरावट से अडानी के पास एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति का ताज भी छिन गया है और रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी एक बार फिर एशिया के सबसे बड़े अमीर बन गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की शुक्रवार की रिपोर्ट के अनुसार मुकेश अंबानी 80.3 अरब डॉलर की दौलत के साथ दुनिया की अरबपतियों की लिस्ट में 12 वें स्थान पर हैं। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने से पहले 24 जनवरी को चौथे पायदान पर थे। उसके कुछ दिनों के बाद वो 7वें नंबर पर आ गए।



एक दिन पहले वो दुनिया के टॉप 10 से बाहर होकर दुनिया के 15वें सबसे अमीर कारोबारी थे। अब वो टॉप 20 से बाहर होकर दुनिया के 21वें पायदान पर आ गए हैं। गौतम अडानी की कंपनियों के शेयरों में गिरावट आने की वजह से शुक्रवार को उनकी दौलत में 12.5 बिलियन डॉलर से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली। अगर इसे भारतीय रुपयों में देखें तो एक दिन में गौतम अडानी की नेटवर्थ को करीब 88 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। वैसे इस साल उनकी कुल दौलत में से 59.2 बिलियन डॉलर की गिरावट देखने को मिल चुकी है। वहीं हिंडनबर्ग कर रिपोर्ट आने के बाद 57.7 अरब डॉलर साफ हो चुकी है। इसका मतलब है कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के आने के बाद अडानी की दौलत को ज्यादा नुकसान पहुंचा है।

### संसद में विपक्ष का जबरदस्त हंगामा

संसद में अडानी ग्रुप के खिलाफ हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर जबरदस्त हंगामा हुआ। इस मुद्दे पर विपक्ष सदन में चर्चा चाहता है। कांग्रेस के कई राज्यसभा सदस्यों ने इस रिपोर्ट को लेकर चर्चा की मांग करते हुए शुक्रवार को कार्यस्थगन के नोटिस दिए। राज्यसभा सदस्यों प्रमोद तिवारी, सैयद नासिर हुसैन, कुमार केतकर, अमी यागनिक और नीरज डांगी ने नियम 267 के तहत प्रश्नकाल और दूसरे विधायी कार्यों को स्थगित करके चर्चा की मांग की है। विपक्ष के हंगामें को देखते हुए लोकसभा और राज्यसभा दोनों की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है। राज्यसभा सभापति ने विपक्षी सांसदों के अडानी-हिंडनबर्ग पर कार्यस्थगन और चर्चा के नोटिस को अस्वीकार किया। इसके बाद हंगामा शुरू हो गया।

### निर्धारित सीमा में है एसबीआइ और एलआइसी का निवेश : सीतारमण



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि भारतीय शेयर बाजार मजबूत है। इस पर बजट का सकारात्मक असर आने वाले कुछ दिनों में दिखाई देगा। वित्त मंत्री ने अडानी के शेयरों में गिरावट और इसके शेयर बाजार, एसबीआइ व एलआईसी पर असर पर भी जवाब दिया। सीतारमण ने कहा कि दोनों ही संस्थाओं के सीएमडी इस पर विस्तार से बयान दे चुके हैं। वे साफ कर चुके हैं कि अडानी ग्रुप में उनका सीमित निवेश है, जो तय सीमा के भीतर हुआ है। अडानी ग्रुप के शेयरों में निवेश से उनको अभी तक प्रॉफिट हुआ है। बाजार रेगुलेटर अच्छा काम कर रहे हैं। भारतीय शेयर बाजार पर निवेशकों का भरोसा बढ़ रहा है। विदेशी निवेशकों के भारतीय बाजार पर रुख के बारे में सीतारमण ने कहा कि निवेशकों के व्यवहार में बदलाव सामान्य बात है।

## मोदी दुनिया में सबसे लोकप्रिय नेता, बाइडेन-मैक्रों को पछाड़ा

- पीएम मोदी ने लोकप्रियता के मामले में 22 देशों के दिग्गज नेताओं को पीछे छोड़ा
- ताजा सर्वेक्षण में पीएम को वयस्क आबादी में 78 फीसदी अप्रूवल रेटिंग मिली है, जो सबसे ज्यादा है



एजेंसी

**वॉशिंगटन।** दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकप्रियता के मामले में 22 देशों के दिग्गज नेताओं को पीछे छोड़ दिया है। ताजा सर्वेक्षण में पीएम मोदी को वयस्क आबादी में 78 फीसदी अप्रूवल रेटिंग मिली है। पीएम मोदी के बाद मेक्सिको के राष्ट्रपति लोपेज ओब्राडोर को दूसरे नंबर पर जगह मिली है। उन्हें 68 फीसदी वयस्कों ने अपनी पहली पसंद बताया। इसी सूची में तीसरे नंबर पर स्विटजरलैंड के राष्ट्रपति अलैन बेरसेट हैं। उन्हें 62 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि सितंबर 2021 के बाद पीएम मोदी की लोकप्रियता लगातार बढ़ती चली जा रही है। अमेरिका की वैश्विक सर्वेक्षण कंपनी मॉर्निंग कंसल्ट के मुताबिक इस सूची में ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज को 58 प्रतिशत रेटिंग के साथ चौथी और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा को 50 फीसदी रेटिंग के साथ पांचवां स्थान मिला है। इस तरह से टॉप 5 नेताओं की लिस्ट से सुपरपावर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रां बाहर हैं। बाइडेन लोकप्रिय नेताओं की लिस्ट में सातवें नंबर पर हैं।

**प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही**

कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो 9वां स्थान मिला है। उन्हें 40 फीसदी अप्रूवल रेटिंग मिली है। ऋषि सुनक को मात्र 30 प्रतिशत रेटिंग मिली है जो चुनाव से पहले उन्हें बड़ा झटका है।

सबसे लोकप्रिय नेताओं की लिस्ट में सबसे नीचे यानि 22वें स्थान पर नार्वे के नेता जोनास गहर स्टोर हैं। उन्हें 21 प्रतिशत रेटिंग से ही संतोष करना पड़ा है। सर्वेक्षण के मुताबिक सितंबर 2021 के बाद पीएम मोदी की लोकप्रियता लगातार बढ़ती ही जा रही है। मई 2021 में पीएम मोदी की लोकप्रियता 63 प्रतिशत तक पहुंच गई। इसके बाद उनके चाहने वालों की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है।

### कुलगाम में जैश के मॉड्यूल का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर छह आतंकियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। कुलगाम पुलिस को इलाके में कुछ आतंकियों के मौजूद होने की सूचना मिली थी। इसके बाद 9 राष्ट्रीय राइफल्स के साथ मिलकर तलाशी अभियान चलाया गया। एक विशेष ठिकाने से सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद कर छह आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया।

### आइएमएफ के राहत पैकेज की शर्तें कल्पना से परे, लेकिन हमें माननी होंगी : पाक पीएम

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि आईएमएफ के राहत पैकेज की शर्तें, कल्पना से भी परे हैं लेकिन सरकार को इन्हें मानना होगा। शहबाज शरीफ ने कहा कि 'मैं विस्तार से नहीं बताऊंगा लेकिन सिर्फ इतना कहूंगा कि हमारी आर्थिक चुनौती अकल्पनीय है। आईएमएफ ने भी जो शर्तें लगाई हैं, वो कल्पना से भी परे हैं लेकिन हमें इन्हें मानना होगा'। अब बेलआउट पैकेज के लिए आईएमएफ ने पाकिस्तान के सामने कई शर्तें लगाई हैं। जिसमें तेल पर दी जाने वाली सब्सिडी को कम करने जैसी शर्तें शामिल हैं। पाकिस्तान ने हाल ही में तेल की कीमतों में 16 फीसदी से ज्यादा का इजाफा किया है। माना जा रहा है कि अगर पाकिस्तान आईएमएफ की शर्तें मानता है तो पाकिस्तान में एक लीटर पेट्रोल की कीमतें करीब 400 रुपए तक पहुंच सकती हैं। पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट में फंसा हुआ है। ऐसे में पाकिस्तान ने राहत पैकेज के लिए एक बार फिर आईएमएफ का दरवाजा खटखटाया है।

### जजों की नियुक्ति की नयी प्रक्रिया पर लिखी है चिट्ठी, पर नहीं मिला जवाब : कानून मंत्री

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा को जानकारी दी है कि सरकार ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को छह जनवरी को पत्र लिखकर सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति के लिए एमओपी (मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर) को अंतिम रूप देने की जरूरत पर जोर दिया। हालांकि, इस पर सुप्रीम कोर्ट से कोई जवाब नहीं मिला है। किरेन रिजिजू लोकसभा में सांसद कन्नोथ मुरलीधरन द्वारा रखे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

### हाइकोर्ट जजों के तबादले में देरी से भड़का सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के तबादलों में देरी पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। कई जजों के तबादलों की सूची केंद्र के पास लंबित है।

इस मुद्दे पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी कि तबादलों में देरी से प्रशासनिक कार्रवाई हो सकती है जो संभवतः आपके लिए खुशगवार नहीं होगी। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि तबादला गंभीर मसला है।



पीठ ने कहा, 'हमें ऐसा कदम उठाने के लिए बाध्य नहीं करें जो बहुत असहज होगा।'

पीठ उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम द्वारा सिफारिश किए गए नामों को मंजूरी देने में केंद्र की ओर से कथित देरी से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी। अदालत ने यह भी कहा कि वह इस मामले में किसी थर्ड पार्टी से (जजों के) नाम क्लियर कराने की इजाजत नहीं देगी। अदालत ने कहा, हमने अटार्नी जनरल से कहा है कि इसमें किसी भी तरह की देरी से प्रशासनिक कार्रवाई हो सकती है, जो संभवतः सुखद नहीं है। कोर्ट की नाराजगी के बीच केंद्र ने शुक्रवार को आश्वासन दिया कि सर्वोच्च अदालत में पांच न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम द्वारा की गई सिफारिश को जल्दी ही मंजूरी दी जाएगी।

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन न्यूक्लियर ब्रीफकेस संग आये नजर

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन युद्ध के सालभर पूरे होने वाले हैं। पिछले साल फरवरी के आखिरी दिनों में रूस ने यूक्रेन पर हमला बोला था। एक साल होने के बाद भी रूस को सफलता नहीं मिल सकी है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कई बार परमाणु हमले की भी चेतावनी दी है, लेकिन इसके बाद भी यूक्रेन पीछे नहीं हटा। अब पुतिन न्यूक्लियर ब्रीफकेस के साथ नजर आए हैं, जिसके बाद कई तरह की अटकलें लगाई जाने लगी हैं। माना जा रहा है कि युद्ध के बीच पुतिन ने पश्चिमी देशों को भी चेतावनी दे दी है। साथ ही, यह तस्वीरें यूक्रेन के लिए भी खतरे की घंटी की तरह बताई जा रही हैं। पुतिन के दो बॉडीगार्ड्स ब्रीफकेस के साथ नजर आए। दोनों पुतिन के बेहद करीब खड़े हुए थे। माना जा रहा है कि दो ब्रीफकेस में से एक फोल्ड-अप शील्ड थी, जिससे यदि कोई गोलीबारी की घटना हो तो पुतिन को सुरक्षित किया जा सके, जबकि दूसरे ब्रीफकेस में परमाणु हमले के लिए लॉन्च बटन था। दरअसल, स्टेलिनग्राद की लड़ाई में हिटलर पर जीत की 80वीं वर्षगांठ मनाने के लिए पुतिन दक्षिणी रूसी शहर वोल्गोग्राड पहुंचे थे, जहां पर उनके साथ न्यूक्लियर ब्रीफकेस भी था। तस्वीरों में पुतिन के दो बॉडीगार्ड्स दो ब्लैक बैग के साथ हैं।

### सशक्त मगध से ही बनेगा वृहद भारत : केएन त्रिपाठी

- बोधगया में मगध फाउंडेशन का द्वितीय स्थापना दिवस सह कार्यकारिणी समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोधगया।** शुक्रवार को बोधगया के रॉयल रेसिडेंसी होटल में मगध फाउंडेशन का द्वितीय स्थापना दिवस सह कार्यकारिणी समिति की बैठक आरंभ हुई जिसमें भाग लेने के लिए पूरे देश से लगभग सौ प्रतिनिधि बोधगया पंहुचे। मगध फाउंडेशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष केएन त्रिपाठी ने कहा कि अतीत की भांति समस्त मगध क्षेत्र को सशक्त बनाकर ही वृहद भारत का निर्माण हो सकता है। उन्होंने कहा कि आज देश जाति, धर्म और




संप्रदाय के आधार पर राजनीति करने से कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा चाणक्य, चंद्रगुप्त और सम्राट अशोक द्वारा स्थापित मगध की गरिमा को पुनर्स्थापित करना मगध फाउंडेशन का लक्ष्य है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित ऑल इंडिया भिक्खू संघ के महासचिव भिक्खू प्रज्ञादीप ने कहा कि बहुत दुख की बात है कि पूरा भारत पश्चिम की नकल कर रहा है, लेकिन मगध फाउंडेशन के उद्देश्यों से लगता है कि आने वाले दिनों में भारतवासी भारतीय संस्कृति और महात्मा बुद्ध के दिखाए गए मार्ग का पुनः अनुसरण करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शाक्यमुनि कॉलेज के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने मगध के गरिमामयी इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि मगध का इतिहास भारत का सबसे ज्यादा गौरवपूर्ण रहा है।

### प्रिया प्रकाश का बोल्ड अवतार

हाल ही में प्रिया प्रकाश का लिप किसिंग वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वे अपने किसी दोस्त संग लिपलॉक करते दिखी थीं। अब उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं और इनके जरिए एक बार फिर वे इंटरनेट सेंसेशन बन गई हैं। वे इन पिक्चर्स में काफी स्टनिंग लग रही है। पर्पल कलर की डीप नेक डिजाइनर ड्रेस में प्रिया प्रकाश ये कातिलाना लुक हर किसी को उनका दिवाना बना रहा है। लाखों फैंस उनके इस सेक्सी अवतार को देख क्रेज हो रहे हैं और कमेंट्स की झड़ी लगा रहे हैं। अभिनेत्री नए पिक्चर्स में बेहद बोल्ड दिख रही हैं और पहली बार उन्होंने सोशल मीडिया अपना ये हॉट अवतार फैंस को दिखाया है। हल्टर नेक वेल्टर्न ड्रेस में दक्षिण अभिनेत्री अपने बोल्ड फिगर को फ्लॉन्ट करते देखी जा सकती है। प्रिया प्रकाश पिछले दिनों ट्रेडिशनल अवतार में दिखी थीं और अब वे अपने किलर लुक से हर किसी को उनकी ओर निहारने पर मजबूर कर रही हैं। प्रिया इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'विषणु प्रिया' और 'कोला' में बिजी हैं। वे हिंदी फिल्म 'श्रीदेवी बांग्लो' में भी आने वाली हैं।



## चार मार्च से शुरू होगी महिला प्रीमियर लीग

### मुंबई और अहमदाबाद के बीच पहला मैच, फाइनल 26 मार्च को

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग की शुरूआत चार मार्च से हो रही है। पहला मैच मुंबई और अहमदाबाद के बीच होगा। इस लीग का पहला सीजन कुल 23 दिन चलेगा। फाइनल मुकाबला 26 मार्च को खेला जाएगा। बीसीसीआई ने इस लीग के शेड्यूल को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड महिला प्रीमियर लीग की ब्लॉकबस्टर ओपनिंग की योजना बना रहा है। पहले मुकाबले में मुंबई और अहमदाबाद की टीमें आमने-सामने होंगी। मुंबई का मालिकाना हक मुकेश अंबानी के पास हैं।

वहीं, अहमदाबाद के मालिक गौतम अडानी हैं। इस मैच में भारत के ये दोनों बड़े व्यवसायी अप्रत्यक्ष रूप से आमने-सामने होंगे। बीसीसीआई महिला प्रीमियर लीग को मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में शुरू करने की योजना बना रहा है। यह लीग मुंबई के सीसीआई और डीवाई पाटिल स्टेडियम में आयोजित की जा सकती है। वानखेड़े स्टेडियम में महिला



आईपीएल के मैच नहीं होंगे, क्योंकि भारत की पुरुष टीम मार्च के महीने में ऑस्ट्रेलिया के साथ इसी मैदान पर एक वनडे मैच खेलेगी। इसके बाद अप्रैल में आईपीएल के मैच भी इस मैदान में होंगे। आईपीएल से पहले मुंबई इंडियंस की टीम भी यहीं अभ्यास करेगी। डब्ल्यूपीएल का दूसरा मैच पांच मार्च को सीसीआई में बेंगलुरु और दिल्ली की टीम के बीच हो सकता है।

**केवल एक एलिमिनेटर मैच**

मीडिया रिपोर्ट की मानें तो पांच में से तीन टीमें प्लेऑफ में पहुंचेंगी। अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में जगह बनाएगी। वहीं, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर मैच खेलेंगी। यहां जीतने वाली टीम फाइनल में अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी। अंक तालिका में चौथे और पांचवें स्थान पर रहने वाली टीमों का सफर लीग स्टेज में ही खत्म हो जाएगा। इस लीग में कुल 22 मैच होंगे। 23 दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट में पांच दिन ऐसे होंगे, जब कोई मैच नहीं होगा। 17 मार्च, 19 मार्च, 22 मार्च, 23 मार्च और 25 मार्च को कोई मैच नहीं होगा। 21 मार्च को लीग स्टेज खत्म होगा। इसके बाद 24 मार्च को एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा और 26 मार्च को खिताबी मुकाबला होगा। बीसीसीआई ने सभी पांचों फ्रेंचाइजी के मालिकों को करार पर हस्ताक्षर करने के लिए बुलाया है। इस करार के बाद सभी टीम मालिक आईपीएल में अपनी टीम का संचालन करने के लिए बाध्य होंगे।

### झारखंड को हरा कर बंगाल सेमीफाइनल में

**कोलकाता।** मेहमान झारखंड को बौना साबित करते हुये बंगाल ने रणजी ट्राफी के पांच दिवसीय क्वार्टर फाइनल में चौथे दिन शुक्रवार को नौ विकेट से शानदार जीत अर्जित की। ईडन गार्डन मैदान पर टास हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुये झारखंड की पहली पारी में मात्र 173 रनों पर सिमट गयी। कुमार सूरज (89) ने अपने दम पर झारखंड को बचाने का भरपूर प्रयास किया मगर उनके छह बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई तक ले जाने में भी असफल रहे।

### मैं बार्सिलोना लौटूंगा यह मेरा घर है : मेसी

**पेरिस।** अर्जेंटीना को अपनी कप्तानी में विश्व चैंपियन बनाने वाले फुटबॉल खिलाड़ी लियोनल मेसी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। मेसी ने कहा है कि संन्यास के बाद वह बार्सिलोना में ही रहना चाहेंगे। बार्सिलोना के साथ अपने क्लब फुटबॉल करियर की शुरूआत करने वाले मेसी फिलहाल पेरिस सेंट जर्मन के लिए खेल रहे हैं। मौजूदा समय में दुनिया के सबसे बेहतरीन फुटबॉल खिलाड़ियों में से एक मेसी ने साफ किया है कि वह अपने फुटबॉल करियर का अंत होने के बाद बार्सिलोना में ही रहेंगे। डारियो ओले के साथ इंटरव्यू में मेसी ने कहा, 'जब मैं अपना करियर खत्म कर लूंगा, तो मैं बार्सिलोना में रहने के लिए वापस आ जाऊंगा, यह मेरा घर है।'

## स्पोर्ट्स

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले की तैयारी में जुटी टीम इंडिया, खिलाड़ियों ने बहाया पसीना



**नागपुर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज नौ फरवरी से शुरू हो रही है। भारतीय टीम के लिए यह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी काफी महत्वपूर्ण है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए भारत को इस सीरीज में जीत हासिल करनी होगी। अगर वह दो या तीन मैच जीत लेता है तो आसानी से फाइनल में पहुंच जाएगा। सीरीज की तैयारी के लिए टीम इंडिया मैदान पर उतर चुकी है। भारतीय टीम ने नागपुर में अभ्यास शुरू कर दिया है। दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के साथ अनुभवी चेतेश्वर पुजारा, ओपनर केएल राहुल और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने पसीना बहाया है। कोहली के लिए यह सीरीज काफी महत्वपूर्ण है। वह बांग्लादेश के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। विराट इस समय शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने टी20 के बाद वनडे में जबरदस्त पारियां खेली हैं। अब फैंस को टेस्ट में उनसे बड़ी पारी की उम्मीद है। विराट नवंबर 2019 से टेस्ट में शतक नहीं लगा पाए हैं। वह सीरीज में इस सूखे को समाप्त करना चाहेंगे।




कैरो के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।

बैकुंठ शुक्ल

लाइनमैन, कैरो ग्रिड।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 80 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 |
| English Grammar - II | ₹ 100 | English Grammar - II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 60 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!